भाद्रपद शुक्ल पक्ष नवमी 11:33 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 12 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 23, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हैरिस ने कई मुद्दों पर दी ट्रंप को चुनौती 16

देवरा में जान्हवी ने सर्वश्रेष्ठ काम किया : करण 15

# आयुष्मान: 70 साल से ऊपर सभी नागरिकों को मिलेगा बीमा कवर

**केंद्र सरकार का बड़ा फैसला**

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने 70 साल या इससे ज्यादा की उम्र के हर वर्ग के लोगों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 70 और इससे अधिक आयु के बुजुर्ग लोगों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया जाएगा। इस आशय की घोषणा कुछ समय पहले प्रधानमंत्री ने की थी। जिन परिवारों में बुजुर्ग सदस्य होंगे, उनके लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत बीमा की राशि 10 लाख रुपये होगी। अतिरिक्त राशि केवल बुजुर्ग लोगों के लिए नियत होगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज की सुविधा होती है।

**छह करोड़ से ज्यादा बुजुर्ग होंगे लाभान्वित :** सरकार के इस फैसले से 4.50 करोड़ परिवारों के छह करोड़ बुजुर्ग लोगों को लाभ मिलेगा। फिलहाल आयुष्मान भारत योजना में 12.30 करोड़ परिवार शामिल हैं। वैष्णव ने बताया कि इस स्वीकृति के साथ 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, आयुष्मान भारत का लाभ उठाने के पात्र होंगे। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत हैं, आयुष्मान भारत के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।

# देश को तोड़ने वालों के साथ खड़े होना राहुल गांधी की आदत

## गृहमंत्री अमित शाह ने आरक्षण संबंधी टिप्पणी के लिए नेता प्रतिपक्ष पर साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने विदेशी धरती पर दिए बयानों को लेकर बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहरा किया और कहा कि देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल और कांग्रेस पार्टी की आदत बन गई है।



अमित शाह ने कहा कि देश विरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत-सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के देश विरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल ने हमेशा देश की सुरक्षा और भावना को आहत किया है। उन्होंने कहा कि भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना राहुल गांधी की विभाजनकारी सोच को दर्शाता है। गृहमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कहकर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। मन में पड़े विचार और सोच किसी न किसी माध्यम से बाहर आ ही जाते हैं। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता है।

### संविधान कायम रखने की बात राष्ट्र विरोधी कैसे: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने राहुल गांधी को लेकर अमित शाह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि संविधान को कायम रखने की बात करना राष्ट्र विरोधी कैसे है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह सवाल भी किया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश जाकर भारत और भारतीय नागरिकों के खिलाफ भयावह टिप्पणियां करते हैं, तो क्या वह राष्ट्र-विरोधी नहीं हैं? भारत संबंधी विवादास्पद रुख के लिए चर्चित डेमोक्रेट इल्हान उमर से गांधी की मुलाकात को लेकर उनकी आलोचना किए जाने पर कांग्रेस ने कहा कि भाजपा (केंद्र) सरकार में है, इसलिए वह अमेरिकी राजदूत को तलब करे और अगर उसे ऐसा कुछ लगता है तो कार्रवाई करे। खेड़ा ने सवाल किया, 'हम भारत के संविधान को कायम रखने की बात कर रहे हैं तो यह राष्ट्र-विरोधी कैसे है? ऐसा क्यों है कि जब भी हम संविधान को कायम रखने की बात करते हैं तो भाजपा को दिक्कत होती है? वे संविधान के इतने खिलाफ क्यों हैं?'

## एक नजर

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप से कांपी धरती पाकिस्तान रहा केंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई। भूकंप के झटके अपराह्न 12.58 मिनट पर महसूस किए गए। इसका केंद्र पाकिस्तान में इस्लामाबाद से 359 किलोमीटर दूर दक्षिण पश्चिम में जमीन की सतह से 33 किलोमीटर की गहराई में था। एक महीने से भी कम समय में दूसरी बार दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे पहले 29 अगस्त को 5.7 तीव्रता के भूकंप ने अफगानिस्तान को हिलाकर रख दिया था और भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर और राजस्थान तक झटके महसूस किए गए थे।

### चंडीगढ़ में एनआरआई की कोठी पर हैंड ग्रेनेड फेंका

**चंडीगढ़।** सेक्टर-10 में बुधवार शाम बदमाशों ने एक कोठी पर बम से हमला कर दिया। शहर के सबसे पॉश एरिया में इस घटना के बाद पुलिस सहित अन्य एजेंसियों के हाथ-पांव फूल गए। जानकारी के अनुसार एक ऑटो में तीन युवक आए थे, जो कोठी में हैंड ग्रेनेड फेंक कर फरार हो गए। आरोपी जिस ऑटो से आए थे, उसी में सवार होकर भागे हैं। हैंड ग्रेनेड के फेंकते ही घर में बम ब्लास्ट हुआ। धमाके से घर की खिड़कियों के शीशे टूट गए। जिस कोठी पर बम फेंका गया है, वह एनआरआई दंपती रमेश मल्होत्रा की है।

# हमारा सपना दुनिया की हर डिवाइस में हो भारत में बनी चिप: प्रधानमंत्री

## मोदी ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 की शुरुआत की

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेमीकंडक्टर के घरेलू विनिर्माण में निवेश को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। सेमीकंडक्टर स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन और कृत्रिम मेधा (एआई) तक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हर उत्पाद का आधार है। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि दुनिया के हर उपकरण में भारत में बनी चिप लगी हो। हम भारत को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महाशक्ति बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'सेमीकॉन-2024' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी की वजह से आपूर्ति श्रृंखला की अहमियत का अहसास सबको हुआ है। उन्होंने भविष्य में इस तरह के किसी भी व्यवधान पर काबू पाने के लिए कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया। कोविड-19 महामारी के समय दुनिया को आपूर्ति संबंधी बड़े झटके झेलने पड़े थे। चीन में उठाए गए सख्त कदमों ने उस देश से आयात पर निर्भर उद्योगों और क्षेत्रों को खासा प्रभावित किया था। इससे भारत में भी सेमीकंडक्टर चिप की किल्लत पैदा हो गई थी, जो सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का अहम हिस्सा है।



सेमीकॉन इंडिया की एक प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी।

### यूपी में आज निवेश के ढेर लगे हैं: मुख्यमंत्री

सेमीकॉन इंडिया 2024 की शुरुआत के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्र सरकार के आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को साझा प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान योगी ने कहा कि 2017 के पहले जहां उप्र. में कोई निवेश नहीं करना चाहता था, वहीं आज यहां के बदले हुए वातावरण निवेश के ढेर लगे हैं। आज यूपी में कानून का राज है। निवेश के अनुकूल नीतियां हैं। व्यापार के अनुरूप वातावरण है। इसके चलते आज हर कोई राज्य में निवेश के लिए आना चाहता है। योगी ने कहा कि उप्र. को निवेश के अनुकूल राज्य बनाने के लिए बीते सात साल में सभी ने काफी मेहनत की है। आज हम निवेशकों की प्रत्येक समस्याओं का निश्चित समय में समाधान करते हैं। पहले भी सिंगल विंडो सिस्टम की बात की जाती थी, लेकिन हमने इसे गंभीरता से लागू किया।

प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर उद्योग के हितधारकों से कहा कि यह भारत में मौजूद होने का सही समय है। आप सही समय पर सही जगह मौजूद हैं। आज का भारत दुनिया को यह भरोसा देता है कि जब हालात ठीक न हों तो आप भारत पर दांव लगा सकते हैं।

**आयात पर निर्भरता कम करने को 76000 करोड़ की योजना:** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने चिप निर्माताओं और उनके आपूर्तिकर्ताओं को लुभाने और मौजूदा जरूरतें पूरा करने और ताइवान जैसे देशों पर आयात निर्भरता कम करने के लिए 76,000 करोड़ रुपये का कार्यक्रम बनाया है। इस कार्यक्रम के तहत लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश घोषित हुआ है और प्रतिदिन लगभग सात करोड़ चिप के उत्पादन की योजना है।

प्रधानमंत्री ने भारत को सेमीकंडक्टर चिप का बहुत बड़ा उपभोक्ता बताते हुए कहा कि कहा कि यह छोटी-सी चिप भारत में अंतिम छोर तक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बड़े काम कर रही है।

# अवैध धर्मांतरण कराने वाले 12 को उम्रकैद, 4 को 10-10 साल की कैद

## एनआईए/एटीएस की विशेष अदालत ने सुनाई सजा

विधि संवाददाता, लखनऊ

- उमर ने करीब एक हजार लोगों का कराया था धर्मांतरण



मौलाना उमर गौतम

**अमृत विचार:** अवैध धर्मांतरण मामले में एनआईए/एटीएस की विशेष अदालत ने दोषी करार दिए गए 16 में से 12 अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं, चार दोषियों को दस-दस साल कारावास की सजा दी है। इनमें से कई पर जुर्माना भी लगाया है। बीते मंगलवार को न्यायालय ने इन सभी अभियुक्तों को दोषी करार दिया था।

विशेष जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने मो. उमर गौतम, इरफान शेख उर्फ इरफान खान, सलाहुद्दीन जैनुद्दीन शेख, प्रकाश रामेश्वर कावड़े उर्फ आदम, भुप्रिय बन्दो उर्फ अर्सलान मुस्तफा, कौशर आलम, डॉ. फराज बाबुल्लाह शाह, मौलाना कलीम सिद्दीकी, धीरज गोविंद राव जगताप, सरफराज अली जाफरी, मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी व अब्दुल्ला उमर को आईपीसी की धारा 121ए में उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं, उम्रकैद की सजा पाए अभियुक्तों के साथ-साथ मो. सलीम, राहुल भोला, मन्नू यादव व कुणाल अशोक चौधरी को धारा 5, यूपी विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत दस-दस वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने अवैध धर्म परिवर्तन के पीड़ित आदित्य गुप्ता व मोहित चौधरी को दो-दो लाख रुपये का प्रतिकर दिए जाने के भी आदेश दिए हैं। अभियुक्तों को दूसरे अन्य आरोपों में भी एक वर्ष से लेकर पांच वर्ष तक के कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। उल्लेखनीय है कि एटीएस ने इन अभियुक्तों को देश के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार किया था। 20 जून, 2021 को इस मामले की एफआईआर थाना एटीएस में उप निरीक्षक विनोद कुमार ने दर्ज कराई थी। इन सभी आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 417, 120बी, 121ए, 123, 153ए, 153बी, 295ए व धारा 298 के साथ ही उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 3/5/8 में आरोप तय हुआ था।

### विदेशों से हो रही थी फंडिंग

अभियुक्तों द्वारा एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, विद्वेष तथा नफरत फैलाकर देशव्यापी अवैध धर्मांतरण गिरोह का संचालन किया जा रहा था। इनके तार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी जुड़े हैं। इसके लिए इन्हें विदेशों से हवाला के जरिए रकम भेजी जा रही थी। इनके द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं व दिव्यांगजनों को बहला-फुसलाकर व अनुचित दबाव डालकर नियोजित तरीके से जनसंख्या संतुलन बदलने के लिए बड़े पैमाने पर धर्मांतरण किया जा रहा था। ये धर्म विशेष के लोगों को मृत्यु के बाद की दुनिया में जहन्नुम की आग जैसी अवधारणाओं का हवाला देकर भयभीत भी करते थे। अभियोजन का आरोप था कि इनका उद्देश्य देश में शरीयत आधारित सरकार की व्यवस्था कायम करना था।

# दो किशोरियों पर भेड़िया का हमला

**भेड़िए का आतंक** — बढ़ता जा रहा वन्यजीव और मानव संघर्ष

संवाददाता, भगवानपुर (बहराइच)

**अमृत विचार:** महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िया का आतंक जारी है। मंगलवार रात अलग-अलग गांवों में भेड़िए ने दो किशोरियों पर हमला कर दिया। दोनों जिला अस्पताल में भर्ती हैं। हरदी थाना क्षेत्र के मजरा गडरियनपुरवा गांव निवासी सुमन (12) परिवार के लोगों के साथ सो रही थी। तभी भेड़िया ने हमला कर दिया।

दूसरी घटना में खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम भिवानीपुर निवासी शिवानी (12) पुत्री किशोरी लाल पर बुधवार तड़के 4.45 बजे भेड़िए ने हमला कर दिया। परिवार के लोगों के दौड़ने पर भेड़िया छोड़कर चला गया। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि टीम मुस्तैदी के साथ सुरक्षा में लगी है। अब तक पांच भेड़िए पकड़े भी गए हैं।

### खीरी में बाघ ने गन्ना बांधने गए श्रमिक को बनाया निवाला

**गोला गोकर्णनाथ।** महेशपुर रेंज के ग्राम मूड़ा अस्सी में मजदूरी पर गन्ना बांधने गए श्रमिक पर बाघ ने हमला कर निवाला बना लिया। 15 दिन में दो घटनाएं होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने छह घंटे तक गोला सिकंद्राबाद रोड पर शव रखकर जाम लगाया। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव मूड़ा अस्सी निवासी जाकिर हुसैन (45) गांव के ही रामनिवास के खेत में गन्ने की बंधाई करने गया था। खेत में बैठे बाघ ने जाकिर पर हमला कर मार डाला।

### बदायूं में आदमखोर भेड़िया समझ सियार को अधमरा किया

**बदायूं।** बुधवार को तड़के एक सियार शहर में गद्दी चौक मोहल्ला में घुस आया और यहां गायों पर हमला कर दिया। लोगों ने उसे आदमखोर भेड़िया समझ लिया और घेरकर उसे पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। इसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। बेदम हो चुके सियार का वन कर्मियों ने इलाज कराने के बाद पिंजरे में बंद कर जंगल में छोड़ दिया।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आबकारी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में न्यायिक हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ा दी है। वहीं आप नेता दुर्गेश पाठक को जमानत दे दी है। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रही है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बवेजा ने ने 3 सितंबर को केजरीवाल, पाठक और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए कहा था कि उनके खिलाफ जांच आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। उन्होंने न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल के लिए पेशी वारंट जारी किया था और पाठक को 11 सितंबर को (आज) तलब किया था। सीबीआई ने कुछ सप्ताह पहले केजरीवाल, पाठक, विनोद चौहान, आशीष माथुर और शरत रेड्डी के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दायर किया था।



# कठुआ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़, दो आतंकवादी ढेर

जम्मू, एजेंसी

सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में दो आतंकवादी मार गिराए। मुठभेड़ की शुरुआत के बाद से सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी थी। खबर लिखे जाने तक ऑपरेशन जारी रहा। उधमपुर और कठुआ जिलों के इन संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने गहन तलाशी अभियान शुरू किया है।

इलाके में भारी बारिश के बावजूद सुरक्षाबल आतंकवादियों को ढूंढ़ने में सफल रहे हैं। इलाके में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है और लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई है। सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकियों के पास से एक एम-4 राइफल, एके राइफल और पिस्टल समेत विभिन्न हथियार बरामद किए हैं।

### पाकिस्तान की गोलीबारी में बीएसएफ का जवान घायल

**जम्मू।** पाकिस्तानी सैनिकों ने मंगलवार देर रात संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए जम्मू सीमा पर स्थित भारतीय चौकियों पर बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया।

## अपहरण और वसूली के आरोप में जीएसटी के चार अफसर गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु शहर अपराध शाखा पुलिस ने अपहरण और जबरन वसूली के मामले में चार जीएसटी अधिकारियों को गिरफ्तार किया। ये गिरफ्तारियां बेंगलुरु पूर्व डिवीजन के बयप्पनहल्ली पुलिस थाना में एक व्यापारी की शिकायत के आधार पर की गई हैं।

पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने बताया कि व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि करीब एक सप्ताह पहले चार से पांच लोग उसके घर आए और उसे जबरदस्ती वाहन में बिठाया और दो वाहनों में शहर भर में घुमाया तथा अपने कार्यालय भी ले गए और वहां उन्होंने उससे भारी रकम की मांग की। पुलिस आयुक्त ने कहा करीब 1.5 करोड़ रुपये देने के बाद उन्होंने उसे जाने दिया। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इसे अपराध शाखा को सौंप दिया गया। अपराध शाखा के वरिष्ठ जीएसटी अधिकारियों से पुष्टि की है कि इस तरह की कोई छापेमारी अधिकृत नहीं थी। उन्होंने कहा, ''इसलिए यह पाया गया कि इन लोगों ने अवैध धन हासिल करने के लिए जानबूझकर यह कार्य किया है।

# रील बनाने के चक्कर में ट्रेन से कटकर दंपती-बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मेला देखने आए थे, उमरिया नहर पुल पर रील बनाने लगे

**अमृत विचार:** रेलवे लाइन पर रील बना रहे दंपती और बच्चे की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। दंपती सीतापुर के रहने वाले थे। वे ढाई साल के बेटे के साथ 40वें का मेला देखने आए थे।

सीतापुर के कस्बा लहरपुर के मोहल्ला शेख टोला निवासी मोहम्मद अहमद (30) पत्नी नाजमीन और ढाई साल के पुत्र अकरम के साथ बुधवार सुबह क्वेंटी कलां गांव में चल रहे 40 वें का मेला देखने आए। इस दौरान दंपती उमरिया रेलवे नहर पुल पर चले गए और मोबाइल से रील बनाने और सेल्फी लेने लगे। नाजमीन की गोद में बच्चा था। इसी बीच सीतापुर से लखीमपुर खीरी जा रही ट्रेन धड़धड़ाती आ गई। दंपती पुल पर बच नहीं सके और ट्रेन से कटकर मौत हो गई। शवों के चीथड़े करीब तीन सौ मीटर दूर तक बिखर गए। पुलिस और आरपीएफ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।



घटनास्थल का निरीक्षण करती पुलिस।

## ईडी ने भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को धनशोधन रोधी कानून के तहत भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की 29.75 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने कहा कि संबंधित परिसंपत्तियों को कुर्क करने के लिए पीएमएलए के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। ये परिसंपत्तियां बैंक जमा, भूमि और भवन के रूप में हैं। पंजाब नेशनल बैंक के साथ दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी के मामले में पांच साल से अधिक समय से जांच कर रही एजेंसी ने पूर्व में नीरव मोदी की भारत और विदेश स्थित 2,596 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। नीरव मोदी वर्तमान में ब्रिटेन की जेल में बंद है।

# यौन अपराध से जुड़े मामलों में मिल रहा त्वरित न्याय

## इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की रिपोर्ट में दावा- फास्ट ट्रैक कोर्ट में 2023 में 94% मामलों का निपटारा

नई दिल्ली, एजेंसी

यौन शोषण से जुड़े अपराधों में तेजी से न्याय दिलाने के लिए शुरू किए गए फास्ट ट्रैक कोर्ट पीड़ितों की बड़ी मदद कर रहे हैं। यहां पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फास्ट ट्रैक कोर्ट में 2022 में जहां 83 प्रतिशत और 2023 में 94 फीसदी मामलों का निपटारा किया गया, वहीं अन्य भारतीय अदालतें यौन शोषण से जुड़े अपराध के महज 10 फीसदी मामलों का निपटारा कर सकीं।

इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन एनजीओ की रिपोर्ट फास्ट ट्रैकिंग जस्टिसः केस बैकलॉग को कम करने में फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों की भूमिका में फास्ट ट्रैक कोर्ट की कार्रवाई का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट में फास्ट ट्रैक कोर्ट के सकारात्मक प्रभाव को दिखाया गया है। साथ ही न्यायिक प्रणाली की चुनौती भी दिखाई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त 2024 तक देश में 1023 निर्धारित अदालतों में से 410 विशिष्ट पॉक्सो अदालतों सहित कुल 755 फास्ट ट्रैक कोर्ट कार्यरत हैं। 2019 में फास्ट ट्रैक कोर्ट शुरू होने के बाद से दुष्कर्म और पॉक्सो के 4,16,638 मामले दर्ज किए गए। इनमें से कुल 2,14,463 यानी 52 प्रतिशत मामलों का निपटारा किया गया।



रिपोर्ट में सुझाव दिया गया कि बैकलॉग खत्म करने के लिए अदालतों को हर तीन मिनट में एक मामले को हल करना होगा। ऐसा नहीं हुआ और ज्यादा फास्ट ट्रैक कोर्ट नहीं शुरू किए गए तो बैकलॉग से उबरना संभव नहीं होगा। रिपोर्ट में सरकार से शेष फास्ट ट्रैक कोर्ट को क्रियाशील बनाने और बैकलॉग को दूर करने के लिए 1,000 अतिरिक्त अदालतों की स्थापना की मांग की गई। कहा गया कि निर्भया फंड में प्रयोग नहीं हो सके 1700 करोड़ रुपये दो वर्ष तक नई अदालतों को चला सकते हैं। बाल अधिकार कार्यकर्ता भुवन रिभु ने कहा कि बैकलॉग को निपटाना बहुत जरूरी है।

### इस मामले में पश्चिम बंगाल सबसे पीछे

महाराष्ट्र में 80 प्रतिशत और पंजाब 71 प्रतिशत समेत सबसे ज्यादा मामले निपटाए गए, जबकि पश्चिम बंगाल में सबसे कम 2 प्रतिशत मामलों का निपटारा हो सका। रिपोर्ट में बताया गया कि पश्चिम बंगाल में लक्ष्य के 123 फास्ट ट्रैक कोर्ट में से केवल तीन कोर्ट ही काम कर रही हैं। इसलिए यहां मामलों को निपटाने की दर कम रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में दुष्कर्म और पॉक्सो के 81,471 नए मामले दर्ज किए गए। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने इनमें से 76,319 मामलों का निपटारा किया, जबकि फास्ट ट्रैक कोर्ट से विपरीत देश की अन्य अदालतों में दुष्कर्म और पॉक्सो के महज 10 प्रतिशत मामले ही निपटाए जा सके।

# क्राइम सीन दोहराया, 50 मीटर दूर गिरा था सिलेंडर

**○ लखनऊ से आई एफएसएल ने घटना से जुड़ा नक्शा तैयार किया ○ कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की चल रही जांच**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


घटनास्थल पर क्राइम सीन रिक्रिएट करती फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भिवानी से प्रयागराज जा रही कालिंदी एक्सप्रेस हादसे के मामले में बुधवार को सुरक्षा जांच एजेंसियों ने क्राइस सीन रिक्रिएट किया। लखनऊ से आई एफएसएल ने घटना से जुड़ा नक्शा तैयार किया है, जिसमें साफ हुआ कि टक्कर के बाद गैस सिलेंडर करीब 50 मीटर दूर जाकर गिरा था।

बुधवार को एटीएस, एसटीएफ, एनआईए समेत अन्य खुफिया एजेंसियों ने क्राइम सीन दोहराया। जांच एजेंसियों ने ट्रैक पर एक सिलेंडर रखा, क्राइम सीन से सिलेंडर की दूरी नापी गई। टक्कर के बाद सिलेंडर कहां गिरा? कितनी दूरी पर गिरा? इन सब सवालों के जवाब तलाशने का प्रयास किया गया। घटनास्थल की फोटोग्राफी भी की गई। जिस जगह बोतल और झोला मिला था वहां टीम ने बोतल और झोला भी रखा। लगभग ढाई घंटे जांच पड़ताल की गई।

इस दौरान जानकारी हुई कि सिलेंडर की चपेट में आने की शुरूआत किमी 37/17 से हुई। पहली टक्कर के बाद सिलेंडर 50 मीटर दूर 77 वें स्लीपर के पास दाहिनी ओर पड़ा मिला। रेलवे में एक स्लीपर से दूसरे स्लीपर के बीच की दूरी 65 सेंमी होती है। पहले स्लीपर से टक्कर के बाद सिलेंडर चौथे, 7वें, 12वें, 13वें, 14वें, 27वें, 39वें, 48वें और 50वें स्लीपर के बाईं ओर टकराया। सभी स्लीपरों में सिलेंडर के टकराने के निशान भी हैं। इसके बाद सिलेंडर दाहिनी ओर 59वें, 60वें और 70वें स्लीपर से टकराने के बाद ट्रैक से बाहर जाकर गिरा। जांच एजेंसियों का मानना है कि सिलेंडर ट्रेन के साथ घिसटता नहीं गया है। वहीं रेलपथ बिल्हौर के जूनियर इंजीनियर ने घटना के संबंध में जो मुकदमा शिवराजपुर में दर्ज कराया है, उसमें गलत तथ्य दिए गए हैं। जिसकी जानकारी रेलवे ने पुलिस को दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि किमी 37/08 पर सिलेंडर ट्रेन से टकराया, लेकिन जांच में सामने आया कि ट्रेन और सिलेंडर की टक्कर किमी 37/17 और किमी 37/18 के बीच हुई थी।

### बोतल में डीजल और पेट्रोल का मिश्रण था

वारदात के खुलासे में लगी एजेंसियों का मानना है कि मौके से जो बोतल मिली थी, उसमें केवल पेट्रोल नहीं बल्कि डीजल भी मिला हुआ था। इसके पीछे की वजह ये बताई गई कि पेट्रोल तुरंत आग पकड़ता है, जबकि डीजल इसकी अपेक्षा देर तक ज्वलनशील रहता है।

### छह पुलिस टीमें, कई जांच एजेंसियां, हाथ खाली

- रविवार रात कालिंदी को उड़ाने की कोशिश की गई। 50 किलोमीटर का कॉशन और 30 किलोमीटर की स्पीड की वजह से ट्रेन में धमाका नहीं हो सका, बल्कि सिलेंडर टक्कर के बाद आगे जा गिरा। घटना के खुलासे के लिए कमिश्नरेट पुलिस की 6 टीमें, कानपुर और लखनऊ की एफएसएल की टीम, एलआईयू, आईबी, एनआईए, जीआरपी और आरपीएफ खुलासे में लगी हैं, जिनमें कम से कम 300 अधिकारी शामिल हैं। तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस अब तक घटना के किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी हैं।

# टोल के सीसीटीवी में दिखे दो संदिग्धों पर नजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया गया, आस-पास क्षेत्रों में चल रही छानबीन



**अमृत विचार।** कालिंदी एक्सप्रेस हादसे के बाद सुरक्षा एजेंसियां शिवराजपुर समेत आसपास के इलाकों में डेरा जमाए रहीं। क्राइम सीन दोहराने के बाद टीम शिवराजपुर स्थित दरिया निवादा टोल प्लॉजा पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरों की जांच की। जांच में कई संदिग्ध कैद हुए हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। दो संदिग्धों पर विशेष नजर है।

बुधवार को पुलिस व खुफिया एजेंसियों ने मुंडेरी, सेनानिवादा, उधवनिवादा, उत्तरीपूरा, शिवराजपुर कस्बा, शाह निवादा, दरिया निवादा समेत कई गांवों में दबिश दी और संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया। डीसीपी वेस्ट के मुताबिक कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया गया है। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से 50 मीटर दोनों तरफ, 200 मीटर तक की दूरी पर स्थित हाईवे, हाईवे पर ढाबों समेत तमाम स्थानों पर जांच कर फुट प्रिंट, शू प्रिंट्स, हथेली के निशान की भी तलाश की। एफएसएल अधिकारियों के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर पथरी होने की वजह से सतह खुरदुरी है, इसलिए यह प्रक्रिया मुश्किल साबित हो रही है।



कार्यशाला में बोलते प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू। अमृत विचार

# कर्मचारियों को समझाया कर्मयोग का महत्व

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उद्योग निदेशालय की प्रशिक्षण कार्यशाला में 400 कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग निदेशालय की ओर से बुधवार को एचबीटीयू स्थित राधा कृष्ण सभागार में हुई कार्यशाला में कर्मचारियों को कर्मयोग का संदेश दिया गया। कार्यशाला में 400 कर्मचारी शामिल हुए।

इसका आरंभ प्रमुख सचिव परिवहन वेंकटेश्वरलू ने किया। उन्होंने कहा कि जब तक कर्म प्रधान न हो, लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सकता। गीता का संदेश देकर उन्होंने कर्मचारियों को कर्म से जुड़ने को प्रेरित किया। अपर निदेशक, उपाम डॉ गरिमा यादव ने बताया कि उपाम पोर्टल से किस तरह मिशन कर्म योग की शिक्षा 'आई गॉट पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।

उद्योग आयुक्त आर पांडियन, अन्नवी दिनेश कुमार निदेशक प्राविधिक शिक्षा, एचबीटीयू कुलपति शमशेर सिंह, डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर राम रतन सोनी, आरटीओ राकेंद्र कुमार सिंह, आरटीओ विदिशा सिंह, एआरटीओ अंबुज मौजूद रहे।

# केडीए बोर्ड बैठक कल 14 से गरजेंगे बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बुधवार को बैठक का एजेंडा किया गया तय
- टाउन प्लानिंग के 10 बाकी जोन पर होगी चर्चा

**अमृत विचार।** केडीए बोर्ड की बैठक 13 सितंबर को निर्धारित की गई है। इससे पहले बुधवार को बैठक का एजेंडा तय किया गया। एजेंडे पर कमिश्नर ने सहमति जताई है। बैठक में 10 प्रस्ताव टाउन प्लानिंग के हैं जिसमें जोनिंग रेगुलेशंस भी शामिल है। बाकी प्रस्ताव अभियंत्रण और प्रवर्तन के हैं। तय किया गया है कि बोर्ड की बैठक के बाद शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ा अभियान चलेगा। शहर में किए जा रहे अनियमित विकास के खिलाफ केडीए के बुलडोजर गरजेंगे। इस बैठक में फर्जी तौर पर की गई रजिस्ट्रियों का भी मुद्दा उठ सकता है।

इससे पहले कानपुर विकास प्राधिकरण की 140वीं बोर्ड बैठक 14 जून को हुई थी। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के मूल बजट को सर्वम्मति से पास किया गया था। इसके साथ ही गंगा किनारे पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और क्रूज का प्रस्ताव भी पास हो गया।

अटल घाट के पीछे और चकेरी एयरपोर्ट के पास लेबर फ्रंट डेवलपमेंट से पर्यटन को बढ़ावा देने और जवाहरपुरम, शताब्दीनगर, महावीरनगर समेत 10 नई टाउनशिप का प्रस्ताव रखा जा सकता है। शहर में डूब क्षेत्रों में हो रहे अवैध निर्माण के साथ ही अवैध रूप से सोसायटी बसाने का खेल में जारी है। जिसके खिलाफ केडीए सख्ती बढ़ा सकता है। केडीए में लंबित मामलों को लेकर भी बैठक में चर्चा हो सकती है।


मदरसा शाह आला कुदरतिया जाजमऊ में बैठक करते उलमा। अमृत विचार

# विरोध की संख्या 88 लाख पहुंची

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मौलाना का वीडियो जारी किया

**अमृत विचार।** वक्फ संशोधन बिल के विरोध में देशभर से अबतक लगभग 88 लाख लोगों ने अपनी सहमति दी है कि बिल वापस होना चाहिए। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वीडियो जारी करके मुसलमानों को झकझोरा है कि इसके विरोध में आवाज उठाएं। जेपीसी द्वारा इस बारे में लोगों से राय मांगी गई है।

बुधवार को आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दी ने अपना वीडियो जारी करते हुए मुसलमानों से कहा है कि 13 सितंबर आखिरी तारीख है लिजाहा इसको जरूरी काम में शामिल करते हुए जुट जायें और बड़ी संख्या में इस बिल का विरोध दर्ज करायें ताकि इस बिल को रद कराया जा सके।

वहीं, बुधवार को उलमा ऐ अहले सुन्नत मशावर्ती बोर्ड की दारुल उलूम शाह आला कुदरत या जाजमऊ में मुफ्ती हसीब अख्तर शाहीदी की सरपरस्ती एवं मौलाना मुशताक अहमद मुशाहिदी काजी ए शहर कानपुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। मुशावरती बोर्ड के सचिव हाजी मोहम्मद सलीस ने आरोप लगाया कि संघ परिवार की नीयत वक्फ संपत्तियों पर खराब है। मीटिंग में मौलाना गुलाम कादिर शाहिदी, मौलाना अब्दुल हफीज, मुफ्ती मुमताज अहमद मिस्बाही, मौलाना मोहम्मद हुसैन अशरफी, मौलाना अशफाक अहमद आदि ने विचार रखे।

# कैंट साइड में निर्माण में बाधा बना मंदिर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुजारी की नए स्थान पर मंदिर निर्माण कराने की है मांग

**अमृत विचार।** स्टेशन के कैंट साइड में खपरा मोहाल ओवर ब्रिज जहां खत्म होता है, उससे लेकर जीआरपी थाना के पीछे तक सड़क खराब है। रेलवे अब इस सड़क का निर्माण कराने की पूरी तैयारी कर चुका है। मैटीरियल भी गिर चुका है। यहीं पर एक ईएसएस (इलेक्ट्रिक सब स्टेशन) बनाया जाना है लेकिन वहां एक मंदिर है जिसे हटाना रेलवे अफसरों के लिए मुसीबत बन गया है।

बुधवार को रेलवे अधिकारियों की एक टीम जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह से मिलने के लिये पहुंची लेकिन वे नहीं मिले तो टीम ने एडीएम सिटी से भेंट की और उन्हें बताया कि मंदिर के पुजारी से कई बार कहा जा चुका है कि मंदिर अवैध स्थान पर बना है। जहां पुजारी कहें तो वहां मंदिर की मूर्तियों को मंत्रोच्चारण के मध्य स्थानांतरित कर दिया जाये लेकिन पुजारी का कहना है कि उन्हें नया मंदिर बनाकर दें। ऐसे में रेल अधिकारियों का कहना है कि मंदिर के लिए कहां स्थान दिया जा सकता है। एडीएम सिटी ने रेलवे अफसरों को सलाह दी कि इस सिलसिले में आप लोग पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करें। एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि कई माह से निर्माण कार्य रुका हुआ है, बीच में बजरंगदल के लोगों ने प्रदर्शन शुरु कर दिया था जिससे निर्माण रोकना पड़ा। इस संबंध में उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी का कहना है कि उनके संज्ञान में मामला नहीं है क्योंकि ये मामला निर्माण विभाग से जुड़ा है।

# 170 बूथों पर पीडीए मिलन पूरा

**कानपुर।** सपा कार्यालय नवीन मार्केट में बुधवार को सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के पीडीए मिशन की युवा टीम की बैठक हुई। इसमें महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के 275 बूथों में से 170 बूथों पर पीडीए मिशन का परिवार मिलन अभियान पूरा हो गया है। परिवार मिलन का दूसरा चरण 17 सितंबर से शुरू किया जाएगा।

इस मौके पर बताया गया कि विधान सभा क्षेत्र में मलिन बस्तियों के लोग भीषण गंदगी से परेशान हैं। बैठक में केस्को से आउटसोर्सिंग के 250 कर्मचारियों को हटाने की निंदा की गई। प्रदेश सचिव केके शुक्ला, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.नीतेंद्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, अरमान खान, सलमान हाशिमी, इम्तियाज, रेहान खान, संजय निषाद, वरुण जयसवाल, आसिफ कादरी रहे।

# लिया संकल्प, माफिया से छुड़ाएंगे भूदान वाली 500 बीघा जमीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आचार्य विनोबा भावे जयंती मनाई गई
- जमीन छुड़ाने के लिए विधिक सलाह लेंगे

**अमृत विचार।** भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे जयंती के अवसर पर कानपुर में भूदान की सैकड़ों बीघा जमीन को माफिया से छुड़ाने का संकल्प लिया गया। यूपी खादी ग्रामोद्योग महासंघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि आरटीआई से उन्हें जानकारी दी गयी कि विनोबा जी के भूदान आंदोलन से मिली करीब 500 बीघा जमीन भू-माफिया के कब्जे में है। उनका दावा है कि अपुष्ट जानकारी के अनुसार यह करीब 800 बीघा होगी।

शास्त्री भवन में गांधी शांति प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित आचार्य बिनोबा भावे जयंती समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदम्बा भाई ने की तथा धन्यवाद सचिव बिन्दा भाई ने दिया। सुरेश गुप्ता ने कहा कि उचित विधिक सलाह से जमीन छुड़ाई जा सकती है। इस पर गांधी शांति प्रतिष्ठान के उपाध्यक्ष छोटे भाई नरोन्हा ने कहा कि संपत्ति विवाद के मामलों पर उनका अनुभव है। वह विधिक सहायता को तैयार हैं। इस पर सुरेश गुप्ता ने कहा कि वह गुरुवार को जिलाधिकारी से मिलकर भूदान आन्दोलन में मिली जमीन पर चर्चा करेंगे और आरटीआई से मिली सूचना की प्रतिलिपि उन्हें देंगे।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने विनोबा जी की विचारधारा को आगे बढ़ाने के कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इण्डियन नेशनल लीग के अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि गांधी जी के आध्यात्मिक शिष्य विनोबा भावे ही थे। उन्होंने नैतिक समाज की स्थापना के मंत्र दिए। किसानों को स्वावलम्बी बनाने को उन्होंने सफल भूदान यज्ञ चलाया। छोटा भाई नरोना, प्रो. प्रभात वाजपेयी, प्रो. जहान सिंह, देवकुमार, डॉ फारूक, अजित खोटे आदि ने विचार व्यक्त किये।

# श्री गुरु सिंह सभा ने की राहुल के बयान की निंदा

**कानपुर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा वाशिंगटन डीसी में दिए गए बयान की श्री गुरु सिंह सभा, कानपुर महानगर के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह ने निंदा की है। राहुल गांधी ने कहा था कि भारत में लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को पगड़ी पहनने दी जाएगी, क्या एक सिख को कड़ा पहनने या गुरुद्वारे जाने की अनुमति होगी।

सिमरनजीत सिंह ने कहा है कि राहुल गांधी का ये बयान न केवल सिख समुदाय की वास्तविक स्थिति से परे है बल्कि यह सिखों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला और भ्रामक है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि 1984 में कांग्रेस की जो सोच सिख समुदाय के प्रति थी, वही सोच आज भी कायम है।

# बस्तियों में गए भाजपाई, सीसामऊ में झोंकी ताकत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बूथ चलो सदस्यता करो अभियान की शुरुआत
- पहले दिन सभी जिलों में 2 लाख सदस्य बनाने का दावा


अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल पहुंचे बस्ती में। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा का बूथ चलो सदस्यता करो अभियान बुधवार से सीसामऊ विधानसभा के कौशलपुरी मंडल से शुरू हो गया। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बूथ संख्या 134 से सदस्यता करानी शुरू की। झमाझम बारिश के बीच प्रकाश पाल ने घर-घर दस्तक दी और लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। छाता लगाये पदाधिकारी विधानसभा की कई बस्तियों में पहुंचें। एक दिन पहले क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता ने सीसामऊ में कम सदस्यता पर नाराजगी जताई थी।

प्रकाश पाल ने कहा कि प्रथम चरण का सदस्यता अभियान 2 सितंबर से शुरू हुआ था। 11 सितंबर से 17 सितंबर तक बूथ पर वरिष्ठ नेताओं के प्रवास कार्यक्रम लगाकर हर बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। ए श्रेणी के बूथों पर जितने मत पार्टी को मिले कम से कम उतने सदस्य आवश्यक रूप से बनाने हैं। इसी को देखते हुये जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने सीसामऊ विधानसभा के रायपुरवा मंडल में बूथ संख्या 263 पर दिन भर का प्रवास लगाते हुए सदस्य बनाए।

क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बूथ संख्या 261 पर प्रवास कर भाजपा का सदस्य बनाने की प्रक्रिया शुरू की। राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के क्षेत्रीय संयोजक अनिल दीक्षित ने रायपुरवा के बूथ संख्या 275 में घर-घर पहुंच संपर्क कर सदस्य बनाया। मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना, करन यादव, गौरव पांडे ने अपनी मंडल की टीम के साथ आवंटित बूथों पर प्रवास कर सदस्यता कराई। सदस्यता अभियान में लगे क्षेत्रीय मंत्री पवन प्रताप सिंह ने बताया कि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17 जिलों में बूथ चलो सदस्यता करो अभियान शुरू किया जा चुका है। पहले दिन सभी जिलों को मिलाकर 2 लाख सदस्य बनाये गये।


प्रदर्शनी देखते विधायक सुरेंद्र मैथानी। अमृत विचार

# विश्वकर्मा योजना बना रही राष्ट्र निर्माता

**कानपुर।** भारत सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम मंत्रालय एमएसएमई विकास कार्यालय की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रदर्शनी एवं ट्रेड फेयर में दूसरे दिन 25 जिलों के लाभार्थियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र मैथानी थे। संयुक्त निदेशक एमएसएमई वीके वर्मा ने शिल्पकारों को भरोसा दिलाया कि किसी समस्या में हर वक्त उनके साथ तैयार हैं। सहायक निदेशक विस्तार केंद्र सुगंध एवं सूरज विकास केंद्र भक्ति विजय शुक्ला, सहायक निदेशक एवं उत्तर प्रदेश ज्वैलरी एसोसिएशन के पदाधिकारी आलोक श्रीवास्तव, रंजीत कुमार वर्मा मुकुल वर्मा, किशोर सक्सेना व पुष्पेंद्र जायसवाल मौजूद रहे।

**तैयारी** कोलकाता के कारीगर खींच रहे दुनियाभर के ऐतिहासिक स्थानों का नक्शा

# जश्ने चिरागां में दुल्हन की तरह सजेगा शहर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


जश्ने चिरागों के लिये घंटाघर में तैयार हो रहा 25 फिट ऊंचा गेट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर 15 सितंबर को जश्ने चिरागां मनाया जाएगा। इसी कड़ी में कानपुर को भी दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है।

चमनगंज, बेकनगंज, तलाक महल, फहीमाबाद, नाला रोड, शफियाबाद, मुन्ना पुरवा, तलाक महल, कुलीबाजार, बाबूपुरवा, बेगमपुरवा, मछरिया, रोशन नगर, रावतपुर, जाजमऊ, केडीए कालोनी, चिश्ती नगर, गद्दियाना समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों को रंगीन लाइटों से सजाया जा रहा है। इसके अलावा बाबूपुरवा, जाजमऊ, घंटाघर, सुतरखाना समेत कई स्थानों पर 20 से 25 फिट ऊंचा गेट कोलकाता के कारीगर तैयार कर रहे हैं।

इन गेटों पर खान-ए-काबा, मक्का मदीना के अतिरिक्त दुनिया की खूबसूरत मस्जिदों का नक्शा भी खींचा जा रहा है।

उधर बांसमंडी सीपी टिंबर चौराहे पर 15 सितंबर को ही जलसा होगा जिसमें देशभर के उलेमा खिताब फरमायेंगे। ऐसे ही तलाक महल समेत कई स्थानों पर जलसे होंगे और हलीम कालेज चौराहे को भी खूबसूरत सजाया जा रहा है।

### कुलीबाजार में नातिया मुशायरा आज

- मदरसा इशाअतुल उलूम की जानिब से गुरुवार की रात में कुलीबाजार में नातिया मुशायरा आयोजित किया गया है जिसमें देशभर के शायर अपने कलाम से श्रोताओं को मुग्ध करेंगे। जमीअत उलमा के कार्यवाहक महामंत्री एवं शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी की अध्यक्षता में आयोजित इस नातिया मुशायरे की जिम्मेदारी मौलाना अबू बकर हादी को सौंपी गई है।

# महिलाओं को हर क्षेत्र में मिलें समान अवसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में सेंटर फॉर एनर्जी रेगुलेशन (सीईआर) की ओर से कार्यशाला हुई जिसमें 'विद्युत क्षेत्र में विनियमन में महिलाओं की भूमिका' विषय पर विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए। आयोजन में इलेक्ट्रीसिटी रेगूलेट्री कमीशन, डिस्कॉम, जेनकोस, एनजीओ, एकेडमिक इंस्टीट्यूशंस और पावर सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया। कहा गया कि महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर मिलना चाहिए।

आईआईटी कानपुर के सेंटर ऑफ एनर्जी रेगुलेशन की डॉ. अपराजिता सालगोत्रा और प्रो. अनूप सिंह ने हाल ही में सोसाएटी में महिलाओं के योगदान और बिजली क्षेत्र के विनियामक शासन में उनकी भागीदारी पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यशाला में प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ एक पैनल डिस्कशन भी हुआ। इस पैनल में पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन की एमडी परमिंदर चोपड़ा, न्यूयॉर्क पब्लिक यूटिलिटी कमीशन की पूर्व चेयरपर्सन और ऑस्ट्रेलियन एनर्जी मार्केट आपरेटर की पूर्व सीईओ ऑड्रे, महाराष्ट्र इलेक्ट्रिसिटी रेगूलेशंस कमीशन के पूर्व अध्यक्ष वीपी राजा और पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगूलेशंस कमीशन की पूर्व सदस्य अंजुली चंद्रा शामिल रहीं।

## आज का मौसम



गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

33.4° अधिकतम तापमान | 23.7° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 53 | सूर्यास्त 06 :16

## शहर में आज



- **जन्मोत्सव :** पं.देवकी नंदन ठाकुर महाराज के जन्मोत्सव पर कबाड़ी मार्केट दंडीमठ आश्रम में पाठ व भंडारा दोपहर 12 बजे।
- **ज्ञापन :** लखनपुर जीएसटी कार्यालय में व्यापारिक उत्पीड़न के संबंध में कानपुर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा ज्ञापन दोपहर एक बजे।
- **बैठक :** राष्ट्रीय लोकदल के प्रांतीय अध्यक्ष की घंटाघर राजा सेठ होटल में नेताओं के साथ बैठक दोपहर एक बजे।
- **विमोचन :** लेट सलीममुद्दीन एजुकेटिव एंड कल्चरल सोसाइटी द्वारा यूपी स्टॉक एक्सचेंज में पुस्तक का विमोचन चार बजे।
- **पूजन :** श्री बाबा सिद्धेश्वर धाम रावतपुर गांव में आयोजित गणेश उत्सव में गजानन का अभिषेक शाम चार बजे।



# राहत की कवायद अधूरी, कैसे दूर होंगी दिक्कतें

## मेट्रो के लिए ट्रैफिक डॉयवर्जन से पहले कहीं भी नहीं सुधारे गए वैकल्पिक मार्ग, अतिक्रमण भी रोकता रहा वाहनों की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेट्रो के कारण आ रही समस्याएं दूर करने के लिए बनी कमेटी से यातायात विभाग लापता

**अमृत विचार।** शहर में मेट्रो के निर्माण कार्य के कारण सबसे बड़ी परेशानी जनता सड़कों पर झेल रही है। ऐसे में महापौर की कोशिश तब तक अधूरी है, जब तक जनता को राहत दिलाने के लिए बनाई जा रही समन्वय कमेटियों में यातायात पुलिस विभाग को शामिल नहीं किया जाता। पेयजल, सीवर लाइन और नाले टूटने तथा चोक होने की समस्या के साथ ही मेट्रो के कारण जनता डायवर्जन की परेशानी से जूझ रही है। यह पीड़ा तब जख्म बन जाती है, जब वाहन सवारों को वैकल्पिक मार्गों पर धक्के खाने पड़ते हैं, जहां गड्ढे नहीं भरे गए और न ही अतिक्रमण हटाया गया है।

शहर में मेट्रो ने काम के लिए कई मुख्य मार्गों को बंद करके वैकल्पिक मार्ग पर यातायात को डॉयवर्ट कर रखा है। देवकी चौराहे से नीरक्षीर चौराहे का मार्ग बंद है। डबलपुलिया से गल्लामंडी तक का मार्ग बंद है। इसके चलते काकादेव पेट्रोल पंप वाली सड़क से टिप्सा चौराहे तक लोड बढ़ गया है। इस मार्ग पर दोनों ओर अतिक्रमण है, सड़क पर गड्ढे हैं, जिससे लोग परेशान हैं। इसी तरह डबलपुलिया से विजय नगर कॉलोनी की तरफ से गल्ला मंडी जाने वाले वैकल्पिक मार्ग पर भी बड़े-बड़े गड्ढे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने यातायात डायवर्ट करने से पहले यहां कोई व्यवस्था नहीं की। विजय नगर से सीटीआई रोड भी कई जगह खराब है। इससे पहले प्रथम कॉरिडोर में चुन्नीगंज मार्ग, परेड, बड़ा चौराहा, नरौना चौराहा पर तीन वर्ष से यही समस्या जनता झेल रही है। ऐसे-ऐसे रूट डायर्जन किए गए, जहां सड़क के नाम पर गड्ढे ही गड्ढे और गंदगी है।



जूही में चैंबर के ऊपर बनाया गया एलिवेटेड सेक्शन में पिलर। अमृत विचार

## मेट्रो को भी नजर आई जनता की परेशानी

**उम्मीद**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 8 सदस्यीय टीम बनाई, रूट के हिसाब से करेंगे समस्याओं का समाधान

**अमृत विचार।** मेट्रो निर्माण के कारण कई क्षेत्रों में लोगों को पानी और सीवर लाइनों में लीकेज, नाले चोक होने और ट्रैफिक की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में नगर निगम, जलकल और अन्य विभागों के आपत्ति जताने और नगर निगम व जलकल अधिकारियों की कमेटी बनाए जाने के बाद अब मेट्रो ने भी अपनी टीम बनाई है, इसमें ठेकेदार कंपनियों के अधिकारियों को भी शामिल किया है।

यूपीएमआरसी की 8 सदस्यीय टीम नगर निगम के साथ समन्वय स्थापित कर मेट्रो निर्माण के कारण जनता के सामने आ रही दिक्कतों को दूर करेगी। महापौर प्रमिला पांडेय ने पिछले दिनों नगर निगम, जलकल और मेट्रो के बीच समन्वय बैठक की थी। इसमें उन्होंने मेट्रो अधिकारियों से हरबंश मोहाल में मकान दरकने, परेड पर बिना अनुमति 6 मीटर फुटपाथ बनाने, कई जगह सीवर व पेयजल लाइनों में लीकेज और नाले चोक होने की शिकायत की थी। बैठक में जलभराव का एक कारण ड्रेनेज सिस्टम में मेट्रो द्वारा पतली पाइप लाइनें डालना भी सामने आया था। इस पर यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार की मांग पर नगर निगम ने 18 सदस्यीय टीम गठित की थी। अब कानपुर मेट्रो परियोजना निदेशक ने अपनी टीम घोषित की है।

### दोनों कॉरिडोर में तैनात किए अधिकारी

- परियोजना प्रबंधक सुनील राठौर के साथ गुलेरमैक सैम इंडिया के यूटीलिटी मैनेजर संजीव कुमार और कल्पतरू गुजेरमैक के उप महाप्रबंधक को चुन्नीगंज से नयागंज और विजय नगर से गल्लामंडी तक भूमिगत सेक्शन में समस्या समाधान की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह नयागंज-सेंट्रल स्टेशन से टीपी नगर और बारादेवी से नौबस्ता तथा विजय नगर से बर्रा 8 तक एलिवेटेड सेक्शन में भी अधिकारियों को नामित किया गया है।

## एक नजर

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर हड़पी रकम

**कल्याणपुर।** पनकी डी ब्लॉक निवासी आयुष्मान वर्धन के मुताबिक गत दो मई को इंस्टाग्राम के जरिए वह एक कंपनी से जुड़ गए। जिसके बाद एडमिन ने उन्हें एक दूसरे व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ दिया। आरोप है कि यहां मोटा मुनाफे का लालच देकर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर शातिरों ने उनसे 50 हजार रुपये हड़प लिए। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज साइबर सेल ली जा रही है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**कानपुर।** कोहना पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि आरोपी हमजा गुरू निवासी एल्डोराडो अपार्टमेंट के खिलाफ चेक बाउसिंग के मामले में वारंट जारी किया गया था, जबकि आरोपी अशू निवासी मन्नीपुरवा के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत वारंट जारी किया था।

# गुजैनी हाईवे पर महिला की सिर विहीन अर्धनग्न लाश मिली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुजैनी थानाक्षेत्र में बुधवार सुबह नौबस्ता-भौंती फ्लाईओवर पर 30 वर्षीय अज्ञात महिला का अर्धनग्न शव मिला। महिला का सिर भारी वाहन की चपेट में आने से कुचल गया था। सिर कटी लाश मिलने की सूचना पर इलाके में हड़कंप में मच गया। पुलिस कमिश्नर, डीसीपी साउथ समेत गुजैनी व बर्रा थाने का फोर्स पहुंचा। शव के पास हड्डियों के कई टुकड़े और कुछ टूटे दांत और चप्पल पड़ी मिली है।

नौबस्ता-भौंती नेशनल हाईवे पर नाले के किनारे एक महिला का अर्धनग्न शव पड़ा मिला। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार समेत गुजैनी, बर्रा पुलिस मौके पर पहुंची। शव की शिनाख्त कराने के लिए पुलिस ने हाईवे से सटी आस-पास की इमारतों में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। कुछ दूरी पर स्थित निजी अस्पताल में लगे कैमरे में सुबह 4:45 और 4: 50 बजे महिला हाइवे की ओर खाली हाथ जाती दिखाई दे रही है। सिर व कपड़े न होने की वजह से महिला की पहचान नहीं हो सकी है। महिला के हाथ में कलावा बंधा हुआ है। फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना करने के बाद शव के पास पड़े मिले दांत और हड्डियों के टुकड़ों को डीएनए के लिए भेजा है। डीसीपी साउथ रविन्द्र कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।



पुलिस कमिश्नर मौके पर पहुंचे।

### अखिलेश यादव ने किया ट्वीट

- पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना पर एक्स पर लिखा है। उन्होंने लिखा है कि उप्र में महिला अपराध की एक और दिल दहला देनेवाली घटना में कानपुर के हाईवे पर एक महिला की सिर कटी, निर्वस्त्र लाश का मिलना है। मृतका के साथ हुई बेरहम हिंसा और असीम शारीरिक पीड़ा दिये जाने के जो सबूत मिले हैं, नैतिकता कहती है उनका उल्लेख न किया जाए। मृतका के साथ हर संभव प्रताड़ना व दुष्कर्म के बाद हत्या करने की जो आशंका प्रकट की जा रही है, उस दिशा में निष्पक्ष जांच हो और अपराधियों को चिन्हित कर, ऐसा दंड दिया जाए जो मृतका को न्याय दिलवा सके और पुलिस व सरकार को धता बताते हुए जो अपराध को अंजाम देते हैं, उनके मन में भय उत्पन्न करे, जिससे ऐसे महिला-अपराधों की पुनरावृत्ति न हो। आशा है भाजपा सरकार राजनीति से ऊपर उठकर इसकी जांच करवाएगी।

# फर्जी आधार से यात्रा में इरफान की जमानत खारिज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने खारिज की याचिका, मामले को गंभीर बताया

**अमृत विचार।** फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने के मामले में पूर्व सपा विधायक की द्वितीय जमानत याचिका एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने निरस्त कर दी। कोर्ट ने मामले को गंभीर प्रकृति का बताते हुए याचिका खारिज की। पूर्व विधायक के खिलाफ ग्वालटोली थाने में वर्ष 2022 में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी मामले में पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी समेत अन्य के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद इरफान सोलंकी, भाई रिजवान के साथ फरार हो गए थे। पूर्व विधायक पर आरोप है कि उन्होंने अशरफ अली के नाम व फर्जी पते से अपनी फोटो लगा हुआ फर्जी आधार कार्ड बनवाया और उससे ही देश के विभिन्न शहरों के लिए हवाई यात्रा की। जिसके बाद आगजनी मामले के विवेचक तत्कालीन जाजमऊ इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे की तहरीर पर ग्वालटोली थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले में नूरी शौकत, उसके भाई अशरफ अली उर्फ शेखू, इशरत, अम्मार ईलाही, अनवर मंसूरी, अख्तर मंसूरी को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने दिल्ली व मुंबई के एयरपोर्ट से पूर्व विधायक के फुटेज प्राप्त किए थे। इरफान सोलंकी की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई, जिसे 17 फरवरी 2023 को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने भी जमानत याचिका खारिज करते हुए आरोपी को चार्जशीट दाखिल होने के बाद ट्रायल कोर्ट में द्वितीय जमानत अर्जी दाखिल करने के निर्देश दिए थे। जिस पर इरफान सोलंकी की ओर से एमपी-एमएलए सेशन सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। बुधवार को मामले की सुनवाई की गई। कोर्ट ने पूर्व विधायक की जमानत याचिका खारिज कर दी। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि कोर्ट ने आदेश दिए कि आगजनी मामले में इरफान सोलंकी को 7 साल की सजा दी जा चुकी है। साथ ही फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने का मामला गंभीर प्रकृति का है, जिस पर कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### गैंगस्टर मामले में केस डायरी उपलब्ध कराने के आदेश



- इरफान व रिजवान सोलंकी पर दर्ज गैंगस्टर के मुकदमा एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में विचाराधीन है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। बताया गया था कि अभियोजन की ओर से अपूर्ण 454 पन्नों की केस डायरी दी गई है। बुधवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अभियोजन को संपूर्ण केस डायरी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### सिम लेने के लिए रिजवान के बायोमैट्रिक लेने के आदेश

- अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि रिजवान सोलंकी का जो सिम था वह सिम उनके बच्चों के स्कूलों में भी दर्ज था। कुछ समय पूर्व सिम खराब हो गया था, जिस कारण बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। जिस पर रिजवान की ओर से नया सिम लेने के लिए बायोमैट्रिक लेने के प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था। कोर्ट ने आदेश दिए कि रिजवान को नया सिम जारी करने के लिए मोबाइल कंपनी का प्रतिनिधि किसी भी कार्य दिवस में मुलाकात के समय जेल जाकर बायोमैट्रिक ले सकता है।

# शिकायतें न करें, लाइटें खराब हैं तो बदल लें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**घटिया स्ट्रीट लाइट**

- नई स्ट्रीट लाइटें दो माह में ही बंद होने पर पार्षदों के आरोपों पर हरकत में आया मार्ग प्रकाश विभाग
- नगर आयुक्त बोले, घटिया लाइट खरीद के आरोप सही हुए तो करेंगे दोषियों पर कार्रवाई

**अमृत विचार।** शहर के वार्डों में भेजी गईं घटिया स्ट्रीट लाइटें दो माह के भीतर ही फ्यूज हो जाने से गली-मोहल्लों में छाए अंधेरे का समाचार अमृत विचार में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद हरकत में आए नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग ने बुधवार को ऐलान किया कि पार्षद अपने क्षेत्रों में खराब हुई लाइटें बदल सकते हैं। पार्षदों ने उन्हें दी गईं आधी से ज्यादा लाइटें खराब होने की शिकायत करते हुए स्ट्रीट लाइट की खरीद में घोटाला होने का आरोप लगाया था।

पार्षदों की शिकायत के बाद नगर निगम के मार्ग प्रकाश विभाग ने खराब स्ट्रीट लाइटें बदलकर उनके स्थान पर नई लाइट देने की बात कही है।

मार्ग प्रकाश के प्रभारी आरके पाल ने बताया जो पार्षद खराब लाइट लेकर आएंगे, बदल दी जाएंगी। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। उधर, नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने पार्षदों के आरोपों को संज्ञान में लेकर मामले की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही है। हालांकि उन्होंने अभी इस प्रकरण में कोई शिकायत नहीं मिलने की भी बात कही।

नगर निगम ने बीते दिनों हर पार्षद को 14-14 लाइटें खरीदकर दी थीं। पार्षदों का आरोप है कि घटिया क्वालिटी की स्ट्रीट लाइटें देने की वजह से दो महीने में ही आधी से ज्यादा लाइटें बंद हो गईं। पार्षदों ने घटिया स्ट्रीट लाइट खरीद मामले की जांच की मांग की है। पार्षदों के अनुसार 1540 लाइटों में आधी बंद पड़ी हैं। बेगमपुरवा 102 वार्ड की पार्षद अकील निशा शानू ने बताया क्षेत्र में दो नई लाइटें बंद हैं। वार्ड 10 आर्यनगर की पार्षद लक्ष्मी कोरी ने बंद लाइटों की शिकायत नगर आयुक्त व महापौर से करते हुए जांच की मांग की है।

### टॉवरों पर लगाई लाइटें भी हुई बंद

वार्ड 71 चमनगंज के पार्षद लियाकत अली ने बताया सिस्का कंपनी की लाइटें दी गई हैं। 4 लाइटों वाले बड़े टावर में भी यही लाइटें लगाई गई थीं। सराय कंपाउड में 2 जगह टॉवरों की लाइटें बंद हो गई हैं। वार्ड 60 की पार्षद शुभा विनय शुक्ला ने बताया उनके क्षेत्र में भी बड़े पोल पर लगी अधिकतर नई लाइट बंद हैं।



स्ट्रीट लाइट घोटाले से वार्डों में छाया अंधेरा

अमृत विचार ने किया था खुलासा।

# हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस का प्रकोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हैलट व उर्सला अस्पताल में मरीजों की भीड़

**अमृत विचार।** मौसम में हो रहे बदलाव से शरीर की इम्यूनिटी पॉवर प्रभावित होकर कमजोर हो रही है। ऐसे में लोग हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस के साथ ही चिकनपॉक्स व अन्य वायरल बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस की वजह से लोगों के मुंह के अंदर घाव तक हो जा रहे हैं, जिसकी वजह से खाने में दिक्कत हो रही है।

हैलट और उर्सला अस्पताल के चर्म रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन सात से आठ सौ मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनमे दाद, खाज, खुजली व शरीर में दाने, चकत्ते आदि के मरीजों की संख्या अधिक है। दोनों अस्पतालों में हर्पीज सिम्प्लेक्स नामक वायरस से ग्रस्त मरीजों की संख्या भी बढ़ी है, जिनको वायरस की वजह से मुंह के अंदर घाव तक हो गया। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में चर्म रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.देव शिवहरे ने बताया कि यह वायरस आमतौर पर होठों के आसपास या मुंह के अंदर घाव पैदा करता है, जिसे कभी-कभी बुखार के छाले या कोल्ड सोर कहा जाता है।



यह मस्तिष्क की कोशिकाओं को ध्वस्त कर शरीर में फोड़े-फुंसियां पैदा करता है। रोगियों में कमजोर इम्यूनिटी के कारण इस तरह के मामले देखे जा रहे हैं। क्योंकि इस मौसम में अधिकांश लोगों की इम्यूनिटी पॉवर कमजोर होती है।

### वायरस से हो सकते फ्लू जैसे लक्षण

- एचएसवी-1 मुख्य रूप से मौखिक दाद का कारण बनता है और आमतौर पर मुंह के आसपास व चेहरे पर कोल्ड सोर का कारण बनता है। जबकि एचएसवी-2 मुख्य रूप से जननांगों में दाद का कारण बनता है। उर्सला अस्पताल के चर्म रोग विभाग के डॉ.आशीष ने बताया कि इस वायरस से होने वाले संक्रमण के कारण फ्लू जैसे लक्षण, लिम्फ नोड में सूजन, सिर दर्द, होठों पर या उसके आसपास दाद या घाव होता है। जबकि कुछ लोगों में बिल्कुल भी लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। वहीं, यह वायरस आंखों में भी फैल सकता है, जिससे हर्पीज केराटाइटिस नामक स्थिति पैदा हो सकती है। इससे आंखों में दर्द, डिस्चार्ज और आंखों में चुभन महसूस होने जैसे लक्षण हो सकते हैं।

## बस ने कुत्ते को कुचला, रिपोर्ट दर्ज

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर में मंगलवार सुबह बस ने सड़क पार कर रही गर्भवती मादा स्वान (कुत्ता) को रौंद दिया। एनजीओ संचालक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नवाबगंज के विष्णुपुरी कॉलोनी निवासी विवेक तिवारी बेजुबान सेंचुरी फाउंडेशन के नाम से एनजीओ चलाते हैं। विवेक के मुताबिक मंगलवार सुबह इंदिरा नगर बुद्धा पार्क के पास एक बस ने सड़क पार कर रही गर्भवती मादा स्वान को रौंद दिया। विवेक ने बस को रोककर चालक संतोष से विरोध जताया तो वह गाली गलौज व उन पर भी बस चढ़ा देने की धमकी देते हुए भाग निकला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि पशु क्रूरता अधिनियम समिति अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# पत्नी की बीमारी से दुखी बुजुर्ग ने जान दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तीन साल से कैंसर की बीमारी से पीड़ित हैं पत्नी
- सुधार नहीं, आर्थिक संकट अलग से परेशान किए था

**अमृत विचार।** सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र में पत्नी की बीमारी से तनावग्रस्त बुजुर्ग ने कमरे में पंखे से चादर का फंदा बना कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

90 क्वार्टर सागरपुरी निवासी हरिकिशन बाजपेई (60) पत्नी मिथलेश व बेटे अंकित बाजपेई के साथ रहते थे और छोटा-मोटा काम करते थे। रिश्तेदारों के मुताबिक हरिकिशन की पत्नी मिथलेश बीते 3 साल से फेफड़ों के कैंसर से ग्रसित थीं। उनका दिल्ली में इलाज चल रहा था। बीमारी में काफी पैसा लग रहा था लेकिन सुधार नहीं हो रहा था।

इससे घर में आर्थिक तंगी भी रहने लगी थी। इस कारण हरिकिशन तनावग्रस्त रहते थे। परिजनों ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 7 बजे हरिकिशन कमरे में गए और पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक बाहर न आने पर पत्नी ने कमरे में जाकर देखा तो हरिकिशन का शव फंदे से लटक रहा था। इसके बाद चीख-पुकार मच गई। पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। सेन पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## रिक्शा चालक का बाजू काटने का आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में बकाया वेतन मांगने पर ई-रिक्शा चालक का हसिए से बाजू काटने वाले आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

मूलरूप से हरदोई के मल्लावां निवासी नन्हे पिछले 15 साल से शहर में रहकर रिक्शा चलाता था। इधर पिछले 6 माह से वह नवाबगंज के गांव भोपलपुरवा निवासी राजकुमार के खेत में मजदूरी कर रहा था। 17 अगस्त का बकाया वेतन मांगने पर राजकुमार ने साथी गोवर्धन के साथ मिल कर उसके साथ मारपीट की और हसिया से बायां हाथ बाजू से काट दिया। पुलिस आरोपी राजकुमार को पहले ही जेल भेज चुकी है। थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि आरोपी गोवर्धन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

**नई राह** 40 लाख की लागत से नेत्र रोग वार्ड के बगल में निर्माण शुरू, आईबैंक बनने से दान में आईं कार्निया 14 दिनों तक रहेंगी सुरक्षित

# मेडिकल कॉलेज में होगा कानपुर का पहला आई बैंक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में कानपुर के पहले आई बैंक का निर्माण शुरू हो गया है। बुधवार को आई बैंक के लिए चिन्हित जगह पर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, हैलट के प्रमुख अधीक्षक, नेत्र रोग विभागाध्यक्ष व विधायक निलिमा कटियार ने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हैलट अस्पताल के नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन सौ मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। इनमे कुछ ऐसे मरीज भी शामिल रहते है, जिनको एक आंख या दोनों आंख से दिखाई देने में दिक्कत होती है। कार्निया की कमी की वजह से सभी मरीजों की आंखों की रोशनी लौटा पाना डॉक्टरों के लिए संभव नहीं होता क्योंकि अभी नेत्र रोग विभाग के आई बैंक में 50 कर्निया ही सुरक्षित रखने की व्यवस्था है। जबकि प्रतिमाह सौ या इससे अधिक मरीजों के आवेदन आते है। शहर में अभी प्रतिमाह सिर्फ 20 से 25 कार्निया ही दान के माध्यम से आती हैं, जिनको अभी सिर्फ चार दिनों तक सुरक्षित रखा जा सकता है।

अब आई बैंक बनने से यहां करीब 400 कार्निया 14 से 15 दिनों तक सुरक्षित रखी जा सकेंगी। यह आई बैंक बुधवार को नेत्र रोग वार्ड के बगल में बनना शुरू हुआ है, जिसकी लागत करीब 40 लाख रुपये है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला, हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह, नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी मोहन, विधायक निलिमा कटियार, डॉ.प्रीति सिंह, डॉ.सुरभि अग्रवाल व डॉ.नम्रता ने भूमिपूजन किया। इस दौरान सीएमएस डॉ.एनसी त्रिपाठी, डॉ.परवेज खान, डॉ.रेनू गुप्ता, डॉ.संतोष बर्मन, डॉ.अनुराग राजौरिया समेत आदि डॉक्टर मौजूद रहे।



आई बैंक के लिए भूमिपूजन करते प्राचार्य प्रो .संजय काला, प्रमुख अधीक्षक डॉ .आरके सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ .शालिनी मोहन व विधायक नीलिमा कटियार।

### दो मंजिला होगा आई बैंक, बनेंगी चार तरह की लैब

- विभागाध्यक्ष डॉ .शालिनी मोहन ने बताया कि स्मार्ट सिटी के द्वारा प्राप्त धनराशि जो मंडलायुक्त के सहयोग से प्राप्त हुई, उससे आई बैंक का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, यूपीपीसीएल की इकाई जल्द ही कार्य पूरा करने के लिए संकल्प बद्ध है। आई बैंक में एक प्रभारी, चार आई डोनेशन काउंसलर, चार लैब टेक्शियन आदि पद शामिल हैं। बैंक में चार लैब होंगी, एक हॉल में छात्र-छात्रों को ट्रेनिंग दी जाएगी। आई बैंक के संबंध में अमेरिका के साइड सेवर संस्था के सदस्यों से भी वार्ता होनी है। आधुनिक टैम्प्रेचर कंट्रोल रेफ्रीजरेटर समेत कई मशीनें लगाई जाएंगी, जिससे कार्निया को 14 से 15 दिनों तक सुरक्षित रखा जा सकेगा।



बारिश से सीसामऊ नाला उफनाया तो ग्वालटोली क्षेत्र में हुआ जल भराव। अमृत विचार



किदवईनगर की सड़कों पर तालाब सा नजारा। अमृत विचार

# सीसामऊ नाले का पानी घरों में घुस गया

## 42.2 मिमी बारिश : जलभराव ने रोकी शहर की रफ्तार, पानी भरने से फिर बंद हुआ जूही खलवा पुल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मोहल्लों में पानी भरा, सड़कों पर बही नहर, सोसायटी क्षेत्र बने तालाब
- मेट्रो के काम वाली जगहों पर कीचड़ से दिक्कत, वाहन भी जाम में फंसे

**अमृत विचार।** बुधवार को हुई झमाझम बारिश ने कई मोहल्लों को जलमग्न कर दिया, दर्जन भर से ज्यादा सड़कें नहर बन गईं तो सोसायटी क्षेत्र तालाब के बीच आबादी जैसे नजर आए। सीसामऊ नाला उफनाने से ग्वालटोली और आसपास के क्षेत्र में गंदा पानी घरों तक पहुंच गया। जूही खलवा पुल पर पानी भरने से रास्ता बंद करना पड़ा। मौसम विभाग ने पिछले 24 घंटे में शहर में 42.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की। दो दिन तक बादल और बारिश का मौसम रहने की संभावना जताई जा रही है।

तेज बारिश से शहर के उत्तर और दक्षिण दोनों इलाकों में मुख्य सड़कों के साथ संपर्क मार्ग भी जलमग्न हो गए। मंगलवार देर रात मौसम के अचानक करवट लेने से तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इसके बाद सुबह तक रुक-रुककर बारिश होती रही। बुधवार सुबह 11 बजे हुई तेज बारिश से जलभराव हुआ। सीसामऊ नाला उफनाने से ग्वालटोली और आसपास के क्षेत्र में भीषण जलभराव हो गया। उधर, जूही खलवा पुल पर सुबह से ही दोनों ओर बैरीकेडिंग लगी रही। राहगीरों को जाने नहीं दिया गया। जूही संपवेल की मोटरें शुरू होने के बाद भी पानी देर रात तक नहीं निकल सका।

### बारिश थमने पर जाम उलझे रहे वाहन सवार

झकरकट्टी पुल, गोविंदपुरी, काकादेव, जरीब चौकी चौराहा, कल्याणपुर, परेड में बारिश रुकने पर जाम लग गया। वाहन सवार घंटों उलझे रहे। ग्वालटोली, जाजमऊ, रामादेवी, काकादेव, जूही, गोविंद नगर, साकेत नगर, किदवई नगर, बाबूपुरवा, दक्षिण में सोसायटी क्षेत्र, घंटाघर, रावतपुर, बर्रा, कल्याणापुर, नौबस्ता, आर्य नगर, सिविल लाइंस, गुजैनी, मोतीझील के पास जलभराव के कारण वाहन सवार परेशान हुए। इससे यातायात की रफ्तार पर ब्रेक लगता रहा।



जूही नहरिया रोड पर गिरा पेड़। अमृत विचार

### आंधी, बारिश में गिरा पेड़, वाहन क्षतिग्रस्त

**कानपुर।** जूही नहरिया से खलवा पुल जाने वाले रास्ते पर बुधवार शाम तेज आंधी बारिश में बरगद का विशाल पेड़ गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से एक लोडर, स्कूटी व ठेला क्षतिग्रस्त हो गए। पेड़ गिरने के बाद जूही नहरिया से खलवा पुल जाने वाला रास्ते पर यातायात ठप हो गया। ऑटो पार्ट्स दुकान संचालक आशीष गुप्ता ने बताया कि दुकान के बाहर पुराना बरगद का पेड़ था। बुधवार शाम बारिश के दौरान अचानक पेड़ जड़ से उखड़ कर गिर गया। इस दौरान झकरकटी निवासी नरेंद्र का लोडर पेड़ के नीचे दब गया। वहीं दुकान के बगल में खड़ी स्कूटी टूट गई। एक ठेला भी क्षतिग्रस्त हो गया। पेड़ गिरने से पूरा रास्ता जाम हो गया। वाहन सवारों को दूसरे रास्ते से जाना पड़ा।

# बरसात में खराब हुए इंसुलेटर और जंपर, घंटों गुल रही शहर की बिजली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में मंगलवार देर रात तेज आंधी आने के बाद झमाझम बारिश हुई, जिसकी वजह से कई जगहों पर पेड़ व पेड़ की डाल तारों पर गिर गईं और बिजली बाधित हो गई। बुधवार को भी बारिश से कुछ जगहों पर इंसुलेटर व जंपर क्षतिग्रस्त हो गए। इस वजह से कई जगहों पर पूरी रात बिजली नहीं रही। कुछ जगहों पर बिजली चार से पांच घंटे नहीं रही।

मंगलवार देर रात करीब एक बजे के बाद तेज आंधी आई और उसके बाद झमाझम बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन यह राहत ज्यादा देर तक नहीं रहीं। क्योंकि करीब सौ से अधिक क्षेत्रों की बिजली आंधी व बारिश के दौरान गुल हो गई। वहीं, कई जगहों पर केस्को अधिकारियों को सुरक्षा के तहत एक से दो घंटे तक शटडाउन लेना पड़ा। सबस्टेशनों के नंबरों पर कॉल करने पर संबंधित कर्मचारियों ने बताया कि बारिश के कारण बिजली चली गई है।

बुधवार को हुई बारिश की वजह से भी कई क्षेत्रों में बिजली से संबंधित समस्या बरकरार रही। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक बारिश की वजह से समस्या हो गई थी।

**इन जगहों पर आई समस्या:** फेथफुलगंज में करीब 12 घंटे तक बिजली गुल रही। इसके अलावा हितकारी नगर, शारदा नगर, बाबूपुरवा, किदवई नगर, पत्रकारपुरम, पोखरपुर, जाजमऊ, आशोक विहार, साकेत नगर, छबीलेपुरवा, दमोदर नगर, काकादेव आरएसपुरम, पशुपति नगर, जाजमऊ तिवारी पुर, आदर्श नगर, योगेंद्र विहार, खाड़ेपुर, गड़रियनपुरवा, गुमटी नंबर पांच, बंबा रोड, दबौली, रतन लाल नगर, केशवपुरम, मानस विहार, फेथफुलगंज, हैरिसगंज, जूही कला, रामादेवी शंकर नगर, सिविल लाइंस, दूध वाला बंगला, तिलक नगर, शांति नगर, केशव नगर, मंडी परिषद केडीए कॉलोनी, स्वर्ण जयंती विहार, श्याम नगर, खपरा मोहाल, शारदा नगर, गोपाल नगर समेत सौ से अधिक क्षेत्रों में बिजली संबंधित समस्या रही।



किदवईनगर शनिदेव मंदिर के पास केस्को सुधारता रहा फाल्ट। अमृत विचार

### दो माह में हुए सर्वाधिक फॉल्ट

कैंटोमेंट बोर्ड के निवर्तमान उपाध्यक्ष व भाजपा में क्षेत्रीय सह संयोजक लखन लाल ओमर ने बताया कि हैरिसगंज रेलबाजार से शांति नगर व खपरा मोहाल फीडर में दो माह में इतने अंडर ग्राउंड व ओवर हेड फाल्ट हुए हैं, जितने बीते दस वर्षों में नहीं हुए होंगे। मंगलवार रात को बारिश के दौरान रात को डेढ़ बजे की गई बिजली बुधवार दोपहर करीब तीन बजे आई। शाम को हुई जरा सी बारिश होने पर दोबारा फाल्ट होने से बिजली गुल हो गई।



सेंट्रल स्टेशन पर प्रदर्शन करते रेलकर्मी। अमृत विचार

# गार्ड और ट्रेन मैनेजरों ने किया धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गार्डों के लाइन बॉक्स को हटाकर ट्राली बैग दिये जाने के विरोध
- गार्ड केटेगरी कर्मियों से कुलियों जैसा कार्य करवाने का आरोप

**अमृत विचार।** रेलवे में समस्त गार्डों के लाइन बॉक्स जिसके अंदर रेल के संरक्षा उपकरण रखे होते हैं उसको बंद करके ट्राली बैग देने का आदेश रेलवे बोर्ड ने दिया है। जिसके विरोध में सेंट्रल स्टेशन लॉबी तथा जीएमसी गुड्स लॉबी के बाहर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक गार्ड और ट्रेन मैनेजर्स ने प्रदर्शन किया।

बुधवार को ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल के केंद्रीय नेतृत्व ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था जिसपर गार्ड/ट्रेन मैनेजर्स ने अपनी अपनी लॉबी पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि रेलवे बोर्ड के इस आदेश से न केवल रेल तथा यात्रियों की संरक्षा प्रभावित होगी बल्कि गार्ड केटेगरी से कुली जैसा कार्य करवाने हेतु बाध्य किया जा रहा है जो रेल संरक्षा के लिए उचित नहीं होगा। ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल उत्तर मध्य रेल के जोनल मीडिया सचिव प्रकाश तिवारी ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से काउंसिल के कानपुर शाखा के अध्यक्ष संतोष कुमार, ब्रांच सचिव रोहित तिवारी, संगठन सचिव अरुण मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी, ज़ोनल उपाध्यक्ष अतुल गुप्ता तथा अन्य गार्ड मौजूद रहे।

### प्रदर्शनकारियों ने ये मांगें रखीं

- वैकल्पिक व्यवस्था या ब्रेकवान में उचित व्यवस्था होने तक लाइन बॉक्स की व्यवस्था को पूर्ववत रखा जाये।
- लाइनबॉक्स से संबंधित उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना बंद हो
- संरक्षा उपकरणों को ट्रेन मैनेजर के ट्रॉली बैग में डालने की कोशिश बंद करें।
- जहां कहीं लाइनबॉक्स बंद हुए हैं, उन्हें तुरंत शुरु किया जाये।

# पाप का सबसे बड़ा कारण लोभ, इससे बचें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पर्युषण पर्व पर भक्तों को दिया गया संदेश
- शांतिधारा कर प्रभु का किया गया अभिषेक

**अमृत विचार।** दिगंबर जैन समाज के पर्युषण पर्व ( दस लक्षण धर्म पर्व) पर बुधवार को उत्तम शौच का महत्व बताया गया। आनंदपुरी मंदिर में भगवान आदिनाथ, शांतिनाथ और पार्श्वनाथ का अभिषेक और शांतिधारा हुई। इस दौरान भक्तों को लोभ को पाप का सबसे बड़ा कारण बताया गया है।

मंदिर में सुबह सबसे पहले प्रभु की शांतिधारा हुई। प्रथम शांति धारा प्रदूम जैन परिवार, दूसरी विवेक जैन और तीसरी सौरभ व ईश्वर चंद ने की। इसके बाद टीकमगढ़ से आए पंडित बृजेश जैन शास्त्री ने भक्तों को उत्तम शौच का महत्व बताया। कहा कि पवित्रता का नाम शौच है ,शौच के साथ लगा उत्तम शब्द सम्यक दर्शन की सत्ता का सूचक है। इसलिए सम्यक दर्शन के साथ होने वाली वीतरागी पवित्रता ही उत्तम शौच धर्म है। शौच धर्म की विरोधी लोभ कषाय है। लोभ को पाप का बाप कहा जाता है क्योंकि संसार में ऐसा कौन सा पाप है जिसे लोभी ना करता हो? लोभी की प्रवृत्ति भोग सामग्री इकट्ठी करने की ही रहती है , नर्क ले जाने वाले जो जो दोष सिद्धांत शास्त्रों में कहे गए हैं वे सब लोभ से प्रकट होते हैं। कार्यक्रम में शील चंद, महेंद्र कटारिया, डॉ अनूप जैन, विवेक जैन, संजीव जैन, अनूप जैन ,पवन भूंच विनीत सहित अन्य मौजूद रहे।



पर्युषण पर्व पर दिगंबर जैन मंदिर में कार्यक्रम हुआ। अमृत विचार

## परशुराम महासभा ने दधीचि जयंती मनाई

**कानपुर।** भगवान परशुराम महासभा ने बुधवार को साकेत नगर स्थित मुख्य कार्यालय में महर्षि दधीचि की जयंती मनाई। महासभा के अध्यक्ष भूपेश अवस्थी ने बताया कि महर्षि दधीचि ने देवताओं के कल्याण के लिए अपना शरीर दान कर दिया था। एक बार महापराक्रमी दैत्य वृत्तासुर के साथ देवा-सुर संग्राम में देवता परास्त हो गए, वृत्तासुरने संपूर्ण पृथ्वी पर आधिपत्य कर लिया। देवताओं ने विष्णु की तपस्या की, विष्णु ने वरदान दिया कि दधीचि की हड्डियों से निर्मित वज्र से वृत्तासुर का वध होगा। सारे देवताओं ने दधीचि से प्रार्थना की। महर्षि ने सहर्ष अपना शरीर त्याग दिया। अमर नाथ, राजेन्द्रअवस्थी, वीके शुक्ला, श्याम नारायण शुक्ल, अशोक कुमार, राजेश तिवारी, दिनेश अवस्थी आदि रहे।

## बिना नोटिस के मीटर उखाड़ने में जेई निलंबित

**कानपुर।** गल्लामंडी स्थित दयालपुर निवासी अंकिता वर्मा के आवास पर 10 मई को बिजली का कनेक्शन स्वीकृत किया गया था। मामले में कुछ गड़बड़ लगने पर केस्को मुख्यालय की टीम ने जांच की। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक जांच में पता चला कि अवर अभियंता गंगा प्रसाद पाल ने पहले नियम के विरुद्ध मीटर लगाया था, उसके बाद बिना सूचना व उपभोक्ता को नोटिस दिए बिना मीटर को उखाड़ लिया। निरीक्षण में पाया गया कि संयोजन की दूरी 70 मीटर की है, जो मानक व नियम विपरीत है। अवर अभियंता द्वारा गलत तरीके से संयोजन स्वीकृत करने और उपभोक्ता को बिना नोटिस दिए मीटर उखाड़ लेने का दोषी पाया गया। यह उपभोक्ता का उत्पीड़न करना और अपने दायित्वों का निर्वहन न करना तथा कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसलिए बुधवार को केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल ने जेई गंगा प्रसाद पाल को निलंबित कर दिया।

### आज यहां पर नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** दालमंडी क्षेत्र के मेडिकल मार्केट में गुरुवार दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक, पोखरपुर के ताड़ी खाना व ओमपुरवा, मोती नगर, पहली, दूसरी, तीसरी व चौथी पार्क, छबिलेपुरवा, चंदन नगर के गुरु हराय सिंह, सुजातगंज और सिद्धनाथ घाट में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बिजली नहीं रहेगी। वरुण विहार में सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक, शारदा नगर व आसपास के क्षेत्र में सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक और बिरहाना रोड व आसपास दोपहर तीन बजे से चार बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

## शॉर्ट सर्किट से कार वर्कशॉप में आग

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में शॉर्ट सर्किट से कार के वर्कशॉप में आग लग गई। लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायरब्रिगेड कर्मियों ने आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया।

नजीराबाद स्थित लाजपत नगर में फॉक्सवैगन कार का वर्कशॉप है। बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे वर्कशॉप में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें उठती देख कर स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फजलगंज फायर स्टेशन की दो गाड़ियों ने करीब आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी परमानंद पांडे ने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से वर्कशाप आग लगी थी।

## सार-संक्षेप



अपर आयुक्त ग्रेड-1 को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

### सुबह 7 बजे के बाद सचल दल न करें जांच

**कानपुर।** स्टेट जीएसटी विभाग की सचल दल टीमों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने बुधवार को आगरा स्थित जीएसटी कार्यालय पर प्रदर्शन करके पूर्व की तरह सुबह 7 बजे से रात 12 के बीच सचल दल जांच नहीं किए जाने की मांग की। प्रदर्शन में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश इकाई के वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में शामिल हुए आगरा, कानपुर, लखनऊ, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद के व्यापारियों ने कहा कि सचल दल टीमें महाराष्ट्र, गुजरात व राजस्थान से माल लेकर आगरा, कानपुर, लखनऊ और आसपास के जिलों में जाने वाले वाहनों को रोककर परेशान करती हैं। अपर आयुक्त ग्रेड 1 एमएस चौबे ने व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सचल दल की ओर से परेशान नहीं किया जाएगा। जो गाड़ियां रोकी गई हैं, उन्हें नोटिस का जवाब लेकर रिलीज किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में कानपुर से संगठन मंत्री राकेश गुप्ता व विजय गुप्ता के अलावा संतोष माखीजा, मुकेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, कुलदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### सिर की हड्डियां चकनाचूर, अधिक खून बहने से मौत

**कानपुर।** बर्रा सात में पड़ोसी की कार से कुचली ढाई साल की बच्ची की मौत सिर की हड्डियां चकनाचूर व अधिक रक्त स्त्राव की वजह से हुई थी। बुधवार को बच्ची का पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने बच्ची का अंतिम संस्कार बाकरगंज स्थित कब्रिस्तान में किया। वहीं घटना के 24 घंटे बीतने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। बर्रा-7 निवासी ऑटो चालक रोहित सिंह परिवार समेत किराए के मकान में रहते है। मंगलवार शाम उनकी ढाई वर्ष की बेटी अनिका घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाले ठेकेदार आशीष सचान ने अपनी एसयूवी कार से बच्ची को रौंद दिया। शोरगुल सुन बाहर आए परिजन उसे हैलट लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद आरोपी गाड़ी समेत फरार हो गया था। बुधवार को बच्ची के शव का पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें सिर की हड्डी टूटने और रक्त बहने से मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद परिजनों ने बच्ची को बाकरगंज स्थित कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया। पिता रोहित ने रूंधे गले से कहा कि जिसने हमारी खुशियां उजाड़ दीं, उसे अब तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। बर्रा इंस्पेक्टर टीबी सिंह ने बताया कि आरोपी की लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है। गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हुई हैं, जल्द ही गिरफ्तारी होगी।



अनिका।

विकास की ओर | जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल व नगर निगम के बीच एमओयू, थ्री-डी मॉडल का अनावरण

# जेसीआई दो करोड़ की लागत से बनाएगा मंगल भवन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर व नगर आयुक्त ने दीं प्रणीत अग्रवाल को शुभकामनाएं बेनाझाबर के पास निर्माण
- नगर निगम और जेसीआई ने कार्य के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए

**अमृत विचार।** जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल और नगर निगम मिलकर बारातशाला 'मंगल भवन' बनाएंगे। इसके लिए एमओयू पर नगर आयुक्त सुधीर कुमार और जेसीआई के प्री इलेक्टेड प्रेसीडेंट प्रणीत अग्रवाल ने हस्ताक्षर किए। केआईजेसी मंगल भवन के नाम से होने वाले निर्माण के लिए टेंडर नगर निगम निकालेगा। काम की मानीटरिंग जेसीआई करेगा।

होटल लैंडमार्क में आयोजित कार्यक्रम में महापौर प्रमिला पाण्डेय ने कहा कि जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल व शहर के व्यापारियों ने कोरोना के समय लोगों की बहुत मदद की थी। उन्होंने प्रणीत अग्रवाल की मंगल भवन बारात शाला निर्माण की पहल को बड़ा कदम बताया। नगर आयुक्त ने कहा कि अगर शहर में कुछ अच्छा और बड़ा काम करना है तो जनसहभागिता जरूरी है। जेसीआई जैसी संस्थाओं के आगे आने से सीएसआर फंड तो मिलता ही है, अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम के पास जगह बहुत है। महापौर ने मंगल भवन के थ्री डी माडल का अनावरण किया।



मॉडल का लोकार्पण करते नगर आयुक्त, महापौर और प्रणीत अग्रवाल। अमृत विचार

### 2500 स्क्वायर मीटर में बनेगा भवन

वार्ड 15 बेनाझाबर बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के बगल में मंगल भवन नाम से बारातशाला का निर्माण 2500 स्क्वायर मीटर भूमि पर होगा। नवंबर 2025 तक काम पूरा किया जाएगा। निर्माण पर जेसीआई 2 करोड़ रुपये सीएसआर फंड खर्च करेगा। प्रोजेक्ट एडवाइजर विकास जायसवाल ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य कराएंगे। कार्यक्रम में जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल से प्रज्ञा अग्रवाल, अंजली गर्ग, श्रुति जैन, राहुल अग्रवाल, विकास जायसवाल, निहारिका गुप्ता, आकाश गोयनका, सिद्धार्थ गुप्ता, प्रणीत अग्रवाल, नेहा गर्ग उपस्थित रहीं।

### 42 साल से समाजसेवा में उद्योगपतियों का संगठन

वर्ष 1982 में स्थापित जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल उद्योगपतियों का संगठन है, जो शहर में ब्लड बैंक, चौराहों का सौंदर्यीकरण, स्मार्टशेल्टर होम, बच्चों के लिये आधुनिक सुविधा वाले स्कूल का निर्माण कराता है।

# सनिगंवा में नकली पान मसाला फैक्ट्री पकड़ी, संचालक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी पुलिस ने पान मसाला कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर सनिगवां स्थित मकान में छापेमारी कर नकली पान मसाला फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार किया और बड़ी मात्रा मे माल बरामद किया।

चकेरी इंस्पेक्टर अशोक दुबे ने बताया कि पान मसाला कंपनी के अधिकारी सिद्धार्थ गौड़ ने पुलिस को जानकारी दी थी कि सनिगवां के चिश्ती नगर में स्थित एक मकान में कंपनी के नाम से नकली पान मसाला बना जा रहा है। जिसके बाद रामादेवी चौकी प्रभारी विनीत त्यागी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जहां पर पुलिस ने 1667 पैकेट पान मसाला, 4380 पैकेट तंबाकू के साथ पान मसाला बनाने की दो मशीन बरामद कीं।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से फैक्ट्री संचालक फिराज हीरा को गिरफ्तार किया। चकेरी इंस्पेक्टर ने बताया कि कंपनी के अधिकारी की तहरीर पर कॉपी राइट एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### रेडीमेड दुकान का शटर तोड़ 30 हजार पार

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में चोरों ने रेडीमेड दुकान का शटर तोड़ कर 30 हजार रुपये पार कर दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। श्याम नगर सी ब्लाक निवासी अनूप बाजपेई की ई ब्लाक में रेडीमेड गारमेंट की दुकान है। अनूप ने बताया कि मंगलवार देर रात चोरों ने दुकान का शटर तोड़ कर गोलक में रखे 30 हजार रुपये पार कर दिए। बुधवार सुबह पड़ोसियों दुकान का शटर खुला देख अनूप को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर पहुंच कर उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

एक नजर

### आईआईटी के पूर्व छात्रों ने बढ़ाया मान

**कानपुर।** आईआईटी के पूर्व छात्र अतुल सक्सेना को स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन इंडिया लि. का नया एमडी और सीईओ नियुक्त किया गया है। अतुल सक्सेना ने वर्ष 1997 में सिविल इंजीनियरिंग से बीटेक किया है। बताया गया कि संस्थान के पूर्व छात्र डॉ. मोहित कुमार जॉली को अर्थुर टी विनफ्री प्राइज से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. जॉली ने बायोसाइंस एंड बायोइंजीनियरिंग से वर्ष 2010 में बीटेक और 2012 में एमटेक की पढ़ाई की है। उधर संस्थान के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत डॉ. दिपिन एस पिल्लई, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. सलिल गोयल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. तुषार सनधन को आईएनएई यंग एसोसिएट 2024 से सम्मानित किया जाएगा।

### केडीए का घूसखोर बेलदार निलंबित

**कानपुर।** केडीए ने 10 हजार की घूस लेते पकड़े जाने वाले बेलदार (सहायक लिपिक) नीरज मल्होत्रा को निलंबित कर दिया है। उपाध्यक्ष मदन सिंह ने ये कार्रवाई की। मंगलवार को कार्रवाई के बाद बुधवार को विजिलेंस की टीम पूछताछ के लिए केडीए मुख्यालय पहुंची। इसके चलते मुख्यालय में पूरे दिन चर्चाओं की स्थिति बनी रही। विजिलेंस टीम के मुख्यालय में पहुंचते ही हड़कंप मच गया।

सीडीओ ने बेसिक शिक्षा विभाग में योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की

# स्कूलों का कायाकल्प करें कोई बच्चा शिक्षा से न छूटे



बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक में निर्देशित किया कि प्रत्येक घर में शिक्षा की अलख जगानी है, एक-एक घर में जाएं और देखें कि कोई बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रह जाए।

नवीन सभागार, सरसैयाघाट में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक में कायाकल्प, ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र, निपुण भारत अभियान, छात्र उपस्थित, टास्क फोर्स निरीक्षण, समेकित शिक्षा, एवं बालिका शिक्षा आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। निर्देश दिये गए कि समस्त विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं का कार्य 20 सितंबर से पूर्व आरंभ कर शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी खंड विकास एवं खंड शिक्षा अधिकारी कायाकल्प योजना और विद्यालयों में अवशेष चाहरदीवारी के काम की रिपोर्ट दें। पंचायत विभाग विद्यालय में फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों में छात्र उपस्थिति सुनिश्चित कराएं।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करें

- **कानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करने के दौरान संबंधित खंड विकास अधिकारियों की समीक्षा में पाया कि अभी तक 2022-23 में प्राप्त स्वीकृति के सापेक्ष संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य अभी अधूरा है जिसे 24 सितंबर तक हर हाल में पूरा करा लिया जाये। बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी ने कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में बाल विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान पोषण ट्रैकर पर फीड की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में सभक्षी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए प्रत्येक माह शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने माह सितंबर में कराये जाने वाली विविध गतिविधियों के संबंध में सभी सहयोगी विभागों जैसे चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, आयुष इत्यादि विभागों को पोषण माह में सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिये।

# अंगूर के बीज की पट्टी से चोट का इलाज और इन्फेक्शन से बचाव

विशेष खबर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



डॉ. नीलू कंबो और डॉ. सौरभ दुबे।



डाई मिश्रित पानी को साफ किया।

- नैनो इमल्शन रोकेगा बैक्टीरिया के साथ 8 तरह की फंगस का संक्रमण
- यूपीटीटीआई की प्रोफेसर ने तैयार किया बड़े काम का तरल पदार्थ
- वस्त्र उद्योग में डाई मिश्रित पानी बनाया जा सकेगा इस्तेमाल के लायक

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (यूपीटीटीआई) की प्रोफेसर ने अंगूर के बीज से एक ऐसा नैनो इमल्शन (रसायन रहित तरल पदार्थ) तैयार किया है, जो न सिर्फ शरीर की चोट ठीक करेगा, बल्कि बैक्टीरिया और फंगस के संक्रमण को भी दूर रखेगा। इस पदार्थ से टेक्सटाइल उद्योग से निकलने वाले डाई मिश्रित पानी को भी दोबारा इस्तेमाल के काबिल बनाया जा सकता है।

यूपीटीटीआई की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीलू कंबो, डॉ. सौरभ दुबे और डॉ. शुभम जोशी ने अंगूर के बीज से नैनो इमल्शन तैयार किया है। डॉ. नीलू ने बताया कि अंगूर के बीज कई तरह के बैक्टीरिया दूर करने में सक्षम होते हैं। इनमें एंटी कैंसर और एंटी एजिंग तत्व भी पाए जाते हैं। इसी कारण कॉस्मेटिक उद्योग में इनका सर्वाधिक प्रयोग होता है। इसे देखते हुए ही उन्होंने इस पर शोध की। उनके द्वारा तैयार नैनो इमल्शन बैक्टीरिया के साथ ही 8 तरह की फंगस दूर करने में भी कारगर है। इसे भारत सरकार का पेटेंट मिल गया है। इसके रसायन में बैक्टीरिया को खत्म करने का गुण होता है। इसलिए इससे तैयार 'नैनो फाइबर' का शरीर में लगी चोट ठीक करने में उपयोग किया जा सकेगा। यह फाइबर स्वयं नष्ट हो जाएगा। इस कारण मेडिकल वेस्ट की भी समस्या नहीं होगी। इसी तरह वस्त्र उद्योग में डाई मिश्रित पानी बहाना पड़ता है। लेकिन नैनो इमल्शन से उसे दोबारा इस्तेमाल लायक बनाया जा सकता है। इससे उद्योग में बड़ी मात्रा में पानी की बचत होगी।



श्री ओमर वैश्य जगदीश महिला मंडल की ओर से आयोजित राधा अष्टमी उत्सव में राधा कृष्ण का स्वरूप धारण किए युवतियां। अमृत विचार



जनरलगंज स्थित जगन्नाथ गली में आयोजित 15वें गणेश महोत्सव में राधा अष्टमी मनाई गई। अमृत विचार

# राधाष्टमी पर हुआ भव्य श्रृंगार, गूंजे भजन

- मटकी और बांसुरी सजाओ प्रतियोगिता भी हुई

**कानपुर।** श्री ओमर वैश्य जगदीश महिला मंडल की ओर से बुधवार को मॉल रोड स्थित दि लाइम लाइट हॉल में राधा अष्टमी महोत्सव मनाया गया। श्री राधा रसामृत कार्यक्रम में प्रमुख आकर्षण राधा कृष्ण की श्रृंगारी जोड़ी की प्रतियोगिता रही।

इस दौरान मंडल की सदस्याओं की ओर से मनभावन श्रृंगार किया गया। मटकी और बांसुरी सजाओ प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। जिसमें सभी ने अत्याधिक उत्साह से सहभागिता की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्षा दीपाली गुप्ता, मन्त्राणी एकता ओमर, पदमा, ऊषा, तूलिका, सुप्रिया, अंशुमानी, तारा सहित अन्य मौजूद रहीं।

### राधारानी के भजनों पर झूमे भक्त

**कानपुर।** जनरलगंज स्थित जगन्नाथ गली में आयोजित 15वें गणेश महोत्सव में राधा अष्टमी मनाई गई। इस दौरान भक्तों की ओर से राधा जी को जन्मोत्सव छप्पन भोग समर्पित किया गया। राधारानी की आरती के बीच भक्तों की ओर से लगाए गए जयकारों से माहौल भव्य हो गया। इस बीच बज रहे भजनों पर भक्तों की ओर से किया गया नृत्य सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। समारोह के दौरान श्याम खाटू, राम दरबार, बाँके बिहारी का श्रंगार किया गया। श्रृंगार देखने के लिए पंडल पर भक्तों की भीड़ रही। भजनों के बीच गायक अराधना शुक्ला, शिवम जौहरी ने भक्तों को रिझाया। उत्सव में अभिनय अग्रवाल, अम्बिका प्रसाद, अनुराग, अनिरूद्ध, रूचि रचना व नीतू उपस्थित रहीं।

# हुंकारः चाहे जो मजबूरी हो हमारी मांगे पूरी हों

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने डीआईओएस कार्यालय में किया प्रदर्शन
- पुरानी पेंशन की यथावत बहाली, शिक्षक पद पर पदोन्नति पर कर्मचारी अड़े

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन की ओर से बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने नारे लगाकर अपना आक्रोश भी जाहिर किया। प्रदर्शनकारी पुरानी पेंशन की बहाली, शिक्षक पद पर पदोन्नति, अवकाश नकदीकरण, कैशलेश मेडिकल सुविधा, प्रधान सहायक का पद सहित अन्य मांग कर रहे थे।

प्रदर्शन के दौरान प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास की बात कर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रही है। एक ओर पूर्णकालिक शिक्षक और दूसरी ओर आउटसोर्सिंग कर्मचारी नियुक्त कर भेदभाव कर रही है। सांसद व विधायक पुरानी पेंशन लेकर एनपीएस दे रही है। हमारे भत्ते हमसे छीन रही है।

प्रदर्शन के दौरान यह भी चेतावनी दी गई कि यदि उनकी मांगे जल्द ही न मानी गई तो वे बड़े प्रदर्शन को बाध्य होंगे। प्रदर्शन के दौरान भगवत प्रसाद जोशी, अजय प्रधान, प्रसून तिवारी, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, मंत्री उदयराज सिंह, बेसिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश पांडेय, मेवालाल सहित अन्य मौजूद रहे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

सार-संक्षेप



ज्योति हाइट्स अपार्टमेंट में सजा दरबार। अमृत विचार

### ज्योति हाइट्स अपार्टमेंट में गणेश उत्सव की धूम

**कानपुर।** बारा देवी स्थित ज्योति हाइट्स अपार्टमेंट में गणेश उत्सव की धूम रही। रंग-बिरंगे कपड़े पहने बच्चे राधा कृष्ण गणेश शिव पार्वती के रूप में सजे लीला प्रस्तुत कर रहे थे। आरती के बाद लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अंकित पुरवार रुबी गुप्ता सपना गुप्ता दीपक गुप्ता प्रांशु शिवम आदि मौजूद रहे।



गणेश पंडाल में की गई जय-जयकार। अमृत विचार

### गणेश महोत्सव में भजन संध्या

**कानपुर।** बर्रा विश्व बैंक जे ब्लॉक में जन अधिकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित 20वें सार्वजनिक गणेश महोत्सव में भजन संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। यहां इस बार गजानन महाराज शिवलिंग पर विराजमान हैं, जो आकर्षण का केंद्र हैं। शाम 8 बजे विधि-विधान से पूजन व आरती से महोत्सव का शुभारंभ हुआ। देवी जागरण हुआ। इस दौरान सुरेश त्रिपाठी, वैभव मिश्रा, सुधीर तिवारी, सुशील मिश्रा, सुदेश पांडेय, विवेक दीक्षित, लल्लन सचान, राजे त्रिपाठी, धीरू वर्मा रहे।



रावतपुर गांव में गणेश उत्सव मनाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### गणपति बप्पा का किया श्रृंगार

**कानपुर।** गणेश चतुर्थी महोत्सव पर श्री बाबा सिद्धेश्वर धाम रावतपुर गांव में आयोजित गणेश उत्सव में श्रद्धालुओं ने भजनों की प्रस्तुति की। भगवान सिद्धि विनायक का फूलों से श्रृंगार किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मोदक और लड्डू का भोल लगाया। एडवोकेट मनोज सिंह, डीके सिग्नल, राकेश अग्रवाल, राहुल सिंह चंदेल, मनीष चौधरी एडवोकेट, अश्विनी दिवाकर, रवि कश्यप, दीपक दिवाकर, अजय चौधरी, सुमित कुमार, अखिलेश प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, शिवम बाथम व मनोज वीर उपस्थित रहे।

### खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया

**कानपुर।** आईआईटी स्थित केंद्रीय विद्यालय में 53वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस दौरान बास्केटबाल, बालक वर्ग 14 व 17 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत कुल 23 संभाग के 516 प्रतिभागी शिरकत कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के प्राचार्य रवीश चंद्र पाण्डेय ने बच्चों को खेल का महत्व बताया। मुख्य अतिथि आईआईटी के प्रोफेसर अनीस उपाध्याय ने खेल को अनुशासन से जोड़ा।



मुख्य अतिथि ने दीप जलाया।



कार्यक्रम में गीत पेश करतीं डॉ. रेनू निगम। अमृत विचार

### मैं तो कान्हा से नैना मिलाय बैठी...

**कानपुर।** अशोक नगर स्थित लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी ने संगीत जागरण मंच पर कार्यक्रम किया। एएनडी कालेज के संगीत विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. रेनू निगम व वरिष्ठ गायिका डॉ.रेनू निगम का राजेन्द्र राव व विनोद श्रीवास्तव ने अकादमी का प्रतीक चिन्ह प्रदान स्वागत किया। डॉ.रेनू निगम ने एक दादरा 'मैं तो कान्हा से नैना मिलाय बैठी' को अपना स्वर दिया तो मौजूद लोग वाह-वाह कर उठे।



नए शोरूम का उद्घाटन करते कंपनी के अधिकारी। अमृत विचार

### अतुल ऑटो के नए शोरूम की शुरुआत

**कानपुर।** शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के उद्देश्य को लेकर जीटी रोड स्थित जरीब चौकी में अतुल ऑटो के नए शोरूम की शुरुआत हुई। इस दौरान विशेषज्ञों ने इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों की विशेषता भी बताई । विशेषज्ञों ने प्रदूषण की समस्या के निदान के लिए इलेक्ट्रिनिक वाहनों के प्रयोग पर जोर दिया। शोरूम की शुरुआत अतुल ग्रीन टेक के डायरेक्टर प्रतीक केडिया ने किया। उन्होंने बताया कि अतुल ऑटो मे सवारी थ्री व्हीलर एवं लोडर थ्री व्हीलर इलेक्ट्रिक चार्ज होंगे। शहर एवं ग्रामीण अंचलों के ग्राहकों को आसान किस्तों पर मिलेंगे। इनमें 14 हार्स पावर की मोटर लगी है साथ ही 13 .2 किलोवाट की हाई पॉवर बैटरी है जो एक बार चार्ज करने पर 207 किलो मीटर तक चलती है। कंपनी के डीजीएम मनोज जोशी, एजीएम केकेपी सिंह, डिप्टी मैनेजर एचपी सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# कला उत्सव में स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन में हुए आयोजन में 148 प्रतिभागी हुए शामिल

**अमृत विचार।** समग्र शिक्षा (माध्यमिक) अभियान के तहत ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर में जनपद स्तरीय 'कला उत्सव-2024' का आयोजन किया गया । कला उत्सव प्रतियोगिता में कानपुर जनपद के विभिन्न विद्यालयों की कक्षा 9 से 12 तक के 148 प्रतिभागियों ने अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने की। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।



विजयी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए गए। अमृत विचार

जनपद स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता के अंतर्गत संगीत (गायन), पारंपरिक लोक संगीत, संगीत (वादन), नृत्य, दृश्य कला, स्थानीय खिलौने एवं खेल, नाटक, स्टोरी टेलिंग जैसी 12 विधाओं में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संगीत (गायन) शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के छात्र अभिनव सक्सेना ने प्रथम, संगीत (गायन) पारंपरिक लोक संगीत में कानपुर विद्या मंदिर की छात्रा माही सागर ने प्रथम, संगीत (वादन) अवनद्ध में ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन के छात्र ऋषभ पाल ने प्रथम, संगीत (वादन) स्वर वाद्य में ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन के छात्र उत्कर्ष शुक्ला ने प्रथम, दृश्य कला (द्विआयामी) में राहुल कुमार ने प्रथम स्थान पाया।

समझौता | अनुसंधान, नवाचार एवं एजुकेशनल एक्सिलेंस में साथ मिलकर होगा काम

# अब जर्मनी के साथ मिल कर शोध करेगा विश्वविद्यालय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



जर्मनी में शिक्षाविदों के साथ सीएसजेएमयू कुलपति प्रो. विनय पाठक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत और जर्मनी के विश्वविद्यालय अनुसंधान के क्षेत्र में साथ मिलकर कार्य करेंगे। भारतीय विश्वविद्यालयों में जर्मनी के शीर्ष विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर कार्य करने की संस्कृति विकसित की जाएगी। इसके साथ ही बेहतरीन संस्थानों के साथ एमओयू भी साइन किए जाएंगे। इससे दोनों देशों के विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत स्टूडेंट्स ग्लोबल लेवल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे।

यह कहना है भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक का। प्रो पाठक भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) और डीएएडी (जर्मन शैक्षणिक विनिमय सेवा) के साझा प्रयासों से किए जा रहे आयोजन में शिरकत करने जर्मनी गए हैं। आयोजन के तहत प्रो पाठक संग भारतीय प्रतिनिधिमंडल यूनिवर्सिटी ऑफ बॉन, यूनिवर्सिटी ऑफ बर्लिन समेत जर्मनी की विश्व स्तरीय यूनिवर्सिटीज का दौरा करेंगे। प्रो. पाठक ने कहा कि जर्मनी के विश्वविद्यालयों में जो नवाचार और अनुसंधान पर नवीनतम कार्य किए जा रहे हैं उस प्रकार का माहौल भारतीय विश्वविद्यालयों में भी स्थापित किए जाने की पूरी संभावना है। ग्लोबल लेवल पर जो संस्थान अपने रिसर्च से नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं, हमें भी उसी प्रकार की कार्य संस्कृति विकसित करनी होगी।

### इनोवेशन का बनेगा केंद्र

- सीएसजेएमयू समेत भारतीय यूनिवर्सिटीज में इनोवेशन और रिसर्च एक्सिलेंस की विश्वस्तरीय अनुसंधान कार्य प्रणाली विकसित करने पर बल दिया जाएगा। इसके लिए जर्मनी के टॉप संस्थानों के साथ ऐसे विषयों में अनुसंधान की कार्य योजना बनायी जाएगी जो दोनों देशों के छात्रों और शोधकर्ताओं को बेहतर अवसर मुहैया कराएंगे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक संग, एआईसीटीई, डीएसटी, सीएसआईआर, आईसीएमआर, आईसीएआर के पदाधिकारी भी शामिल हुए हैं।

# बारिश से घर ढहा, दादी-नातिन घायल

## रेवना थाना क्षेत्र के गिरसी गांव में हुआ हादसा, मलबा में दबने से तीन बकरियों की चली गई जान

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** रेवना थाना क्षेत्र के गिरसी गांव में बुधवार को रुक-रुककर बारिश होने से एक कच्चा घर ढह गया, जिसमें दबने से दादी और नातिन घायल हो गई। वहीं घर में बंधी तीन बकरियों की दबकर मौत हो गई। घायल दादी और नातिन को अकबरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वृद्धा की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

रेवना थाना क्षेत्र के गिरसी गांव में बुधवार को सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही थी। इसके बाद तेज बारिश के दौरान एक कच्चा घर गिर गया। परिवार के मुखिया कामता ने बताया कि उसका पुराना घर कच्चा बना हुआ था, जिसमें उसके परिवार के साथ जानवर भी रहते हैं। बुधवार को रुक-रुककर हुई बारिश से उसका कच्चा घर अचानक गिर गया, जिसमें उसकी मां चंद्रावती (70) और दूसरे नंबर की बेटी चावली (14) दबकर घायल हो गईं। घर के मलबे में दबने से उसकी तीन बकरियां मर गईं। हादसे के दौरान घर में कामता की बड़ी बेटी आरती (18) और दो पुत्र अंकुश व छोटे बाल-बाल बच गए। गंभीर रूप से घायल हुईं चंद्रावती और चावली को अकबरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर चंद्रावती की हालत गंभीर बनी हुई है। परिवार के लोग अस्पताल में ही डेरा डाले हैं।



मलबे में दबकर घायल चावली।



गंभीर रूप से घायल चंद्रावती।

### हालत गंभीर

- 70 वर्षीया महिला की हालत गंभीर, अकबरपुर में भर्ती
- रुक-रुककर बारिश होने से कच्चे घर में बढ़ी सीलन



गिरसी में कच्चा घर ढहने के बाद मलबा हटाते लोग। अमृत विचार

### राजस्व टीम नहीं पहुंची

गिरसी गांव में कच्चा घर ढहने और उसमें दबकर दादी-नातिन के घायल होने के साथ ही तीन बकरियों की मौत होने के बाद भी तहसील से राजस्व विभाग की टीम नहीं पहुंची है। इतना ही नहीं, देर शाम तक उप जिलाधिकारी यादुवेंद्र सिंह को भी घरगिरी के बारे में कोई सूचना नहीं थी। 'अमृत विचार' से बातचीत में उन्होंने इस हादसे के बारे में अनभिज्ञता जताई और कहा कि इस सिलसिले में हल्का लेखपाल और कानूनगो से जवाब मांगा जाएगा।

> राजस्व टीम गांव भेजकर हादसे की छानबीन कराई जाएगी और नुकसान का आकलन कराकर पीड़ित परिवार की हर संभव आर्थिक सहायता की जाएगी।
>
> –यादुवेंद्र सिंह, एसडीएम

## किसान को कीड़े ने काटा, थमी सांस

**घाटमपुर।** घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में सोते समय किसान को जहरीले कीड़े ने काट लिया। किसान के मुंह से झाग निकलता देख परिवार वाले फौरन उसे लेकर घाटमपुर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के स्योदी ललईपुर निवासी छेदालाल (45) मंगलवार की देर शाम घर में खाना खाने के बाद खेत पर लगे नलकूप में सोने चला गया था। जब वह बुधवार सुबह घर वापस नहीं लौटे तो बेटा उन्हें देखने के लिए ट्यूबवेल गया। वहां छेदालाल चारपाई पर बेसुध पड़ा था और मुंह से झाग निकल रहा था। परिवार वाले फौरन उसे लेकर घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# वृद्ध ने अंगौछा से फंदा बनाकर खुदकुशी की

संवाददाता, बिधनू

### आर्थिक तंगी

- गैस एजेंसी में डिलीवरीमैन था सागरपुरी का बुजुर्ग
- पत्नी कैंसर से पीड़ित, इलाज का नहीं हो रहा था इंतजाम
- बेटा गया था रिश्तेदार के घर परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचारः** सेन पश्चिम पारा क्षेत्र के सागरपुरी केडीए कालोनी निवासी 60 वर्षीय वृद्ध ने बुधवार सुबह पंखे के कुंडे के सहारे अंगौछे का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। पत्नी मिथलेश कमरे में पहुंची तो घटना की जानकारी हुई।

बताते हैं कि सागरपुरी केडीए कॉलोनी के रहने वाले पुत्तन बाजपेई (60) कानपुर नगर के नौबस्ता स्थित एक गैस एजेंसी में सिलेंडर ढुलाई का काम करके पत्नी और बेटे रिशू का भरण-पोषण कर रहे थे। बेटे रिशू के मुताबिक मां काफी समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित हैं। उनके इलाज में काफी रुपये खर्च हो रहे हैं। उसकी पढ़ाई और घर के खर्च के बाद मां के इलाज के लिए रुपये नहीं बचते थे, जिसकी वजह से पिता तनाव में रहते थे।

बेटे ने बताया कि मंगलवार को वह सजेती क्षेत्र के बांध गांव रिश्तेदारी में गया था। घर में मां और पिता ही थे। तनाव में आकर पिता ने अंगौछा से फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने फारेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए। थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि आर्थिक तंगी की वजह से बुजुर्ग के फांसी लगाने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# तिलहन और दलहन की खेती पर दिया जोर

संवाददाता, बिठूर

### किसान गोष्ठी

- तिलहन और दलहन के उत्पादन से उर्वरा शक्ति रहेगी टिकाऊ
- गोष्ठी में 90 किसानों को मुफ्त तिलहन के बीज बांटे गए

**अमृत विचारः** श्रीअन्न (मोटा अनाज) के साथ किसान दलहन और तिलहन का उत्पादन करें, इससे खेतों की उर्वरा शक्ति बरकरार रहेगी और लागत भी कम होगी। भारत देश आज भी दाल में आत्म निर्भर नहीं है। प्रतिवर्ष 750 करोड़ की दाल विदेशों से मंगानी पड़ती है। यह बात कल्याणपुर विकास खंड सभागार में आयोजित ब्लॉक स्तरीय गोष्ठी में चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. हरिश्चंद्र सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि सप्ताह में प्रत्येक व्यक्ति को एक दिन मोटा अनाज खाना चाहिए। खासकर 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को मोटा अनाज अपनाना चाहिए। इसमें कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम और लौह तत्व पाए जाते हैं। इनकी पूर्ति से मोटापा और कोलेस्ट्रॉल नहीं बढ़ता है। बीमारी से लड़ने की क्षमता बढ़ जाती है। इन फसलों को करने से जीरो लागत में बेहतर उत्पादन ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अन्य फसलें करने से 3000 से 5000 लीटर पानी प्रति किलो अनाज में लगता है। मोटा अनाज ज्वार, बाजरा, सांभा, कोदौ, काकुन, कुटू आदि फसल बोने से जमीन में पोषक तत्व और टिकाऊ फसल बनी रहती है। कृषि विशेषज्ञ एसए पांडेय ने कहा कि मिट्टी की जांच कराकर ही उर्वरक का संतुलित प्रयोग करने से पैदावार अच्छी होगी। तिलहन में जिप्सम और सल्फर डालने से 20 प्रतिशत तक उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

कृषक गोष्ठी की शुरुआत ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने की। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह ने 90 किसानों को निःशुल्क तिलहन का बीज वितरित किया। इस मौके पर डॉ. अजय निरंजन, एसडीओ सदर सुष्मिता, राजकीय बीज भंडार मंधना के इंचार्ज उमेशधर द्विवेदी के साथ सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



महिला किसान को तिलहन का बीज देते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

## हाईवे के किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

**बिधनू।** बिधनू थाना क्षेत्र के ओरियारा चौराहे के पास कानपुर-हमीरपुर हाईवे के किनारे बुधवार सुबह करीब 40 वर्षीय युवक का शव घास पर पड़ा मिला। युवक की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी है।

युवक के शव के पास देशी शराब के दो क्वार्टर भी पड़े मिले, जिससे पुलिस अधिक शराब पीने से मौत होने की आशंका जता रही है। युवक ने मटमैली रंग की चेकदार शर्ट और काली पैंट पहन रखी थी। पहनावे से युवक के किसी ईंट भट्ठा का मजदूर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि फिलहाल युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# किसान मोर्चा बनाएगा नए सदस्य

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचारः** भाजपा किसान मोर्चा कानपुर दक्षिण की जिला इकाई की बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई, जिसमें प्रदेश प्रवासी आदित्य मिश्रा के साथ जिला इकाई के सभी पदाधिकारियों एवं मण्डल अध्यक्षों ने भाग लिया और निर्णय लिया गया कि भाजपा किसान मोर्चा किसानों को सदस्य के रूप में जोड़ेगा।

बैठक में तय हुआ कि सभी पदाधिकारी गांव-गांव जाकर ग्राम समितियों के माध्यम से किसानों को सदस्य के रूप में जोड़ेंगे। सभी जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों को नए सदस्य बनाने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी पदाधिकारियों को ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा।

बैठक में भाजपा किसान मोर्च के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, शैलेंद्र कुमार, दीपांकर मिश्रा, जिला महामंत्री अमरेन्द्र राय, अजय मंत्री, धीरेंद्र मिश्रा, गोपाल शुक्ला, विवेक अवस्थी, नवीन सिंह, लाला पंडित, दया सिंह, प्रियांशु, विकास, पुष्पेन्द्र सिंह, अभिषेक कुमार, संदीप कुमार, लक्ष्मीकान्त के साथ सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।



भाजपा किसान मोर्चा की बैठक के दौरान प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। अमृत विचार

# अटल आवासीय विद्यालय का आज से शुरू होगा सत्र

संवाददाता, बिल्हौर

### तैयारी पूरी

- मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और सीडीओ विद्यालय पहुंचेंगे
- नए सत्र के लिए 360 छात्र और छात्राओं का हुआ पंजीकरण

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक अटल आवासीय विद्यालय के दूसरे सत्र का शुभारंभ गुरुवार को दोपहर 11 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ मुख्यालय से करेंगे। मुख्यमंत्री प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों के नए सत्र का शुभारंभ करेंगे।

बिल्हौर तहसील के रामपुर नरुवा गांव में अटल आवासीय विद्यालय में नए सत्र की तैयारियां पूरी हो गई हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडलायुक्त अमित गुप्ता, जिलाधिकारी आरके सिंह के साथ सीडीओ दीक्षा जैन शामिल होंगी। रामपुर नरुवा के अटल आवासीय विद्यालय में श्रम विभाग से जुड़े अकुशल मजदूरों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है। बीते वर्ष कक्षा 6 और 9 को मिलाकर कुल 80 छात्रों का दाखिला हुआ था, जो इस बार बढ़कर 280 छात्रों तक पहुंच गया है। विद्यालय में अब तक 360 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण हुआ है, जो इस बार नए सत्र में अध्ययन शुरू करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लाइव प्रसारण के जरिए गुरुवार को सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों के नए सत्र का शुभारंभ करेंगे। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अधिकारियों के साथ अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहेंगी।

## देवा हो देवा, गणपति देवा...



घाटमपुर तहसील क्षेत्र के परास गांव में सात वर्षो से लगातार गणेश महोत्सव का आयोजन होता चला आ रहा है। इस बार भी गणपति का दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। पंडाल में विराजे गणेश जी के दर्शन करने के बाद भक्तों ने संगीतमयी आरती के बाद प्रसाद ग्रहण किया। विसर्जन की तारीख नजदीक आने से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। यह सिलसिला 13 सितंबर तक चलेगा। यहां सुबह से रात तक कीर्तन-भजन गूंज रहे हैं। इस कार्यक्रम में अभिनव अवस्थी, अंबुज अवस्थी, संदीप शुक्ला, दीपांशु तिवारी, ब्रजेश अवस्थी आदि लोग सहयोग कर रहे हैं। • अमृत विचार

## ककवन का नाला चोक, भरता पानी

**बिल्हौर।** बरसात से पहले नाली-नाला की सफाई न होने से अब लोग बड़ी मुसीबत का सामना कर रहे हैं। जरा देर की बारिश में घरों तक पानी पहुंच जाता है और जलभराव का सामना करना पड़ता है। ककवन ग्राम पंचायत में लोक निर्माण विभाग की ओर से वर्षों पहले बनाया गया नाला चोक है, जिससे जलभराव होता है।

ककवन थाने के पास लखनऊ-इटावा राजमार्ग पर डॉट पुलिया बनी है, जिसकी खुदाई दो दशक पहले हुई थी। तब से आज तक उसकी सफाई नहीं की गई है, जिससे जलनिकासी की समस्या पैदा हो गई है। बड़ा नाला चोक है, जिससे बैंक ऑफ बड़ौदा के आसपास के घरों में जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी शिकायत ग्राम पंचायत कार्यालय, खंड विकास कार्यालय और क्षेत्रीय विधायक से की, लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई। गलियां कीचड़ से पटी हैं।

सावन के महीने में मंदिर जाने वाले मार्गों पर भी कीचड़ है। लोगों ने विभाग से नाला सफाई के साथ गंदगी की सफाई करने की मांग की है। ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार का कहना है कि एक माह से सचिव की नियुक्ति नहीं हुई है, जिससे साफ-सफाई का काम भी ठप पड़ा है और विकास कार्य भी बाधित हैं।

## सार-संक्षेप



बुधवार को बगदौधी बांगर ग्राम पंचायत की बैठक हुई। अमृत विचार

### बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की दी गई जानकारी

**बिठूर।** कल्याणपुर विकास खंड क्षेत्र की बगदौधी बांगर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान राहुल सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे 2024 के तहत उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन पंचायत भवन में किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले आवास की पात्रता और अपात्रता के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव संजय मिश्रा, पंचायत सहायक अभिजीत त्रिपाठी, आशाबहू और आंगनबाड़ी कार्यकर्ती आदि मौजूद रहे।



फिरोजपुर में सड़क पर जलभराव के बीच से निकलते लोग। अमृत विचार

### बारिश से रूरा के वैकल्पिक अंडरपास में जलभराव

**रूरा।** कस्बे में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के चलते बने वैकल्पिक मार्ग अंडरपास में बुधवार को हुई झमाझम बारिश के चलते भीषण जलभराव हो गया। जिससे लोगों को आवागमन में भारी समस्या का सामना करना पड़ा। दोपहिया व चौपहिया वाहन सवार रास्ता बदल कर अपने गंतव्य को जाने को मजबूर हुए। वहीं संदलपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत फिरोजपुर में जोरदार बारिश से सड़कें जलमग्न हो गईं और घरों के सामने भीषण जलभराव हो गया।

गणेश महोत्सव | बिल्हौर कस्बे के साथ ककवन, अरौल और उत्तरीपुरा कस्बे में भक्तों के बीच दिख रहा खासा उत्साह

# महोत्सव के पंडालों में गणपति बप्पा मोरिया की गूंज

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** कस्बे के साथ तहसील क्षेत्र के अरौल, ककवन और उत्तरीपूरा कस्बे सहित गांवों में पांचवें दिन गणेश महोत्सव की धूम देखने को मिली। गणपति बप्पा के आगमन को लेकर भक्तों ने अपने घरों व पंडालों को फूलों से सजाया। देवों के देव गणपति महाराज के प्राकट्य के साथ ही बुधवार को घरों एवं पंडालों में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से भक्तों का उत्साह देखने को मिला।

नगर में कई जगह गणपति बप्पा के दरबार सजाए गए हैं, जहां सुबह से रात तक गीत-संगीत की ध्वनि गूंज रही है। घरों के द्वार पर रंगोली और पंडालों में हवनादि की सुगंध से हर तरफ माहौल भक्तिमय नजर आ रहा है। श्रद्धालुओं के उत्साह ने महोत्सव को आकर्षक बना दिया है। लोग अपने परिवार के साथ खुशियां मना रहे हैं और गणपति बप्पा से मनोकामना पूरी होने की कामना कर रहे हैं।

नगर में सराफा बाजार सेवा समिति की ओर से गेस्ट हाउस में गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया है। यहां सराफा बाजार सेवा समिति के अक्षय दुबे शैलेंद्र सिंह, अनिल गुप्ता, गुड्डू, नवनीत गुप्ता, विनीत गुप्ता, अंश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। अनूप वर्मा ने अपने घर पर गणपति बप्पा की स्थापना की है। ककवन के प्राचीन सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर में गजानन पूजा समिति की ओर से पांच दिवसीय राम कथा और गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर पहुंचे और आरती में शामिल हुए। इस दौरान शिवराजपुर ब्लाक प्रमुख शुभम वाजपेई, सूरज सेंगर, सचिन राठौर, नीरज शर्मा, हर्ष दुबे, सोनू सविता, विकास तिवारी, अंकित तोमर आदि मौजूद रहे।



ककवन के गणेश महोत्सव में पहुंचे भाजपा विधायक राहुल बच्चा। अमृत विचार



सखरेज गांव में गणपति की आरती उतारते भक्त। अमृत विचार

### सखरेज के गणेश महोत्सव में रामलीला की धूम

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के सखरेज में मंगलवार रात गणेश महोत्सव के दौरान रामलीला का आयोजन हुआ। सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण का संवाद देख दर्शक भावविभोर हो गए। ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई ने आरती उतारकर शुरुआत की। रामलीला में रावण-वाणासुर संवाद, धनुष यज्ञ लीला का मंचन हुआ। राजा जनक का विलाप सुनकर लोगों की आंखें भर आईं। प्रभु श्रीराम ने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर जैसे ही धनुष तोड़ा, फूलों की वर्षा के साथ तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल गूंज उठा। यहां मुस्ता जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला, अध्यक्ष आलोक दुबे, मयंक पांडेय, लकी शुक्ल, भोला शुक्ला, भोला तिवारी, आकाश शुक्ला, विजय सिंह, अवधेश शुक्ला, छोटू तिवारी, आशीष तिवारी मौजूद रहे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत धरमंगदपुर विकास खण्ड-घाटमपुर, कानपुर नगर

पत्रांक – मेमो निविदा/केन्द्रीय वित्त/पंचम वित्त/मनरेगा/एसबी एम निधि दिनांक– 11/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत धरमंगदपुर घाटमपुर, कानपुर नगर में केन्द्रीय वित्त आयोग / राज्यवित्त आयोग/पंचम वित्त/ मनरेगा/एसबी एम निधि के अन्तर्गत 2023–24 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित किये जाने हेतु आइटम रेट/निर्माण सामग्री आपूर्ति पर मुहरबंद निविदा दिनांक 16/09/2024 को अपरान्ह 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएँ इसी तिथि को 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित समिति के द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा के साथ 100 के नान जूडिशियल स्टेम्प व 1/– का रसीदी टिकट हस्ताक्षरयक्त संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री विवरण | आपूर्ति हेतु समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आरआरसी सेंटर निर्माण कार्य | प्राकलन के अनुसार | ईट, मोरंग, सीमेंट, सरिया, गिट्टी, टीन, आदि | 1 माह/आवश्यकतानुसार |
| 2 | सोकपिट निर्माण | प्राकलन के अनुसार | ईट, मोरंग, सीमेंट, सरिया, गिट्टी, आदि | 1 माह/आवश्यकतानुसार |
| 3 | सामुदायिक बर्मी कम्पोस्ट निर्माण | प्राकलन के अनुसार | ईट, मोरंग, सीमेंट, सरिया, गिट्टी, टीन, आदि | 1 माह/आवश्यकतानुसार |
| 4 | सिल्ट चैंबर निर्माण | प्राकलन के अनुसार | ईट, मोरंग, सीमेंट, सरिया, गिट्टी, आदि | 1 माह/आवश्यकतानुसार |
| 5 | फिल्टर चैंबर निर्माण | प्राकलन के अनुसार | इंट, मोरंग, सीमेंट, सरिया, गिट्टी, आदि | 1 माह/आवश्यकतानुसार |
| 6 | सामुदायिक खाद गड्ढा निर्माण | प्राकलन के अनुसार | ईट, मोरंग, सीमेंट, सरिया, गिट्टी, आदि | 1 माह/आवश्यकतानुसार |
| 7 | नाडेफ (कंपोस्ट पिट) निर्माण | प्राकलन के अनुसार | ईट, मोरंग, सीमेंट, सरिया, गिट्टी, आदि | 1 माह/आवश्यकतानुसार |
| 8 | लीज पिट निर्माण | प्राकलन के अनुसार | ईट, मोरंग, सीमेंट, सरिया, गिट्टी, आदि | 1 माह/आवश्यकतानुसार |
| 9 | कूड़ा गाड़ी/रिक्शा/ई रिक्शा | प्राकलन के अनुसार | | 1 माह/आवश्यकतानुसार |

अन्य शर्ते– 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 2. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार/आपूर्ति करने वाली फर्म कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें। 3. नियमानुसार जीएसटी इत्यादि की कटौती की जाएगी। 4. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होगा एवं न्यायालय के बाद योग भी नहीं होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होंगे। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जायेगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत धरमंगदपुर,
वि0ख0 घाटमपुर, कानपुर नगर

ग्राम विकास अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत धरमंगदपुर,
वि0ख0 घाटमपुर, कानपुर नगर

## एक नजर

### हाईटेंशन लाइन का पोल गिरा, बड़ा हादसा टला

**रूरा।** बनीपारा गांव के मुख्य मार्ग पर लालजी कश्यप के घर बाहर से 11 हजार एलटी लाइन निकली है। रोड किनारे पोल भी लगा हुआ है। बुधवार की शाम तेज हवा के साथ हो रही बारिश के चलते विद्युत पोल टूट गया। गनीमत रही कि बिजली आपूर्ति चालू नहीं थी। जिससे हादसा होते टल गया। जेई नितिल उपाध्याय ने बताया कि पोल को हटवाकर नया पोल लगा कर लाइन शुरू की जाएगी।

### युवक से मारपीट में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के हसनापुर गांव निवासी विमल ने पुलिस को बताया कि बीते मंगलवार की शाम वह हसनापुर गांव की तरफ जा रहा था। तभी हसनापुर निवासी राजाराम यादव व कालू एक बाइक से आए और विमल को बैठाकर गांव छोड़ने के लेकर चल दिए। आरोप है कि उक्त लोग बाइक गांव की तरफ न ले जाकर बाग की तरफ ले गए और वहीं पर उसे लात-घूंसो से मारपीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### जेवरात के साथ युवती को ले जाने में एफआईआर

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के घार गांव निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती 4 सितंबर की शाम उसकी पुत्री दुकान जाने की बात कहकर घर से चली गई थी। इसके बाद वापस नहीं आई। काफी खोजबीन करने पर जानकारी मिली कि गांव का ही सुभाष दिवाकर उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुत्री अपने साथ सोने-चांदी के आभूषण सहित तीस हजार रुपये ले गई है। थानाध्यक्ष रामसिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### ट्रक से टकराकर बाइक सवार दंपति घायल

**सिकंदरा।** डेरापुर थाना क्षेत्र के हारामऊ निवासी आकाश (28) जनपद औरैया के कोड़ादास अपनी पत्नी राखी (24) के साथ जा रहा था। तभी सिकंदरा क्षेत्र के डड़ी डेरा गांव के सामने हाईवे पर खड़े ट्रक से उसकी बाइक टकरा गई। जिससे दंपति घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉ. पवन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद आकाश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## सड़कों और गलियों पर जलभराव होने से आवागमन में दिक्कत, राजपुर में जलनिकासी की समस्या

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले में बुधवार को सुबह से रुक-रुककर हुई झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ी।

बुधवार को अकबरपुर समेत जिले के अधिकांश हिस्सों में काले बादल छाए रहे और भोर से ही रुक-रुककर बारिश होती रही। वहीं राजपुर नगर पंचायत के कई वार्डो में जलनिकासी की समस्या है। बुधवार को झमाझम बारिश से आंबेडकर नगर में आरसीसी सड़क जलाशय में तब्दील हो गईं। नाले-नालियों का गंदा पानी सड़कों पर भर जाने से लोगों को काफी परेशानी हुई और लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। कई जगहों पर पानी सड़कों के साथ ही लोगों के घरों के बाहर तक पानी भरा रहा।

आंबेडकर नगर के इदरीस मंसूरी, शिवम, गुल्लन, राजीव, रामदेव आदि ने बताया कि जलनिकासी के लिए वार्ड में करीब 20 साल पहले पीडब्ल्यूडी का बनवाया गया नाला कुछ साल पहले से चोक पड़ा है। जिससे वार्ड में जलनिकासी का उचित प्रबंध नहीं है और बारिश में जलभराव मुसीबत बन जाती है। करीब छह महीने पहले नगर पंचायत ने जलभराव की समस्या दूर करने के लिए आरसीसी सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण कराई।

मुगल सड़क से वार्ड की सड़क निचली होने से जलभराव की समस्या बरकरार है। बुधवार को मूसलधार बारिश से आरसीसी सड़क पर जलभराव हो गया। नालियों के ऊपर पानी का बहाव होने से लोगों के दरवाओं के सामने पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नीति त्रिपाठी ने कहा कि जलनिकासी का प्रबंध हो रहा है।


सड़क पर जलभराव से होकर निकलते बाइक सवार। अमृत विचार


जलभराव से होकर निकलते लोग।

### बिजली गिरने से जल गए उपकरण

**राजपुर।** कस्बे के आंबेडकर नगर में किशवर खां की छत पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे मकान में दरारें पड़ गई और घर में लगे विद्युत उपकरण भी खराब हो गए। बिजली की गड़गड़ाहट इतनी तेज थी कि आवाज सुनकर घर की महिलाएं व पुरुष सहम गए। घर के बाहर लगी सबमर्सिबल पंप समेत विद्युत उपकरण खराब हो गए। पड़ोसी अबरार अहमद ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने का उसके घर में भी असर दिखा। विद्युत मीटर, बल्व आदि उपकरण जल गए। जिससे काफी नुकसान हुआ है। सिकंदरा एसडीएम एसएन शुक्ला ने बताया कि लेखपाल को भेज जांच कराई जाएगी।

### बिजली की चपेट में आने से युवक गंभीर

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के श्यामसुंदरपुर गांव निवासी प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार को उसका पुत्र अतुल कुमार (22) खेत पर मवेशी चराने गया था। उसी दौरान तेज बारिश होने लगी। उसका पुत्र पास में लगे आम के पेड़ के नीचे बरसात से बचने के लिए खड़ा हो गया। इसी दौरान आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई। जिसकी चपेट में आकर उसका पुत्र झुलस गया। जानकारी होने पर उसे उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


बारिश से कच्चे घर की छत और दीवार ढह गई। अमृत विचार

## बारिश से गिरी कच्चे घर की छत

**मूसानगर।** क्षेत्र में हो रही बारिश के चलते बुधवार को नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार अशोक नगर में एक कच्चे घर की छत व दीवार गिर गई। जिससे गृहस्थी का सामान दब गया।

पीड़ित राजू बाल्मीकि ने बताया कि तेज बारिश के चलते घर की कच्ची छत और एक दीवार भरभरा कर गिर गई, जिससे उसका गृहस्थी का सामान दबकर बर्बाद हो गया। उस दौरान परिवार के लोग बाहरी बरामदे में बैठे थे। जिससे कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि आवास के लिए कई बार फॉर्म भरकर नगर पंचायत कार्यालय में जमा कर चुके हैं, लेकिन अभी तक आवास नहीं मिला है। अब वह खुले आसमान में रहने को मजबूर हैं। लेखपाल राघवेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को मौका मुआयना के बाद रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को दी जाएगी।


बिजली गिरने से दीवार में आई दरार।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल कठोर कारावास, माता-पिता दोष मुक्त

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● चौबेपुर क्षेत्र की किशोरी के साथ 13 साल पहले हुई थी वारदात

**अमृत विचार।** चौबेपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ लगातार तीन माह तक दुष्कर्म किया था। पीड़िता की मां ने आरोपी व उसके माता-पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में अदालत ने युवक को दुष्कर्म का दोषी ठहराते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। माता-पिता को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर नगर के चौबेपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह ईंट पथाई का काम कर अपने परिवार की जीविका चलाती है। 11 मार्च 2011 को कानपुर नगर के सिविल लाइन उर्सला अस्पताल के पास रहने वाला अमित उर्फ रोमियो अपनी मां ममता व बुआ मंजू के साथ उसके घर आया। इसके बाद घर पर मौजूद उसके पुत्र को दस रुपये देकर कुछ खा लेने को कहकर उसे बाहर भेज दिया।

इसी दौरान उसकी सत्रह वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर शादी कराने का झांसा देकर अपने साथ ले गए। जब वह अपनी पुत्री का पता लगाने अमित के घर गई तो वहां मौजूद अमित के पिता संतोष, मां ममता व बुआ मंजू ने उसके साथ गालीगलौज की और मारपीट पर आमादा हो गई। मामले की विवेचना के दौरान तीन माह बाद पीड़िता के आरोपी युवक के चंगुल से छूटकर वापस आने पर पुलिस ने बयानों व चिकित्सीय रिपोर्ट पर आरोपी युवक अमित उर्फ रोमियो के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं व आरोपी संतोष व ममता के खिलाफ किशोरी को बहला कर ले जाने व मारपीट की धाराओं में आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने आरोपी अमित उर्फ रोमियो को दोषसिद्ध करते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर सत्रह हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।




पुखरायां कस्बे में गोवंश की मौत पर जाम लगाए लोगों को समझाते-बुझाते भोगनीपुर एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह। अमृत विचार

# करंट से गोवंश की मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम

संवाददाता, पुखरायां

● एसडीएम ने एसडीओ पर कार्रवाई का दिया भरोसा

**अमृत विचार।** कस्बा के नगर पालिका रोड पर एक मवेशी करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। जानकारी पर गौरक्षा व विहिप के पदाधिकारियों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और विद्युत कर्मियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। एसडीएम द्वारा उपखंड अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के आश्वासन पर मवेशी के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां नगर पालिका रोड पर पर लगे विद्युत पोल के स्पोर्टर में करंट उतर आया। जिसमे एक गाय चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जिला गौरक्षा प्रमुख मनन बजरंगी अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी उपखंड अधिकारी पुखरायां आरके वर्मा को फोन के माध्यम से देनी चाही, लेकिन कई बार लगाने के बाद उनका फोन नहीं उठा और बंद बताने लगा। जिसके बाद कार्यकर्ता गाय के शव को सड़क पर रखकर विद्युत अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

मामले की जानकारी मिलते ही पुखरायां चौकी इंचार्ज उमेश कुमार शर्मा पहुंचे और समझाने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता नही माने। जानकारी पर एसडीएम भोगनीपुर सर्वेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने विद्युत पोल के स्पोर्टर में प्लास्टिक लगवाने का आश्वासन दिया। साथ ही लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई की बात कही, जिसके बाद गाय के शव को दफनाया गया।

# तिलियानी के दो घरों से जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता, शिवली

● पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल पर की छानबीन

**अमृत विचार।** क्षेत्र के तिलियानी गांव में सोमवार रात दो घरों से चोरो ने सोने-चांदी के आभूषण, नगदी समेत कीमती सामान पार कर लिया। पुलिस ने मौके पर छानबीन की और डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलवाया। हालाकि चौबीस घंटे से ज्यादा समय बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है।

मांडा मैथा गांव के मजरा तिलियानी निवासी किसान बाबूराम कुशवाहा के घर सोमवार रात में उस समय धावा बोला जब घर के सभी लोग खाना खाकर घर के बाहर आकर लेट गए थे। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी व बक्से के लॉक तोड़ दिए। इसके वहां रखे लाखों कीमत के सोने चांदी के आभूषण, 25 हजार रुपये व कीमती सामान चोरी कर लिया।

इसके बाद चोरों ने पड़ोस में रहने वाले हरीकिशन कुशवाहा के घर में घुसकर अलमारियों व बक्सों में रखे सोने चांदी के आभूषण व उसके फौजी भाई का कीमती सामान तथा पचास हजार रुपये चोरी कर लिया। मंगलवार सुबह जानकारी होने पर घरों में काहराम मच गया।

जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी केएन राय मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने दोनों घरों से साक्ष्य संकलित किए। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच की जा रही है। घटना का खुलासा किया जाएगा।

# एडीएम की पहल पर नहीं माने वकील

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** मैथा तहसील के अधिवक्ताओं द्वारा तहसीलदार के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलने के दूसरे दिन बुधवार को एडीएम न्यायिक मसले का हल खोजने के लिए तहसील पहुंचे।

एडीएम अमित राठौर ने तहसीलदार प्रिया सिंह से अधिवक्ताओं की समस्याओं के बावत जानकारी ली। दूसरी तरफ लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह व महामंत्री कुलदीप तिवारी से भी समस्याएं जानी। इस दौरान एसडीएम सुरभि शर्मा भी मौजूद रहीं। महामंत्री ने बताया कि अभी हल नहीं निकल पाया है। जिससे बहिष्कार जारी रहेगा। दूसरी तरह सह मंत्री रविकांत की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने बुधवार को भी तहसील परिसर में घूम-घूमकर नारेबाजी की।


मैथा तहसील में बुधवार को नारेबाजी करते अधिवक्ता। अमृत विचार

● वार्ता विफल होने पर मैथा के अधिवक्ताओं ने बहिष्कार जारी रखने का किया ऐलान

मैथा तहसील के अधिवक्ता 13 अगस्त से नायब तहसीलदार व तहसीलदार के न्यायालय का समय पर निस्तारण न होने पर बहिष्कार कर रहे है। इस मौके पर देवेंद्र त्रिपाठी, विजय दीक्षित, अनुज पाल, रणविजय सिंह, अंकित द्विवेदी, शारदा शुक्ला, सौरभ पाण्डेय, जयराम कमल, सुमित पाठक, अमित यादव, ईशू सिंह, प्रमोद कुमार, बलीशंकर, मुकेश, पुनीत मिश्रा, शिवकुमार, नीरज वर्मा, ज्ञानेंद्र गुप्ता, आशुतोष पांडेय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मारपीट कर दीवार गिराने का आरोप

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के मूसानगर कस्बे के आजाद नगर निवासी कल्लू ने भोगनीपुर सीओ को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह अपना पुश्तैनी कच्चा मकान तुड़वाकर बना रहा था। जहां पर पुराना दरवाजा लगा हुआ है। वहीं पर नया दरवाजा भी लगाया है। इसके बावजूद पड़ोसी इकबाल ने अपनी मां व दो बहनों समेत पप्पू व समसुल के साथ आकर गालीगलौज व मारपीट कर धमकी दी। आरोप है कि इकबाल ने अपने साथी पप्पू के साथ उसके घर में घुसकर दीवार व दरवाजा गिरा दिया। साथ ही तीन क्विंटल सरिया व 20 बोरी सीमेंट ले गए। घटना में घायल एक महिला को कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ संजय सिंह ने बताया कि मूसानगर पुलिस को जांच के लिए भेजा गया है। कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


रामनगर में गजानन का पूजन करते लोग। अमृत विचार

### शिवली क्षेत्र के पंडालों में गणेश महोत्सव की धूम

**शिवली।** क्षेत्र में गणेश पंडालों में पूजा अर्चन की धूम है। सुबह और शाम आरती के बाद भक्ति संगीत से पूरा इलाका धार्मिक उत्सव में डूबा नजर आ रहा है। मैथा कस्बे के बाजार में स्थापित गणेश प्रतिमा का बुधवार को विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। व्यास प्रदीप मिश्रा, ब्रजेश द्विवेदी, बीनू मिश्रा ने आरती उतारी और भक्ति संगीत का आयोजन किया गया। शिवली के रामनगर मोहल्ले के मानशिला मंदिर में हृदयेश सैनी, सरला सैनी ने आरती उतारी। शिवली कोतवाली के पीछे कालोनी में भगवान गणेश भगवान का चतुर्थ महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गांधीनगर मोहल्ले में गंगाराम पांडेय के आवास पर महिलाओं ने पूजन-अर्चन के बाद ढोलक की थाप और मंजीरे की खनखन के बीच भजन गायन किया और महिलाओं ने भजन गाए। शिवली बाजार, सुभाष नगर, साकेत नगर, बलराम नगर, बिजली घर, बैरी, औनहा, भोला निवादा में भी गणेश भगवान का पूजन-अर्चन किया गया।


डेरापुर सीएचसी की ओपीडी में मरीजों को देखते डॉक्टर। अमृत विचार

### बारिश के बाद संक्रामक बीमारियों के बढ़े मरीज

**संदलपुर।** बारिश होने के कारण जगह-जगह जलभराव व गंदगी के वलते संक्रामक बीमारियां पांव पसार रही हैं। बुधवार को डेरापुर सीएचसी की ओपीडी में सुबह 8 :30 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों की लंबी कतार लगी रही। बीमारियां फैलने से प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। बुधवार कह सुबह बारिश के बाद अचानक मौसम बदला और हवा न चलने से उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। बदलते मौसम के चलते लोगों में वायरल, तेजी से फैल रहा है। साथ ही दस्त, त्वचा, सिर दर्द, बदन, तेज बुखार, सर्दी, जुकाम आदि के मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डेरापुर में 180 मरीज पहुंचे। जहां डॉक्टर मनोज कुमार ने सभी की दवा व परामर्श दिया। बताया कि तेज धूप के बाद अचानक भारी बारिश होने से लोगों की तबियत बिगड़ रही है। जिससे उल्टी-दस्त, बुखार, जुकाम, त्वचा आदि बीमारियों के मरीज भी बढ़े हैं।

**बोर्ड की बैठक** मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए तीन करोड़ रुपये का प्रस्ताव


शिवली नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में मौजूद चेयरमैन अवधेश कुमार शुक्ला, सभासद और अधिकारी। अमृत विचार

# जागेश्वर मंदिर का होगा कायाकल्प

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** नगर पंचायत शिवली में छह करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य कराया जाएगा। जिसमें वंदन योजना के तहत तीन करोड़ रुपये की लागत से जागेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार का प्रस्ताव भी शामिल है। निकाय बोर्ड की बैठक में विकास कार्यो का खाका खींचा गया।

बुधवार को नगर पंचायत के चेयरमैन अवधेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में निकाय बोर्ड की बैठक हुई, जिसमें समिति के सदस्यों के साथ चर्चा के बाद छह करोड़ रुपये से कस्बे के विकास कराए जाने की प्रस्तावों के बाद सर्वसम्मति से पारित हुआ। नगर पंचायत के सदस्यों ने अपने-अपने प्रस्ताव रखे। जिसमे सड़क, नाली, जलनिकासी, पेयजल, ओपेन जिम व स्वच्छता अभियान के लिए प्रस्ताव पारित हुआ। लिपिक राजेश कुमार ने बताया कि वंदन योजना के अंतर्गत जागेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए तीन करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। बैठक में ईओ मनीष कुमार, सुरेंद्र पाठक, उर्मिला देवी, रूपा, सुनील कुमार, ॠतुराज तिवारी, उमाकांत दीक्षित, फजाला, सलमा, आनंद कुमार, अमित तिवारी मौजूद रहे।

## अंबियापुर स्टेशन में ट्रैकमैन की मौत

**रूरा।** अंबियापुर स्टेशन पर ट्रैकमैन फास्ट के पद पर तैनात कर्मचारी की बुधवार को मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

खानपुर चौन निवासी शीतल सिंह (59) अंबियापुर स्टेशन पर ट्रैकमैन फास्ट के पद पर तैनात थे। बुधवार की सुबह करीब छह बजे घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। स्टेशन पहुंचने के बाद अचानक कुछ अस्वस्थ हो गए। साथी प्रशांत कुमार व संतोष कुमार उनको स्टॉप रूम में आराम करने के लिए लिटा कर ड्यूटी पर चले गए। दोपहर करीब 12 बजे वापस स्टॉप रूम पहुंचे तो शीतल सिंह अचेत अवस्था में मिले। सहकर्मियों ने एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉ. प्रतीक पांडेय ने शीतल सिंह को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पत्नी शिवदेवी, पुत्र रीशू सिंह, पुत्री आरती सिंह का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# 28 खाद दुकानों में छापा दो के लाइसेंस निलंबित

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● अधिकारियों ने 16 नमूने भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा चार दुकानदारों को नोटिस

**अमृत विचार।** संयुक्त टीमों ने 28 खाद दुकानों में छापेमारी की। इस दौरान 16 नमूने एकत्रित कर चार उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस जारी की गई। वहीं खामियों पर दो का लाइसेंस निलंबित किया गया है।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता व जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस डॉ आरबी सिंह ने अकबरपुर व मैथा तहसील क्षेत्र में छापेमारी कर नौ उर्वरक प्रतिष्ठानों से दस नमूने लिए। अनुज खाद भंडार रायपुर, सिंह वाहिनी खाद भंडार रसूलपुर गोगूमऊ सरवनखेड़ा के अभिलेख अपूर्ण होने, स्टॉक एवं रेट बोर्ड अंकित न करने पर लाइसेंस निलंबित किया गया। वसुंधरा खाद भंडार गोगूमऊ बंद मिलने पर नोटिस जारी की गई। उप कृषि निदेशक राम बचन राम व जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने तहसील सिकंदरा की चार उर्वरक प्रतिष्ठानों में छापा डालकर एक नमूने लिया। रिशु ट्रेडर्स सिकंदरा व तिवारी ट्रेडर्स सिकंदरा द्वारा दुकान प्रतिष्ठान बंद करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी व सहायक आयुक्त खाद्य ने तहसील भोगनीपुर में पांच उर्वरक प्रतिष्ठानों में छापा डालकर दो नमूने लिए। खामियों पर एक उर्वरक विक्रेता को नोटिस जारी किया गया है। अपर जिला कृषि अधिकारी एवं जिला पिछला कल्याण अधिकारी ने तहसील रसूलाबाद व डेरापुर की दस उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापे डालकर तीन नमूने लिया।

## एक नजर

### आमने-सामने टकराईं बाइकें, दो युवक गंभीर

बांगरमऊ। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव राजेपुर निवासी राजकुमार (30) पुत्र धन्नू व रामजी (23) पुत्र उमेश बाइक से बांगरमऊ आए थे। वापस लौटते समय बुधवार शाम माढ़ापुर मार्ग पर सामने से तेज गति से आ रही दूसरी बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार दोनों युवक गंभीर घायल हो गए।

### वृद्ध को सांप ने डसा, भर्ती

औरास। थानाक्षेत्र के मिर्जापुर अजिगांव निवासी जीतराम पुत्र मैकू (65) अपने खेत में हाथ से खर पतवार साफ कर रहा था। तभी वहां मौजूद जहरीले कीड़े ने उसके हाथ की अंगुली में काट लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास पहुंचाया।

### बच्चे ने पी कीटनाशक,रेफर

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव जिरिकपुर निवासी कुलदीप के डेढ़ वर्षीय बेटे अनुभव ने बुधवार शाम घर में रखी मक्का फसल में कीड़े मारने की दवा पी ली। जिससे वह बेहोश हो गया। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, 2 की मौत

## सई नदी में गणेश प्रतिमा के विसर्जन के लिए जाते समय हुआ हादसा, लोगों में मची चीख-पुकार

संवाददाता हसनगंज उन्नाव


घटनास्थल पर लोगों से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार


विमला।


मधु।

- महिला व 9 वर्षीय बच्ची की मौके पर ही गई जान
- 7 लोग गंभीर रूप से हुए घायल, अस्पताल में भर्ती
- एएसपी व एसडीएम ने मौके पर पहुंच कर की जांच पड़ताल

अमृत विचार। सई नदी में गणेश प्रतिमा को विसर्जित करने जाते समय श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें एक महिला व 9 वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 7 अन्य घायल हो गए, जिन्हें क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

औरास थानाक्षेत्र के बड़ादेव गांव निवासी रज्जन साहू ने गणेश प्रतिमा की स्थापना कराई थी। बुधवार दोपहर पूजन अर्चन के बाद ट्रैक्टर-ट्राली से दो दर्जन से अधिक भक्त मूर्ति विसर्जन के लिए हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर बकिया गांव के पास सई नदी जाने जा रहे थे। तभी क्षेत्र के बहरौली जहानपुर गांव के मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। आसपास के ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक विमला (55) पत्नी राधेश्याम गुप्ता व मधु (9) पुत्री आतिश साहू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 7 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजनों ने संडीला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी मिलते एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद, एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से हादसा हुआ।

### हादसे में यह हुए घायल

- शिवानी (22) पुत्री राम जीवन निवासी बरादेव।
- ललिता तिवारी (18) पुत्री अनिल।
- अनुष्का (18) पुत्री मनीराम विश्वकर्मा।
- पूनम (17) पुत्री नन्हेलाल।
- रोशनी पुत्री सुरेश साहू।
- लक्ष्मी पुत्री अरविंद कुमार तिवारी।
- गीता देवी पत्नी फूलचंद्र।

### ट्रैक्टर के बोनट तक में बैठे थे लोग

हसनगंज। हादसे का शिकार हुआ ट्रैक्टर गांव के ही रामकिशन का था। जिसे गांव निवासी नूर हसन चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो जब हादसा हुआ उस समय ट्राली में करीब 24 व्यक्ति बैठे थे। इनमें पांच व्यक्ति ट्रैक्टर के बोनट पर सवार थे।

### टेंपो पलटने से दबकर वृद्ध की गई जान

उन्नाव। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तेज रफ्तार टेंपो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें टेंपो सवार वृद्ध की मौत हो गई जबकि, चार सवारियों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के बाद घर भेज दिया गया। माखी थानांतर्गत बौनामऊ गांव निवासी कमल किशोर अवस्थी (70) एक वकील के यहां मुंशी थे। बुधवार सुबह वह रोज की तरह कचहरी आने के लिए गांव के बाहर से टेंपो में बैठ गए। सदर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-हरदोई मार्ग पर सैय्यद अब्बासपुर के पास अचानक टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मिट्टी के ढेर पर जाकर पलट गया। हादसा देख राहगीर दौड़े और टेंपो को सीधा किया। लेकिन तब तक कमल किशोर की मौत हो गई थी। दोस्ती नगर चौकी पुलिस ने टेंपो में बैठे अन्य चार यात्रियों को अस्पताल भिजवाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी को घर भेज दिया गया। वहीं वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।


हंगामा करते ग्रामीण। अमृत विचार

# एक बार फिर नहीं हो सका निलंबित कोटे का चयन

संवाददाता औरास उन्नाव

अमृत विचार। थानाक्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर चक सुनौरा का कोटा (सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान) काफी समय से निलंबित चल रही थी। जिसे लेकर गांव व मजरों में किशन खेड़ा, अटिया, शिवराज खेड़ा, सुनौरा, मोहम्मदपुर व गुलाब खेड़ा से ही तीन लोगों ने आवेदन किया था। जिसमें बीते बुधवार कोटा चयन के लिए खुली बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर चक सुनौरा में किया गया था। लेकिन भारी हंगामा के चलते कोटे का चयन नहीं हो सका।

विकासखंड औरास अंतर्गत मोहम्मदपुर चक सुनौरा में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान काफी समय से निलंबित चल रही थी। जिसे बहाल करने के लिए ग्रामीणों ने कई बार उच्चाधिकारियों से कहा था। पूर्व में कई बार तिथि निर्धारित की गई लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हो पाई थी। बुधवार को कोटा चयन को लेकर एडीओ पंचायत, एडीओ कृषि अशोक कुमार खाद्य व पूर्ति निरीक्षक की मौजूदगी में कोटा चयन होना था। लेकिन, दावेदारों में किरण देवी, रीकम यादव व विजय लक्ष्मी मैदान में थीं। सभी दावेदार, उनके समर्थक, गांव की जनता व अधिकारीगण फोर्स के साथ सुबह 10 बजे प्राथमिक विद्यालय चक सुनौरा पहुंचे, लेकिन भारी हंगामा के चलते कोटा चयन नहीं हो सका।

# बार चुनाव को लेकर तेज हुई गहमा-गहमी

संवाददाता सफीपुर उन्नाव


बार एसोसिएशन सफीपुर में चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते अधिवक्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। स्थानीय बार एसोशिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए अध्यक्ष, मंत्री, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व संयुक्त मंत्री पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए गए। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से बार एसोसिएशन चुनाव में गहमागहमी शुरू हो गयी है। चुनाव में अध्यक्ष व मंत्री पद के लिए तीन-तीन नामांकन पत्र दाखिल किए गए। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित कोषाध्यक्ष व संयुक्त मंत्री पद के लिए एक-एक नामांकन पत्र दाखिल होने से उनका निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। नामांकन पत्रों की वापसी व जांच गुरुवार को और 17 सितंबर को मतदान के बाद वोटों की गिनती की जाएगी।

**इन लोगों ने दाखिल किये नामांकन पत्र :** सफीपुर तहसील बार एसोसिएशन चुनाव के लिए बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए पूर्व बार अध्यक्ष कृष्ण कांत कनौजिया, रामखेलावन व क्षमापति सहाय ने नामांकन किया। वहीं मंत्री पद के लिए ब्रजकिशोर कुशवाहा, अभिनव गौड़ व संजीव शुक्ला ने पर्चा भरा। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए रामप्रकाश पाल, कोषाध्यक्ष के लिए विवेक कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष ओमकार रावत, सहायक मंत्री ललित कुमार, सहायक उपाध्यक्ष अनुज दीक्षित व सतगुरु प्रसाद मिश्रा व संयुक्त मंत्री पद के लिए गुफरान अली का मात्र एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ। जिससे उनका निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। लेकिन नामांकन पत्रों की जांच के बाद ही उनके नामों की घोषणा होगी। चुनाव अधिकारी यशपतेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी के बाद 17 सितंबर को मतदान होगा।

# सदर विधायक ने छात्र छात्राओं को बांटे टैबलेट

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

अमृत विचार। डीएसएन महाविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने टैबलेट बांटे।

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वामी विवेकानंद सरस्वती युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्रों को निःशुल्क टैबलेट दिये जा रहे है। बताया डिजिटलाइजेशन के युग में तकनीकी शिक्षा का महत्व और बढ़ जाता है। इस योजना के महाविद्यालय नोडल अधिकारी डॉ. प्रिन्स ने बताया कि महाविद्यालय के परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के 212 छात्र को मिला है। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रदीप गुप्ता ने छात्रों को वितरित किए गए टैबलेट की तकनीकी शिक्षा में उपयोगिता बताई। इस दौरान चंचल सिंह, सुषमा पोरवार, रचना त्रिवेदी, हरिशंकर यादव, अरविंद आदि रहे।


कार्यक्रम में मौजूद विधायक पंकज गुप्ता व अन्य। अमृत विचार

# छापेमारी में बिजली चोरी करते 10 धरे गये

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव


छापा मारता विद्युत प्रवर्तन दल। अमृत विचार

- विद्युत विभाग ने सभी बिजली चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दी चेतावनी

अमृत विचार। अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खंड उन्नाव के निर्देशानुसार प्रवर्तन दल ने बुधवार नगर के तीन मोहल्लों में औचक छापा मारा। जहां विद्युत चोरी करते हुए 10 लोगों को चिन्हित किया गया। विभाग द्वारा सभी विद्युत चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की है।

स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के अधिशासी अभियंता राजनाथ यादव के नेतृत्व में विद्युत प्रवर्तन दल ने बुधवार को नगर के मोहल्ला पटेल नगर, गुलाम मुस्तफा व हटिया में औचक छापा मारा। इस दौरान कटिया डालकर विद्युत चोरी करते मोहल्ला पटेल नगर निवासी सुनील कुमार, रुपेश कुमार, जगत नारायण, कुमारी बिंदु व लालू और मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी सईद अहमद सिद्दीकी व नुसरत अली को चिन्हित किया गया। इसके अलावा मीटर बाईपास से विद्युत चोरी करते हुए मोहल्ला हटिया निवासी सारिक व तारिक अली को चिन्हित किया गया है। विभाग द्वारा सभी 10 विद्युत चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। प्रवर्तन दल में उप खंड अधिकारी राम इकबाल, अवर अभियंता कमलेश वर्मा व कमलेश प्रजापति आदि विद्युत कर्मी रहे। अधिशासी अभियंता ने वैध उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि अपने पड़ोस व आसपास अवैध रूप से विद्युत चोरी करने वालों की शिकायत बिजली मित्र पोर्टल के माध्यम से करें। जिससे वैध कनेक्शन धारकों को निर्बाध आपूर्ति दिलाई जा सके। उन्होंने दावा किया कि शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# वृद्ध को नशीली दवा सुंघाकर किया टप्पेबाजी का प्रयास

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- परिजनों ने दो को दबोच कर पुलिस के हवाले किया

अमृत विचार। बाजार आए नगर के मोहल्ला कस्बा टोला निवासी एक वृद्ध को टप्पेबाजों ने नशीली दवा सुंघा दी। इसके बाद वह घर पहुंचकर नशे में अलमारी से जेवर निकालने लगा। पत्नी व पुत्र ने जेवर छीन लिये। इसके बाद वृद्ध साइकिल से टप्पेबाजों से मिलने जा रहा था। पीछा करते हुए परिजनों ने दो टप्पेबाजों को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

मोहल्ला कस्बा टोला निवासी बालक राम (60) पुत्र रामचंद्र बुधवार शाम नगर की नौनिहाल गंज बाजार आये थे, जहां पर टप्पेबाजों ने उन्हें नशीली दवा सुंघा दी और उससे घर में रखा जेवर लाने को कहा। इस पर वृद्ध घर पहुंचा और अलमारी से जेवर निकालने लगा। यह देख पत्नी व पुत्र अंकित ने उससे जेवर छीन लिये। इसके बाद वृद्ध टप्पेबाजों से मिलने साइकिल से नानामऊ की ओर जाने लगा। पीछे से बाइक से परिजन भी चल दिए। उधर गांव जगत नगर के पास नानामऊ से दो बाइक सवार टप्पेबाज आकर वृद्ध से बातें करने लगे। तभी मौका पाकर परिजनों ने दोनों को दबोच लिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने टप्पेबाजों को हिरासत में ले लिया। पुलिस टप्पेबाजों से घटना को लेकर पूछताछ कर रही है। उधर परिजनों ने वृद्ध को अर्धविक्षिप्त अवस्था में भर्ती कराया गया है।

# हादसे में क्षतिग्रस्त हुए ट्रकों की बैटरी खोलते दो गिरफ्तार

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव गोकुलपुर के पास मंगलवार सुबह दो ट्रक आमने-सामने टकरा गए थे। पुलिस ने दोनों ट्रकों को सड़क किनारे खड़ा करवा दिया था। मंगलवार रात दो युवक ट्रकों की बैटरी खोल रहे थे।

तभी मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरी कर रहे आशीष निवासी भैंसई कोयल बीघापुर व दिलीप निवासी कंदरपुर असोहा को पकड़ लिया। पुलिस को दोनों के पास से दो बैटरी, दो लोहे के एंगल व एक प्लास बरामद किया है। कोतवाल राकेश गुप्ता ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहा से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# मंजू कनौजिया जिलाध्यक्ष व निधि मिश्रा बनीं महामंत्री

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)



शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करतीं महिला शिक्षक। अमृत विचार

- महिला शिक्षक संघ को मजबूत करने को पदाधिकारी नियुक्त

अमृत विचार। महिला शिक्षक संघ का अधिवेशन एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य ने सर्वप्रथम सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरुआत की। उन्होंने कहा की इस संगठन की शुरुआत 8 जुलाई 2000 को हुई थी। महिलाओं का मातृत्व अवकाश, बाल्य देखभाल अवकाश, चिकित्सीय अवकाश हमारी प्राथमिकता में हैं। यदि जिले के अधिकारी हमारी बात नहीं सुनेंगे तो हमारे द्वारा इसकी आवाज प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री तक ले जाएंगे। जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि मंजू कनौजिया जिलाध्यक्ष, निधि मिश्रा महामंत्री, प्रज्ञा शुक्ला कोषाध्यक्ष, ज्योति उपाध्याय व शिखा सिंह उपाध्यक्ष, गुंजन व पूजा सिंह संयुक्त मंत्री, सुरभि पांडे प्रचार प्रसार मंत्री, क्रिटी अकाउंटेंट सुजाता सिंह, आय व्यय निरीक्षक पुष्पलता आदि को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में सभी ब्लॉकों से करीब 120 शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## सार-संक्षेप


नव नियुक्त पदाधिकारी का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### संजीव बने सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव

बांगरमऊ। समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से बांगरमऊ नगर के मोहल्ला टेढ़ी बाजार निवासी हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव त्रिवेदी को अधिवक्ता सभा का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। साथ ही पार्टी ने उनको उत्तर प्रदेश के प्रभारी का दायित्व भी सौंपा है। पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश यादव, हसीब खान प्रदेश उपाध्यक्ष युवाजन सभा, साधु यादव जिला उपाध्यक्ष, सुरेश पाल पूर्व जिला मंत्री, याकूब अली सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष, हेमंत पाल जिला महासचिव, फैसला खान, राधेलाल निषाद, संजीव शुक्ला आदि ने उन पर विश्वास जताया है कि वे इस महत्वपूर्ण पद पर मनोनयन से पार्टी के जनाधार में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। कचहरी उन्नाव में शशिभूषण, प्रशांत प्रभु महाराज, राजजीवन पाल, आशीष कुमार, नरेंद्र बाजपेई, सुधीर कुमार व राजेश गौतम आदि अधिवक्ताओं ने संजीव त्रिवेदी का माला पहनाकर अभिनंदन किया।

## गणेश महोत्सव

### अबीर गुलाल उड़ाते हुए ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर नाचते-गाते विसर्जन को पहुंचे भक्त

# भक्तिगीतों से गूंजे पंडाल, विसर्जन का शुरू हुआ सिलसिला

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- गणेश पंडालों में आयोजित किये जा रहे हैं कार्यक्रम
- महा आरती के बाद लोगों को बांटा गया प्रसाद


चंपापुरवा में विसर्जन में शामिल बच्चे। अमृत विचार

अमृत विचार। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी। बुधवार को पांचवें दिन फत्ते खेड़ा गगनी खेड़ा झील में श्रद्धालु विसर्जन करने पहुंचे। जहां अबीर गुलाल व गाजे बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। वहीं पंडालों में रंगारंग कार्यक्रम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

बुधवार को श्री सिद्धि विनायक गणपति मंडल साकेतपुरी में विराजे गंगाघाट के राजा की सुबह के समय महाआरती की गई। वहीं शाम के समय पंडाल में झांकी प्रस्तुत की गई। वहीं श्री गणेश नवयुवक सेवा समिति की ओर से बुधवार श्री गणेश शहस्त्राचन का आयोजन कराया गया। इसके अलावा श्री कृष्णा स्वीट हाउस के श्री कृष्ण राजपूत, लव राजपूत, श्रीराम राजपूत की ओर से सीताराम धर्मशाला में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। वहीं बुधवार को शोभा यात्रा में शामिल भक्त अबीर गुलाल उड़ाते हुए भक्ति गीतों पर नाचते गाते गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगा रहे थे। सुबह गगनीखेड़ा फत्तेखेड़ा स्थित झील पर श्रद्धालुओं ने गणेश का विसर्जन करना शुरू कर दिया। जहां बुधवार को चंपापुरवा में महेश सक्सेना, आलोक, सारांशी, कृष्णा, कृषिव, अर्जुन, शिवम, मुकेश, विशाल समेत तमाम लोगों ने अबीर गुलाल उड़ाकर बप्पा को विदाई दी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। वहीं चंपापुरवा शिव मंदिर, पोनी रोड, बिंदा नगर, श्री नगर समेत तमाम गणेश पंडालों में सुबह शाम बाबा की भव्य आरती कर प्रसाद बांटा गया।

### गजानन से की सुख समृद्धि की कामना

बांगरमऊ। नगर के कोतवाली मुख्य द्वार के पास आयोजित सप्त दिवसीय श्रीगणेश महोत्सव के चतुर्थ दिवस शाम श्रद्धालुओं ने गजानन का वेद मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर देश की सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तों ने सुबह से शाम तक कीर्तनों के माध्यम से गणपति का गुणगान किया। मोहल्ला कटरा व न्यू कटरा के नागरिकों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित गणेश महोत्सव में खासकर बीती मंगलवार शाम गणेश स्तोत्र पाठ के दौरान पड़ोसी मोहल्ले शुक्लाना पन्नी टोला, सरोजनी नगर, नौनिहाल गंज,दुबियाना व गढ़ी के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मध्यांतर में बीडीएस स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की मनोरम झांकी भी प्रस्तुत की गई। सभासद हरिओम तिवारी ने श्रद्धालु भक्तों को फलों का प्रसाद वितरित किया। महोत्सव में मुख्य यजमान संजीव शुक्ला व प्रमोद द्विवेदी सहित बाबूलाल दिवाकर, श्याम मुरारी द्विवेदी, शुभम रस्तोगी, बंबई लाल दिवाकर, कौशल बाजपेई, प्रताप दीक्षित, राम नरेश सिंह, अनमोल श्रीवास्तव, बैजनाथ यादव, विमल द्विवेदी, मूल नारायन व राज नरायन शुक्ला आदि मौजूद रहें।

### भजन कीर्तन में जमकर झूमे श्रद्धालु

पुरवा। तहसील क्षेत्र के गांव बैगांव में 11वें सार्वजनिक गणेश महोत्सव के पांचवें दिन भजन गायिका राधा किशोरी ने बाबा के भजन व कथा सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। राधाकृष्ण व सुदामा की सुंदर झांकिया प्रस्तुत की गईं। देवा कमेटी के सदस्यों अरविन्द, उमेश, शिव कुमार, बृजमोहन सहित गांव के लोग मौजूद रहे। वहीं क्षेत्र के ही बेहटा मे शिव शंकर कोटेदार के यहां चल रहे सार्वजनिक गणेश महोत्सव मे गांव के बच्चों ने सुदामा चरित्र, राधाकृष्ण और खाटू श्याम की मनमोहक झांकिया प्रस्तुत कीं। रवि कुशवाहा, शिवम शर्मा, अमन विमल सहित गांव के लोग मौजूद रहे।


गणपति प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते भक्त। अमृत विचार

# गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

- भक्तों ने गणपति को नम आखों से किया विदा

अमृत विचार। गणपति महोत्सव के पांचवे दिन बुधवार को शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिमा विसर्जन यात्राएं धूमधाम से ढोल बाजे के साथ निकाली गईं। जहां भक्त नाचते गाते रंग-अबीर-गुलाल उड़ाते हुए भक्ति के सराबोर नजर आये। वहीं भक्तों ने गणपति बप्पा को अगले बरस जल्द आने का निमंत्रण देकर नम आखों से विदा किया।

शहर के रामनगर में बीते छह वर्षों से होती आ रही सार्वजनिक गणपति पूजा के पांचवें दिन समाजसेवी सुशील यादव के संयोजन में गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन शुक्लागंज में किया गया। इस दौरान सभासद सतीश यादव, गगन गुप्ता, आशीष, सूरज, संगीता, तरुशी, महक, निकुंज आदि ने ढोल-नगाड़ों के साथ गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन किया।

## एक नजर

### मूर्ति विसर्जन के दौरान दो युवक डूबते बचे

**शुक्लागंज उन्नाव।** गगनी खेड़ा झील में बुधवार को उन्नाव से मूर्ति विसर्जन करने काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जहां विसर्जन के दौरान नाव पर अधिक लोग बैठ गये। जिससे दो युवक झील में कूद गये। जिससे वह डूबते बचे। बुधवार को उन्नाव से श्रद्धालु गणेश प्रतिमा विसर्जित करने के लिये गगनी खेड़ा झील पर पहुंचे। इसी दौरान नाव में अधिक लोग बैठकर मूर्ति विसर्जित करने जा रहे थे, जैसे ही मूर्ति झील में विसर्जित करने लगे, तभी नाव डगमगा गई और दो युवक बचने के चक्कर में झील में कूद गये। यह देख मौजूद गोताखोरों ने उन्हें किसी तरह बाहर निकाला। जिसके बाद मौजूद पुलिस कर्मी झील पर जाने के लिये लोगों को रोकते रहे और नाव पर अधिक लोगों को बैठने से मना करते रहे। वहीं पुलिस कर्मी आने जाने वाले लोगों को कुछ देर पहले हुई घटना के बारे में बता कर सचेत भी करते रहे।

### किशोरी के अपहरण का आरोपी गया जेल

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के अपहरण के आरोपी थानाक्षेत्र के गांव कोटवा निवासी अजय रावत पुत्र छत्रपाल को दरोगा अनिल राजपूत ने पुलिस बल के साथ बुधवार सुबह असोहा-सोहरामऊ मार्ग पर रानीपुर चौराहे के पास से पकड़ लिया। इसके बाद उस पर कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसओ विमल कांत गोयल ने बताया कि किशोरी के अपहरण के आरोपी को जेल भेजा गया है।

# कच्ची दीवार गिरने से बाबा-पौत्र की मौत

## बुधवार सुबह हुए हादसे में एक गाय की भी दबकर गई जान, मौके पर पहुंचे अधिकारी

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव



सूचना पर गांव पहुंचे पुलिस अधिकारी और जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश से कमजोर हो चुकी पड़ोसी की कच्ची दीवार के भरभरा के ढहने से गाय का दूध दुहने आए बाबा व उसका पौत्र मलबे में दब गये। शोर सुन परिजन दौड़े व पड़ोसियों की मदद से मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला। लेकिन तब तक वृद्ध की मौत हो चुकी थी। घायल युवक को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मलबे में दबकर गाय की भी जान चली गई। जानकारी पर एसडीएम हसनगंज, पशु चिकित्साधिकारी व अन्य अफसर पहुंचे और जांच की।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बखतौरी खेड़ा गांव निवासी बद्री (70) अपने घर के बाहर पड़ोसी श्याम बहादुर के पुराने घर की कच्ची दीवार पर छप्पर डाल अपने दुधारू पशु बांधता था। बुधवार सुबह साढ़े छह बजे वह अपनी गाय दुहने गया था। वहीं, उसका पौत्र महेंद्र (30) पुत्र संतू पाल मवेशियों के लिए चारा लगा रहा था। तभी अचानक दीवार भरभरा के ढह गई। इससे वृद्ध, उसका पौत्र व मवेशी दीवार के मलबे के नीचे दब गए। शोर सुन परिजन दौड़े। चीख सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए। एक घंटे बाद मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक बद्री की मौत हो चुकी थी।



बद्री।



महेंद्र।

- क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत ने भी मौके पर पहुंचकर परिजनों को बंधाया ढांढस
- सुबह गाय का दूध दुहते समय हुआ हादसा,परिजनों में मचा कोहराम

गंभीर रूप से घायल महेंद्र को हसनगंज सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे भी मृत घोषित कर दिया। बाबा-पोते की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एसडीएम रामदेव निषाद ने परिजनों को हर संभव मदद भरोसा दिया है। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। वहीं जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उन्हें हर प्रकार की मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

### तीन साल पहले हुई थी महेंद्र की शादी

**नवाबगंज।** हादसे का शिकार हुए बद्री के दो बेटों में महेंद्र बड़े बेटे संतूपाल का पुत्र था। उसकी तीन साल पहले शादी हुई थी। महेंद्र की मौत से उसकी पत्नी और अन्य परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है। वहीं मलबे में दबकर एक गाय की भी मौत हुई है। पशु चिकित्साधिकारी ने पोस्टमार्टम कर गांव के बाहर उसका शव दफन कराया।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से सैकड़ों घरों की गुल रही बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** मंगलवार देर रात बिंदा नगर मोहल्ले में स्थित 630 केवीए का ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गया, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। इस दौरान सैकड़ों घरों में 24 घंटे से ज्यादा समय तक बिजली की कटौती का सामना करना पड़ा, जिससे स्थानीय लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

ट्रांसफार्मर की खराबी की सूचना मिलने के बाद क्षेत्रीय लोगों ने बुधवार सुबह विभागीय कर्मचारियों को इस समस्या से अवगत कराया। शुरुआत में ट्रांसफार्मर की मरम्मत का प्रयास किया गया, लेकिन इसे सफलतापूर्वक ठीक नहीं किया जा सका। इस बीच, क्षेत्रीय निवासियों को रात भर अंधेरे और बिना बिजली के समस्याओं का सामना करना पड़ा। बुधवार की शाम को, विभाग ने एक नया ट्रांसफार्मर लाने की व्यवस्था की। शाम करीब साढ़े छह बजे नया ट्रांसफार्मर साइट पर पहुंचा और उसे हाइड्रा की मदद से लगाने का काम शुरू किया गया। इस काम में कुछ समय लगने के बाद, रात करीब दस बजे के आसपास, 600 से अधिक घरों की बिजली की आपूर्ति फिर से शुरू की जा सकी। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं 24 घंटे बिजली न आने से इलेक्ट्रानिक उपकरण शो पीस रहे।



पोनी रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में किया गया भव्य श्रृंगार। अमृत विचार

# राधा अष्टमी पर मनाया गया भव्य उत्सव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को बांटा गया प्रसाद

**अमृत विचार।** बुधवार को राधा अष्टमी के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में राधा रानी का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष दिन पर भक्तों ने राधा कृष्ण की भव्य आरती और श्रृंगार के साथ छप्पन भोग का आयोजन किया।

पोनी रोड स्थित राधा-कृष्ण दुर्गा मंदिर में सुबह से ही उत्सव का आगाज़ हुआ। मंदिर में राधा किशोरी की प्रतिमा का अभिषेक कर भव्य श्रृंगार किया गया और छप्पन भोग का आयोजन हुआ। भक्तों ने छप्पन प्रकार के पकवानों का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया। शाम को मंदिर में महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नगर के अन्य मंदिरों में भी राधा अष्टमी की धूम रही। गोपीनाथ पुरम स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर, श्याम खाटू मंदिर और आनंद नगर स्थित अन्नपूर्णा मंदिर में भी राधा अष्टमी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इन मंदिरों में देर शाम तक भव्य कार्यक्रम चलते रहे। वहीं बालूघाट स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर में भी विशेष आयोजन हुआ, जहां भक्तों ने राधा रानी के अवतरण दिवस पर भंडारे का आयोजन किया। यहाँ पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस प्रकार, राधा अष्टमी का उत्सव नगर भर में मनाया गया।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता औरास उन्नाव

- मां ने बेटे की हत्या करने के बाद शव लटकाने का आरोप लगाया
- घटनास्थल के पास से एक जूता और मोजा मिला, जांच को भेजा

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव आम के पेड़ से लटकता मिला। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गये। मां ने बेटे की हत्या क़र शव लटकाये जाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

औरास थानाक्षेत्र के गांव मिर्जापुर अजिगाव निवासी मंगू का 28 वार्षिय बेटे राजकुमार का शव कस्बा औरास में मुन्नीलाल द्विवेदी के आम के बाग़ में एक पेड़ पर संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटकता मिला। शव देख मां कैलासा बदहवास हो गई। पुलिस ने शव नीचे उतरवाक़र जांच की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना पर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच कर साक्षय एकत्र किये। घटनास्थल के पास से एक जूता-मोजा मिला। जिसे टीम ने जांच के लिये कब्जे में लिया।

# बारिश व तेज हवा से गिरा पेड़, लगा जाम

अमृत विचार सफीपुर

कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गाव नौबतपुर-महदी खेड़ा के बीच बीती रात बारिश व तेज हवा चलने से एक कैथा का पेड़ गिर गया। जिससे उन्नाव-हरदोई मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। सड़क पर वाहनों की कतार लग गई। लोगों ने इसकी सूचना एसडीएम नवीन चन्द व प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह को दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और पेड़ कटवाकर आवागमन सुचारु कराया। इसके चलते कई घंटे तक मार्ग पर यातायात ठप रहा। गनीमत यह रही कि शाम होने के कारण मार्ग पर कोई आवाजाही नहीं थी।



रोड पर गिरा पेड़ व लगा जाम। अमृत विचार

अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। उधर, मुख्य मार्ग पर पेड़ गिरने से बुधवार सुबह छात्र-छात्राओं को स्कूल ले जाने वाले वाहन भी प्रभावित हुए। जिससे छात्र स्कूल नहीं पहुंच सके।

### मूर्ति विसर्जन के चलते नवीन पुल पर घंटों लगा जाम

**शुक्लागंज उन्नाव।** गणेश महोत्सव के पांचवे दिन बुधवार को गगनी खेड़ा झील व कानपुर कैंट में प्रतिमा विसर्जन के चलते क्षेत्र में भीषण जाम लग गया। प्रतिमा विसर्जन के लिए नगर व दूर-दराज से आए भक्तों के वाहनों की भारी तादाद के चलते कानपुर के दोनों प्रमुख रास्तों पर जाम की स्थिति बनी रही। गगनी खेड़ा फत्ते खेड़ा झील में सुबह से ही विसर्जन के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। उनके वाहनों, टेंपो, ई-रिक्शा और ट्रैक्टरों की भीड़ ने बैराज मार्ग को जाम कर दिया।

## सार-संक्षेप

### उर्वरक विक्रेता के यहां हुई छापेमारी

**उन्नाव)।** इन दिनों धान की फसल के लिए आएदिन किसान से घटतौली व मिलावट की शिकायत मिलती रहती हैं। इसीलिए किसानों को सही कीमत पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए डीएम के निर्देश पर सदर क्षेत्र में डीडी कृषि डा. मुकुल तिवारी व सदर एसडीएम हिमांशु गुप्ता, प्रभारी डीएओ अनुराग कुमार व एसडीएम पुरवा व हसनगंज में जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला ने एसडीएम सफीपुर व बांगरमऊ क्षेत्र, भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार व एसडीएम बीघापुर तहसील क्षेत्र की उर्वरक दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सभी टीमों ने तहसील क्षेत्रों की 61 दुकानों की जांच करते हुए स्टाक का अभिलेखों से मिलान कराया। साथ ही संदिग्ध प्रतीत होने वाले स्टाक से 20 नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत, परिजन बेहाल

**सोहरामऊ उन्नाव।** भागूखेड़ा गांव के मजरा मोहारी में मंगलवार रात नन्हा (25) पुत्र देशराज घर पर लेटा था। रात 12 बजे किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। उसकी चीख सुनकर घर के लोग जग गये और उसे लेकर पास के एक चिकित्सक के पास ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत बता दिया।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**सोहरामऊ।** थानाक्षेत्र के गांव सहरावां के मजरे दरियारखेड़ा निवासी हरिदास (32) पुत्र छोटे लाल को एक माह पहले सोहरामऊ कस्बे में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया था। तभी से उसका लखनऊ में एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। मंगलवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पीडीए फार्मूला स्वीकार कर रही देश की जनता : राजेश

**बांगरमऊ उन्नाव।** समाजवादी सदस्यता अभियान व पीडीए जागरूकता अभियान के तहत क्षेत्र के हरदोई रोड स्थित एक मैरिज लॉन में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि पीडीए फार्मूले से लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 37 सीटें जीतकर रिकॉर्ड बनाया है। कहा कि पीडीए फार्मूले को देश की जनता स्वीकार कर रही है। इसलिए सपा इसी फार्मूले के साथ आगे बढ़ेगी। पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष याकूब अली सिद्दीकी ने पार्टी में शामिल हुए लोगों को बधाई दी और गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस दौरान साधू यादव, हसीब खान, सुरेश पाल, अनमोल पांडेय, फैसल खान, अरकान सिद्दीकी, फैजान अंसारी व गुलिस्तान खान आदि मौजूद रहे।

### बिजली गिरने से घर की दीवार में पड़ी दरार

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के इटकुटी गांव निवासी गंगा पुत्र नन्हकऊ अपने परिवार के साथ घर पर सो रहे थे। देररात बारिश के दौरान बिजली उसके घर की छत पर बने लोहे के जाल पर गिर गई। जिससे उसके घर की दीवार में दरार पड़ गई।

### जश्न-ए-चिरागा की धूम, सजावट को लेकर बनने लगे गेट

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को मिलादुन नबी के अवसर पर आयोजित जश्न-ए-चिरागा का पर्व पूरी शान-ए-शौकत के साथ मनाया गया। इस मौके पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में सजावट का दौर शुरू हो गया है। इस पर्व की खासियत को निखारने के लिए मस्जिद नुमा ऊंचे और आलीशान गेट बनवाने के लिये तैयारी कर रहे हैं।मदनी नगर गली के बाहर कई सालों बाद ऊंचा गेट बनाया जा रहा है, जो आयोजन की भव्यता को बढ़ाएगा। इसके अलावा, पोनी रोड तिराहे के पास भी गेट बनाने का काम जारी है। इन गेटों के निर्माण का काम पिछले कई दिनों से जारी है।

# हेड कांस्टेबल 5000 रिश्वत लेते गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- सफीपुर एसएचओ का चालक है आरोपी हेड कांस्टेबल
- एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** अवैध लकड़ी कटान के लिए घूस मांग रहे सफीपुर कोतवाली के हेड कांस्टेबल (चालक) को लखनऊ से आई भ्रष्टाचार निवारण टीम ने कोतवाली के पास एक दुकान से 5000 रुपये घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया। उसे हिरासत में लेकर टीम माखी थाना पहुंची जहां पीड़ित की तहरीर पर उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। बताते हैं कि पकड़े गए हेड कांस्टेबल का कुछ दिन पूर्व रुपये लेते एक वीडियो भी वायरल हुआ था हालांकि अमृत विचार अखबार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।



वीरेंद्र यादव।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मरौंदा मझवारा गांव निवासी सोनू रावत पुत्र हीरालाल लकड़ी कटवाने का ठेका लेता है। पुलिस की मिलीभगत से वह वैध की आड़ में अवैध रूप से हरे पेड़ भी कटवाता था। बुधवार को उसी की शिकायत पर भ्रष्टाचार निवारण टीम ने सफीपुर कोतवाली से 200 मीटर दूर तिवारी मिष्ठान भंडार के पास कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल वीरेंद्र यादव को रुपये लेते रंगे हाथ दबोच लिया । टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर अरुणेश कुमार गुप्ता ने बताया कि वीरेंद्र का 5000 रुपये लेते एक वीडियो वायरल हो रहा था। इसकी शिकायत की गई थी। उसी पर जांच के दौरान ट्रैप टीम गठित की गई। शिकायत कर्ता की तहरीर पर वीरेन्द्र सिंह यादव को गिरफ्तार कर माखी थाने में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में छह दरोगा व चार हेड कांस्टेबल के साथ ही गवाह के तौर पर दो स्थानीय लोक सेवक की मौजूदगी में उसे रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

# नाले की मेड़ पर पड़ा मिला शव

**औरास उन्नाव ।** खारजा नाले की मेड़ पर शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नहीं मिली।

बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के गांव कनवा खेड़ा के मजरा भुरकुण्डी में बुधवार दोपहर मुर्गी फार्म के सामने खारजा नाले की मेड़ पर एक 30 वर्षीय व्यक्ति का शव ग्रामीणों ने पड़ा देखा। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान कराई। पहचान न होने पर पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार वह कई दिनों से इधर-उधर घूम रहा था।

# 12 दिन बाद आज से शुरू होगी जलापूर्ति

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आदर्श नगर पंप हाउस की 12 दिन पहले मोटर व केबल जल गई थी। नई मोटर मंगाने में पालिका के जलकल विभाग को दो सप्ताह लग गये। गुरुवार को नई मोटर डालकर जलापूर्ति चालू कर दी जायेगी।

आदर्श नगर के पंप हाउस से आदर्श नगर, महेश मार्ग, जगनी खेड़ा और आंशिक गांधी नगर समेत कई मोहल्लों को जलापूर्ति की जाती है। लगभग बारह दिन पहले पंप हाउस की मोटर खराब हो गई थी, लेकिन विभाग ने कार्रवाई नहीं की।

इससे क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी फैल गई, जिसके बाद पालिका प्रशासन सक्रिय हुआ। पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिक्षाशी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने जल कल प्रभारी को निर्देश दिया कि मोटर की मरम्मत करके पंप हाउस को जल्द चालू किया जाए। जिसके बाद मंगलवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे भी पहुंचे और नई मोटर मंगाने को कहा। जिसके बाद लगभग नब्बे हजार रुपये नई मोटर आई। देर रात मोटर लगाने का काम शुरू किया गया, लेकिन क्षेत्र के दो सभासदों ने इसका विरोध किया।

**राहत के साथ आफत** जल भराव होने से लोगों को आने -जाने में हुई परेशानी,घरों के आस-पास पानी भरने से संक्रामक बीमारियों का बढ़ा खतरा

# बारिश से नगर के मोहल्लों में हुआ जलभराव, गर्मी से राहत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार रात को अचानक मौसम बदला। जिसके बाद मध्य रात्रि को तेज बारिश हुई। वहीं बुधवार देर शाम को लगभग एक घंटे बारिश के चलते नाले उफान पर आ गए, जिससे पालिका क्षेत्र के अधिकांश गली मोहल्लों में पानी भर गया। इस स्थिति ने स्थानीय निवासियों के घरों में पानी घुस जाने का संकट उत्पन्न कर दिया। लोग रात भर अपने घरों से पानी निकालने में व्यस्त रहे।

सर्वोदय नगर, कृष्णा नगर, कंचन नगर, आदर्श नगर जैसे मोहल्ले पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं, जहां घरों में गंदा सीवर का पानी भर गया है। गांधी नगर, पोनी रोड, नेहरू नगर, साकेत पुरी और अंबिका पुरम के इलाकों में भी भारी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जैसे पीपरखेड़ा,



बारिश होने के कारण पोनी रोड मुख्य मार्ग पर भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

श्रीनगर, ब्रह्म नगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा और राम नगर, जलभराव ने सड़कों और गलियों को घुटने तक पानी से भर दिया। गोपीनाथपुरम, नेहरू नगर और ऋषि नगर जैसे क्षेत्रों में भी गलियों में पानी भर जाने के कारण लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के कारण जलभराव हो गया। कच्ची गलियां होने के कारण वाहन सवार कई बार गिरते बचे।

# 7 सेमी और बढ़ा गंगा का जलस्तर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने के कारण गंगा का जलस्तर एक बार फिर उफनाने लगा है। शुक्लागंज की ओर जलस्तर बढ़ने से चेतावनी बिंदु से 27 सेंटीमीटर दूर गंगा का जलस्तर पहुंच गया है।

केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार मंगलवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 111.660 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद बुधवार शाम पांच बजे 111.730 मीटर मापा गया। जो चेतावनी बिंदु 112 से 27 सेंटीमीटर दूर है। शुक्लागंज की ओर चेतावनी बिंदु 112 मीटर है और खतरे का निशान 113 मीटर है। चौबीस घंटे के अंदर केन्द्रीय जल आयोग ने सात सेंटीमीटर जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की है। तेजी से जलस्तर बढ़ने के कारण शुक्लागंज की ओर 112 मीटर चेतावनी बिंदु पार कर सकती है। वहीं जलस्तर बढ़ने के कारण तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को एक बार फिर से बाढ़ का खतरा सताने लगा है। वहीं चंपापुरवा, कर्बला, हुसैन नगर, गोताखोर, शाही नगर के आस पास के मकानों के पास बाढ़ का पानी भरा होने से यहां के लोगों को मुसीबतें उठानी पड़ रही हैं।



चंपापुरवा के निचले इलाके में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार



सरैयां आरओबी के पास बैराज मार्ग की कटी सड़क। अमृत विचार

# बैराज मार्ग पर गहरे गड्ढे बने जान के लिए खतरा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- फोरलेन पर भी कई जगह कटी हुई है सड़क

**अमृत विचार।** इधर कई बार हुई बारिश के कारण बैराज मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है।

सड़क के कई हिस्से कट चुके हैं और गहरे गड्ढे बन गए हैं जो चौपहिया और भारी वाहनों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। इन गड्ढों के कारण कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से किसी प्रकार की मरम्मत की कोई योजना नहीं बनाई गई है।

बैराज मार्ग पर वाहनों की आवाजाही काफी अधिक है, विशेषकर वीआईपी कारों की। सरैयां आरओबी के पास बारिश के कारण सड़क कटकर गहरा गड्ढा बन गया है, जिससे पिछले 15 दिनों में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। फिर भी प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।

# उमर ने दिल्ली में खोला था इस्लामिक दावा सेंटर

## खुद के धर्म परिवर्तन की कहानी सुनाकर लोगों को बरगलाता था, जिले के स्कूल में धर्मांतरण मामले में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


रमवा गांव स्थित उमर गौतम के घर पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** धर्मांतरण मामले में कोर्ट से सजा पाए मौलाना मोहम्मद उमर गौतम ने पढ़ाई खत्म कर दिल्ली के जामिया नगर के बाटला हाउस इलाके की नूह मस्जिद के पास इस्लामिक दावा सेंटर खोला था। इसके जरिए उसने देश-दुनिया में इस्लाम पर व्याख्यान देना शुरू कर दिया था। अपनी हिन्दू से मुस्लिम बनने की कहानी सुनाकर वह लोगों को इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए कहता था।

फतेहपुर के लखनऊ बाईपास स्थित नूरुल हुदा स्कूल में मौलाना उमर गौतम वर्ष 2021 में आता-जाता था। वहां वह धर्म विशेष को लेकर जमकर बयानबाजी करता था। वहीं तैनात महिला शिक्षिका की शिकायत पर सदर कोतवाली में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। महिला शिक्षिका की तहरीर पर मोहम्मद उमर गौतम, स्कूल के प्रबंधक मौलाना उमर शरीफ हमाजरी और उसके बेटे मोहम्मद उमैर शरीफ के खिलाफ विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज हुआ था। महिला शिकायतकर्ता और स्कूल की शिक्षिका कल्पना सिंह ने स्कूल नूरूल हुदा में धर्म परिवर्तन कराने के आरोप भी लगाए थे।


मौलाना उमर गौतम।

- दर्ज रिपोर्ट में विदेश से फंडिंग मिलने के भी आरोप लगाए गए

इसमें उमर गौतम की संस्था इस्लामी दावा सेंटर को विदेश से फंडिंग मिलने की भी आशंका जताई गई थी। इसके बाद यूपी एटीएस ने इस मामले में अपनी जांच शुरू करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को एनआईए-एटीएस कोर्ट ने उसे अवैध धर्मांतरण समेत अन्य धाराओं में दोषी पाया।

### रमवा गांव का रहने वाला है उमर गौतम

- मौलाना उमर गौतम मूल रूप से फतेहपुर के राधानगर थाना क्षेत्र के रमवा गांव का रहने वाला है। 1964 में हिंदू राजपूत परिवार में उसका जन्म हुआ था। तब उसका नाम श्याम प्रताप सिंह गौतम हुआ करता था। नैनीताल में पढ़ाई के दौरान उसकी मुलाकात बिजनौर जिले के नासिर खान से हुई थी। नासिर की इस्लामिक किताबें पढ़ने के बाद श्याम ने 1984 में इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया था।

### एटीएस ने 17 लोगों को किया था गिरफ्तार

- धर्मांतरण के मामले में यूपी एटीएस ने अपनी जांच शुरू की तो सामने आया कि उमर गौतम के अलग-अलग अकाउंट में विदेश से करीब 57 करोड़ रुपये आए थे। इन पैसों को धर्म परिवर्तन करने वालों में बांटा जाता था, जो उमर का बेटा अब्दुल्ला करता था। अब्दुल्ला का साथ उमर द्वारा संचालित अल फारूखी मदरसा व मस्जिद और इस्लामिक दावा सेंटर का काम देखने वाले जहांगीर आलम, कौसर और फराज शाह भी देते थे। यूपी एटीएस ने इस मामले में देश भर से 17 लोगों की गिरफ्तारी की थी।

### हनी ट्रैप से शुरू हुई थी कहानी

- श्याम प्रताप सिंह उर्फ उमर गौतम एग्रीकल्चर से इंटरमीडिएट करने के दौरान मुस्लिम दोस्तों के संपर्क में आया था। वह परिजनों पर दबाव बनाकर पढ़ाई के लिए अलीगढ़ पहुंचा, जहां वह हनी ट्रैप के जरिए एक महिला के संपर्क में आया। उसे प्रोफेसर बनाने का आफर दिया गया था।

# दो दुकानों से 15 लाख की संपत्ति चोरी

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज


घटना की जांच करते कोतवाल आलोक कुमार दुबे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा समधन स्थित बाजार में छत का जाल काटकर घुसे चोरों ने कपड़ा व सर्राफा दुकान के ताले तोड़ दिए। इसके बाद दुकान की अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण, नगदी, साड़ियां, सीसीटीवी, एलसीडी, डीवीआर आदि समेत करीब 15 लाख का सामान चोरी कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर दुकानदार के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने नमूने लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

कस्बा समधन स्थित ठाकुरद्वारा के निकट हाजी हसीरूद्दीन का बाजार है। यहां मोहल्ला अल्लामा इकबाल नगर निवासी मोहम्मद नासिर पुत्र नईम हुसैन मुशर्रफ क्लॉथ हाउस व ज्वेलर्स के नाम से दुकान किए है। मंगलवार की रात चोर बाजार की छत का जाल काट कर भीतर घुस गए। मुशर्रफ क्लॉथ हाउस व ज्वेलर्स की दुकान के शटर का ताला तोड़ दिया। इसके बाद दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरा, एलसीडी, डीवीआर सहित दुकान की अलमारी में रखी लगभग 09 किलो पुरानी चांदी, 30 ग्राम पुराना सोना व 320 साड़ियां व 12 हजार की नगदी चोरी कर ली। दुकानदार ने बताया कि चोर लगभग 15 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं। बुधवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचे सामान गायब देख होश उड़ गए। घटना की खबर लगते ही मौके पर दुकानदारों व स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंचे सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे ने दुकानदार सहित आसपास के लोगों ने पूछताछ कर जांच पड़ताल की।

इसके बाद कस्बा में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज से चोरों की तलाश शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने दुकान से फिंगरप्रिंट लिए। कोतवाली पुलिस ने मामले का जल्द खुलासा करने का भरोसा पीड़ित को दिलाया है। उधर लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से दुकानदारों में भय बना हुआ है। बताया गया कि इससे पहले भी दुकान में चोरी हो चुकी है।

# सहआरोपी बुआ, नीलू से तीन घंटे पूछताछ

**किशोरी से दुष्कर्म मामला**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


पूछताछ के लिए कोतवाली लाई गई सह आरोपी बुआ।


रिमांड के बाद जिला जेल से नीलू को लेकर आती पुलिस।

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद नवाब सिंह के भाई व सह आरोपी नीलू यादव व पीड़िता की बुआ की रिमांड मिलने के बाद पुलिस दोनों को जिला जेल से सदर कोतवाली लेकर आई। यहां दोनों से बंद केबिन में तीन घंटे पूछताछ की। अन्य साक्ष्य जुटाने के लिये पुलिस नीलू को एक स्थान पर ले गई। इस के बाद दोनों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराकर जेल भेजा गया।

बताते चलें कि 11 अगस्त की रात एक किशोरी द्वारा दुष्कर्म की शिकायत पर शहर के चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय से पुलिस ने सपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में भूमिका संदिग्ध मिलने पर पुलिस ने किशोरी की बुआ को सह आरोपी बनाया था। उसकी गिरफ्तारी के बाद उसने मुख्य आरोपी के भाई नीलू यादव द्वारा प्रलोभन देकर जांच प्रभावित करने की बात पुलिस को बताई थी। पुलिस की जांच में भी सामने आया था कि बुआ के जानने वाले के खाते में चार लाख रुपये भेजे गए थे। इसके बाद नीलू को भी सह आरोपी बना दिया गया।

### आज होगी बुआ की जमानत पर सुनवाई

- **कन्नौज।** बुधवार को पॉक्सो एक्ट कोर्ट में पीड़िता की बुआ की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी। न्यायालय ने सुनवाई को एक दिन के लिए बढ़ा दिया है। अब गुरुवार को किशोरी से दुष्कर्म मामले की सहआरोपी पीड़िता की बुआ की जमानत याचिका पर कोर्ट में सुनवाई होगी।

### पुलिस तीन दिन में जांच करेगी पूरी

- **कन्नौज।** पुलिस पूरे साक्ष्य जुटाने के बाद तीन दिन में पूरी करेगी। यह बात सीओ सदर कमलेश कुमार ने कही। कहा कि पुलिस ने सारे साक्ष्य संकलित कर लिये हैं। अब जांच रिपोर्ट लगानी शेष है। जल्द इसे पूरा किया जायेगा। बुआ द्वारा अन्य पर लगाए आरोप के संबंध में भी जांच करने की बात कही।

- पुलिस ने दोनों का आमना सामना कराकर जुटाए साक्ष्य

सरगर्मी से तलाश की गई लेकिन जब वह नहीं मिला तो पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया। इसके बाद उसने नाटकीय तरीके से कोर्ट में समर्पण कर दिया। इसके बाद से पुलिस दोनों की रिमांड के लिए प्रयासरत थी। इस क्रम में सोमवार को सुनवाई हुई और फैसला सुरक्षित कर दिया गया। मंगलवार को कोर्ट ने बुधवार को दोनों सह आरोपियों की छह घंटे (सुबह 10 से शाम चार बजे तक) की रिमांड स्वीकृत की थी। बुधवार को सदर कोतवाली पुलिस 10 बजे से पहले जिला जेल पहुंची। औपचारिकतायें पूर्ण करने के बाद 10 बजे पुलिस दोनों को लेकर बाहर निकली। इस बीच ड्रोन से निगरानी होती रही। कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों को सदर कोतवाली लाया गया। यहां पुलिस ने बुआ व नीलू यादव का आमना सामना कराया। इसके बाद एसपी के रीडर मदन गोपाल, सीओ सदर कमलेश कुमार, सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई, इंस्पेक्टर कपिल दुबे ने पूछताछ की। इसके बाद दोनों को कोतवाली की अलग-अलग केबिन में बैठा कर तीन घंटे पूछताछ की गई। इसके बाद पुलिस नीलू को लेकर अन्य साक्ष्य जुटाने के लिये अन्य जगह ले गई। करीब 25 मिनट के बाद पुलिस नीलू को लेकर कोतवाली पहुंची। इसके बाद अलग-अलग कारों में बैठा कर दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया।

# शिक्षक की हत्या में 2 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दोनों पर 65-65 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार।** चुनावी रंजिश में शिक्षक की हत्या करने वाले अभियुक्तों पर न्यायालय ने दोषी सिद्ध किया है। न्यायालय ने दोषियों को आजीवन कारावास की सजा व 65 हजार रुपये के अर्थदंड से दंड़ित किया है। जुर्माना अदा न करने पर दो साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ब्रिजेश चंद्र शुक्ला ने बताया कि विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव निवासी ब्रजकिशोर राठौर ने 21 सितंबर 2015 को विशुनगढ़ थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कालेज में पिता रामभरोसे शिक्षक थे। 21 सितंबर को कॉलेज से छुट्टी के बाद छिबरामऊ स्थित खाद दुकान पर आ गए। दिन भर खाद बिक्री करने के बाद दुकान बंद कर शाम को बाइक से पैतृक गांव शेखपुर के लिए थे लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचे। खोजबीन के दौरान भोजपुर गांव के सामने एक पुलिया के पास उनका शव पड़ा मिला। शव पर गोली के निशान थे और पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर व नकदी बदमाश लूट ले गए थे। पुलिस ने अज्ञात में मामले की रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद मामले की छानबीन की। पुलिस की जांच में उस्मानपुर गांव निवासी अनुज उर्फ प्रताप सिंह, उसके पिता धर्म सिंह उर्फ धर्मा, अनुज की दादी विमला उर्फ सुशीला और शेखपुर गांव निवासी जगभान सिंह के नाम सामने आए। सभी को आरोपी बनाया गया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के बाद चार्जशीट दाखिल की। घटना के दौरान धर्म सिंह व विमला उर्फ सुशीला जेल में बंद थे। इससे न्यायालय ने सुनवाई के दौरान धर्म सिंह और विमला उर्फ सुशीला को दोषमुक्त कर दिया। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी 1 कोर्ट में मामले में अंतिम सुनवाई हुई।

न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह ने अभियुक्त अनुज प्रताप सिंह व जगभान सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास का फैसला सुनाया है। दोषियों को 65 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर दो साल की जेल और भुगतने का आदेश दिया। जेल में बितायी गई अवधि सजा में समायोजित करने की बात भी कही है।

## सार-संक्षेप


प्रेमरोज सूरी को सम्मानित करती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। अमृत विचार

### राष्ट्रपति ने किया कायमगंज की बेटी को सम्मानित

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज की बेटी को नेशनल फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से राष्ट्रपति ने सम्मानित किया। इस दौरान बधाई देने वालो को तांता लगा है। यह पुरस्कार दिल्ली में हुए एक समारोह के दौरान दिया गया। नगर के रेलवे रोड स्थित लायल कम्पाउंड निवासी मिशनरी क्रिश्चिन कॉलेज की पूर्व एजुकेशनल डायरेक्टर प्रमिला लायल की भतीजी प्रेमरोज सूरी नई दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल में सहायक नर्सिंग अधीक्षक के पद पर तैनात है। उन्होने कोविड के दौरान संक्रमण नियंत्रण को लेकर बेहतर कार्य किया था। साथ ही कोरोना से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। वहीं क्षेत्र के कई गरीब संक्रमित मरीजों के इलाज में मदद करती हैं। बुघवार को प्रेमरोज सूरी को नेशनल फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा सम्मानित किया गया।

### एसआईबी टीम ने रुकशाना टुबैको कंपनी में मारा छापा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** इटावा की एसआईबी टीम ने रुकशाना टुबैको कंपनी पर छापा मारा। जिससे तंबाकू व्यापारियों में हड़कंप मच गया। पूरे कस्बे में छापे की चर्चा होने लगी। बुधवार को इटावा के डिप्टी एसआईबी के डिप्टी कमीशनर शैलेन्द्र कुमार सिंह, एसी सुषमा उपाध्याय, एसी अनिरुद्ध राय व फर्रुखाबाद के जीएसटी विभाग के एसी अभिषेक मिश्रा ने टीम के साथ नगर से सटे गांव कलाखेल स्थित रुकशाना टुबैको कंपनी में छापा मारा। इससे हडकंप मच गया। टीम ने गोदाम के दरवाजे बंद करा दिए और गोदाम के अन्दर गहनता से जांच की। इधर टीम के आने की खबर पर तंबाकू कारोबार से जुडे लोगों में हडकंप मच गया और टीम को लेकर टोह लेते रहे। कई गोदामे बंद हो गई। टीम ने बताया कि फर्म हरदोई के एक कंपनी को कच्चा माल सप्लाई करती है। जिसमें 50 हजार से कम के बिल पर माल भेजा जाता है। डिप्टी कमीशनर ने बताया कि माल का भौतिक सत्यापन किया गया। वहीं अभिलेखीय जांच में भिन्नता पाई गई है। बाकी सब कुछ ठीक मिला जांच की जाएगी। जुर्माना किया जाएगा।

### एआईईईए की परीक्षा में श्रद्धा का देश में चौथा स्थान


छात्रा श्रद्धा यादव।

**बांदा।** कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा श्रद्धा यादव ने भारतीय कृषि एवं अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा परास्नातक में प्रवेश के लिए आयोजित (एआईईईए-2024) परीक्षा में पूरे देश में चौथा स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। श्रद्धा यादव ने उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 में भी दूसरा स्थान प्राप्त हासिल कर साबित कर दिया कि सामुदायिक विज्ञान विषय में स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के बाद देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त की जा सकती है एवं सामुदायिक विज्ञान विषय में परास्नातक की उपाधि प्राप्त कर विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट नौकरी जैसे विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक, विषय वस्तु विशेषज्ञ, डाइटिशियन, बाल विकास पदाधिकारी, काउंसलर पद आदि प्राप्त कर सकते हैं। श्रद्धा यादव की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डा.नरेंद्र प्रताप सिंह एवं कुल सचिव डा.एस के सिंह ने छात्रा एवं महाविद्यालय के शिक्षकों को बधाई दी। यह जानकारी विश्वविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी डा. बी के गुप्ता ने दी है।


शिवलिंग के पास विराजमान नंदी को दूध पिलाते ग्रामीण। अमृत विचार

# अंधविश्वास या चमत्कार इस बार नंदी ने पीया दूध

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- धारानगर मार्ग स्थित शिव मंदिर का मामला, लगी भीड़
- चर्चा होते ही लोग दूध लेकर मंदिर की ओर दौड़े

**अमृत विचार।** सर्वशक्तिमान की सत्ता को यूं तो कोई नकार नहीं सकता है लेकिन आधुनिक युग में व्यक्ति वैज्ञानिक तर्कों से ही संतुष्ट होता है। बावजूद इसके आस्था की बात करें तो कभी-कभी ऐसी घटनाएं होतीं हैं जिन पर सहसा विश्वास नहीं होता। इसे चमत्कार या फिर अंधविश्वास भी कह दिया जाता है। ऐसे ही एक मामले में बुधवार शिवलिंग के पास विराजमान उनकी सवारी नंदी के दूध पीने की बात फैली तो तमाम ग्रामीण दूध लेकर पहुंचने और पिलाने का दावा करने लगे।

कोतवाली के धारानगर मार्ग पर एक काफी पुराना पीपल का पेड़ है। यहां शिव मंदिर भी है जहां शिवलिंग के साथ उनकी सवारी नंदी भी विराजमान है। लोग यहां पूजा पाठ कर मनौती मांगते हैं। एक पुजारी भी यहां रहकर सुबह शाम पूजा-पाठ कर आरती करते हैं। मंगलवार की शाम को पुजारी ने पूजा पाठ कर नंदी को चम्मच से दूध पिलाया तो दावा है कि सच में नंदी ने दूध पी लिया।

उन्होंने गांव के लोगों को बताया। बुधवार की सुबह यह बात गली-गली फैल गई। लोग दूध लेकर मंदिर पहुंचने लगे और चम्मच से दूध पिलाने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि नंदी ने दूध पीया भी। घटना का वीडियो भी बनाया गया जिसमें चम्मच से दूध गायब होता दिखाई दे रहा है। हालांकि इसको लेकर यही कह सकते हैं कि कोई चमत्कार है या फिर कुछ और।

# हैंडबॉल व रोलर स्केटिंग में लखनऊ का जलवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


पुरस्कार के साथ खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्पेशल ओलम्पिक भारत की आगरा में आयोजित राज्य स्तरीय हैंडबॉल व रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में लखनऊ की पुरुष हैंडबॉल टीम में दिव्यांशू शर्मा, ऋषि अग्रवाल, संभव सिंह स्टडी हॉल (दोस्ती ) से अभय सिंह, शिवा कोरी (चेतना संस्थान ), निशंक मिश्रा (रेनबो सोसाइटी ) और रूद्र प्रताप (आशा आवा) से ग्रुप-ए में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किए। लखनऊ की महिला टीम ने लोअर ग्रुप में गोल्ड मेडल हासिल किया, आस्था राय व श्रुति खुशीराम स्टडी हॉल ( दोस्ती) और शुभांगी सिन्हा व यशी (चेतना संस्थान) से लखनऊ का प्रतिनिधित्व किया। रोलर स्केटिंग में भी स्टडी हॉल (दोस्ती ) ने अपना दबदबा बनाये रखा, जिसमे ग्रुप- ए के 50 मीटर व 100 मीटर रेस में मृत्युंजय कुमार ने पहला, युवराज सिंह ने दूसरा व देव तोमर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रुप -बी में 50 मीटर व 100 मीटर रेस में शिवांश कुमार ने पहला, अर्श मिश्रा ने दूसरा और फीमेल ग्रुप में स्टडी हॉल (दोस्ती) से वानी जैन ने पहला स्थान, आशा आवा की रीमा ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि मेल के ग्रुप- बी में प्रत्यूष मिश्रा ने तीसरा व पहला स्थान और आदवित अरोरा ने 50 मीटर रेस में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए स्टडी हॉल ( दोस्ती ) व लखनऊ का नाम रोशन किया।

**आयोजन** तिंदवारी के सहूरपुर गांव में आयोजित जल अभिनंदन कार्यक्रम में बोले जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जल संरक्षण का किया आह्वान

# बुंदेलखंड की किस्मत बदल देगी केन-बेतवा लिंक परियोजना

कार्यालय संवाददाता, बांदा


जलाभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन अंतर्गत तिंदवारी क्षेत्र के सहूरपुर गांव में आयोजित भव्य समारोह के बीच जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जलाभिनंदन कार्यकम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने मोदी-योगी सरकारों की उपलब्धियां बताते हुए हर घर नल जल समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना सूखे बुंदेलखंड की किस्मत बदल देगी। बुंदेलखंड की सूखी धरती को सिंचाई के लिए अधिक पानी मिल सकेगा। परियोजना शुरू होने के बाद बुंदेलखंड की सभी नहरों में 24 घंटे पानी की उपलब्धता रहेगी।

तिंदवारी विकास खंड क्षेत्र के सहूरपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत आयोजित जल अभिनंदन कार्यक्रम का शुभारंभ जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि आज का दिन जनपद और गांव के लोगों के लिए ऐतिहासिक दिन है। मोदी-योगी सरकारों ने इस दूरस्थ गांव में हर घर नल जल योजना के तहत सभी घरों में जल पहुंचाने का काम किया है। प्रधानमंत्री की परिकल्पना थी कि बुंदेलखंड में सुदूर क्षेत्र में महिलाओं को दूर से पानी लाना पड़ता है, इसी को ध्यान में रखते हुए यह योजना शुरू की गई है। उन्होंने जल संचय व संरक्षण के लिए जल, वृक्ष, पोखर और नदियों को सुरक्षित व संरक्षित करने का आह्वान किया। कहा कि सभी लोग एकजुटता के साथ जल संरक्षण में भागीदार बनें। बताया कि केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड के लिए जीवनरेखा साबित होगी। इससे बुंदेलखंड की सूखी धरती को सिंचाई के लिए अधिक पानी मिल सकेगा। सामाजिक आर्थिक विकास आएगा। इस परियोजना से प्रदेश के चार जिलों बांदा, महोबा, झांसी व ललितपुर को सीधा फायदा पहुंचने के साथ ही उरई व हमीरपुर को भी लाभ मिलेगा। परियोजना शुरू होने के बाद बुंदेलखंड की सभी नहरों में 24 घंटे पानी की उपलब्धता रहेगी। डबल इंजन की सरकार में बुंदेलखंड में सड़कों का चैड़ीकरण, नहर निर्माण तथा अन्य विकास कार्यों को तेज गति से किया जा रहा है। इस मौके पर जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, संतोष गुप्ता, बलराम सिंह कछवाह, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### योगी सरकार में बुंदेलखंड का हो रहा विकास : रामकेश

तिंदवारी क्षेत्र के सहूरपुर गांव में आयोजित जल अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा की बुंदेलखंड में तेजी से विकास हो रहा है। हर घर नल जल योजना के तहत पानी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में बुंदेलखंड एवं विंध्य क्षेत्र में पानी की कमी को देखते हुए जल उपलब्ध कराने की परिकल्पना की थी, उसी के अनुसार आज हर घर जल योजना के अंतर्गत इस गांव में जल अभिनंदन का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि गांव में नवनिर्मित पानी की टंकी से आसपास पलरा, सहूरपुर, नरी, बरेठीकलां, बंसी डेरा, पाही डेरा आदि गांवों के लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलेगी।

# किच्छा नदी पर बनाया जाएगा बांध

## यूपीसीडा ने अपने हिस्से में नदी पर बांध बनवाने के लिए भूमि अधिग्रहण की तैयारी की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बहेड़ी में मेगा फूड पार्क की दीवार और डेयरी क्रॉफ्ट इंडिया के प्लॉट को किच्छा नदी से सुरक्षित करने के लिए बांध बनाया जाएगा। इसके लिए यूपीसीडा (उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण) करीब चार हजार वर्ग मीटर जमीन का अधिग्रहण करेगा। कुछ भूमि प्राधिकरण की अपनी है। बांध बाढ़ खंड बनाएगा और जल्द ही निविदा निकालने की तैयारी है।

यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक मंसूर कटियार के मुताबिक कि मेगा फूड पार्क की दीवार को सुरक्षित करने के लिए किच्छा नदी पर अपनी सीमा में बांध बनाने की तैयारी कर रहे हैं। उत्तराखंड की सीमा में बांध बनाने के लिए किच्छा प्रशासन को कई बार पत्राचार किया, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला है। इसलिए यूपीसीडा अपनी सीमा में बांध बनवाने की तैयारी कर रही है।

### उद्योग बंधु की बैठक में गूंजा था दूर रह गई प्लॉट से नदी

- विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में 22 अगस्त को जिला उद्योग बंधु की हुई बैठक के मिनट्स के अनुसार दिल्ली की डेयरी क्राफ्ट इंडिया को मेगा फूड पार्क बहेड़ी में प्लॉट आवंटित है। यहां पर सौ करोड़ से अधिक लागत में प्लांट स्थापित किया जाएगा। प्लॉट वर्ष 2022 में अधिग्रहण के समय किच्छा नदी से लगभग 72 मीटर दूर था लेकिन अब सिर्फ 30 मीटर रह गया है। करीब एक साल में यह दूरी आधी से भी कम रह गयी है। प्लॉट अधिग्रहण के समय यूपीसीडा ने यह आश्वासन दिया था कि पिचिंग का कार्य कराया जाएगा और जहां नदी का मोड़ होगा वहां विशेष ध्यान रखा जाएगा। आंतरिक लेखा परीक्षकों ने इकाई पर सभी निर्माण गतिविधियां को तब तक रोकने का निर्देश दिया है जब तक कि प्रकरण का कोई समाधान न हो।

- मंडलीय और जिला उद्योग बंधु की बैठकों में खूब उठता है इस कंपनी के प्लॉट का मुद्दा

**बाढ़ काल की बात कह वापस कर दी थी 45.41 करोड़ की धनराशि:** जिला उद्योग बंधु की बैठक में सहायक अभियंता बाढ़ खंड बरेली ने यह अवगत कराया था कि वर्तमान में बाढ़ काल चल रहा है। इसके बाद प्लॉट ए-2 के समीप कटान निरोधक कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा के प्रतिनिधि ने अवगत कराया था कि अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड ने प्लॉट ए-2 के कटान के लिए दी गई धनराशि 45.41 करोड़ यह कहते हुए वापस की थी कि बाढ़ काल के बाद कार्य कराया जाएगा। हालांकि, जिलाधिकारी ने धनराशि वापस करने का कारण पूछते हुए नाराजगी जताई थी।

# 4 दिन बाद अयोध्या पहुंचे महंत नृत्य गोपाल दास

**अयोध्या:** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास महाराज मेदांता अस्पताल लखनऊ से चिकित्सकीय परामर्श पर चार दिनों बाद बुधवार को अयोध्या पहुंचे। मणिराम दास छावनी में एक डॉक्टर उनकी देखभाल कर रहे हैं।

विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा के अनुसार महंत नृत्य गोपाल दास महाराज को रविवार को भूख और पेशाब में आई दिक्कतों के कारण लखनऊ में भर्ती होना पड़ा था। तीन दिन चले स्वास्थ्य परिक्षण और बेहतर चिकित्सा के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ तो डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी। अब वह यहां पहुंच गए हैं। उनके यहां पहुंचने पर यहां लोगों में खुशी है।

# भाजपा विधायक से घंटों पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बलरामपुर के उतरौला से सपा के पूर्व विधायक से भी पूछताछ

**अमृत विचार :** मथुरा के बलदेव से भाजपा विधायक पूरन प्रकाश से ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय में बुधवार को करीब 8 घंटे तक पूछताछ की गई। आगरा के कल्पतरु बिल्डर से करोड़ों के लेन-देन के मामले में ईडी ने भाजपा विधायक को तलब किया था। वहीं, बलरामपुर के उतरौला से सपा के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी से ईडी ने दोबारा पूछताछ की। इससे पहले 8 अगस्त को भी ईडी ने विधायक को पूछताछ के लिए बुलाया था।

जानकारी के मुताबिक ईडी ने मार्च 2021 में आगरा व मथुरा में निवेशकों की गाढ़ी कमाई हड़पने वाले आगरा के कल्पतरु बिल्डटेक के संचालक जय किशन राणा, अशोक राणा, मंजीत कुमार, बिपिन सिंह यादव, राजकुमार यादव व अन्य के विरुद्ध प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। ईडी ने आगरा व मथुरा में कल्पतरु बिल्डटेक के संचालकों के विरुद्ध दर्ज मुकदमों को अपने मामले का आधार बनाया था। ईडी ने इस मामले में बाद में बिल्डर की 85 करोड़ की संपत्तियों को भी जब्त किया था। पड़ताल के दौरान पता लगा कि मथुरा के बलदेव से भाजपा विधायक पूरन प्रकाश के खातों में कल्पतरु बिल्डटेक के खातों से करीब चार करोड़ रुपये के ट्रांजेक्शन हुए हैं। यह जानकारी मिलने के बाद ईडी ने भाजपा विधायक को तलब किया था। बुधवार को करीब 8 घंटे तक हुई पूछताछ के दौरान ईडी ने विधायक से पूछा कि इतनी बड़ी रकम का ट्रांजेक्शन किस लिए हुआ। क्या विधायक ने बिल्डर को कोई जमीन बेची या किसी और तरह का लेन-देन किया। पूरन प्रकाश पांच बार के विधायक हैं। भाजपा में शामिल होने से पहले वह कांग्रेस से जुड़े हुए थे। कंपनी मथुरा के ग्राम चुरमुरा फराह में अपार्टमेंट का निर्माण कर रही थी। कंपनी के निदेशकों ने अपने एजेंटों के साथ फ्लैटों की प्री-बुकिंग की योजना शुरू की थी। निदेशकों ने बुकिंग के समय खरीदारों से कहा था कि फ्लैट बुक करने पर निश्चित अवधि तक उन्हें प्रति माह तय राशि का भुगतान करना होगा। बुक फ्लैट न लेने की स्थिति में निवेशकों को उनकी रकम ब्याज समेत वापस किए जाने का झांसा भी दिया गया।

# खुसरो कॉलेज का चेयरमैन शेर अली पुत्र समेत गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली


शेर अली जाफरी व उसका बेटा फिरोज।

**अमृत विचार :** खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी और उसके बेटे फिरोज अली जाफरी को 379 छात्रों को डी फार्मा की फर्जी डिग्री देकर 3.69 करोड़ की ठगी करने के मामले में बुधवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों के खिलाफ प्रारंभिक तौर पर छात्रों से धोखाधड़ी करने की पुष्टि हुई है। इस मामले में फरार तीसरे आरोपी डॉ. विजय शर्मा की तलाश में भी लगातार दबिश दी जा रही हैं।

खुसरो कॉलेज प्रबंधन ने वर्ष 2019 से 2023 तक 379 छात्रों के डी फार्मा और पैरामेडिकल कोर्स में प्रवेश लिए थे। कोर्स पूरा होने के बाद सभी को डी फार्मा की फर्जी मार्कशीट और डिग्री दे दी गईं। कुछ छात्रों ने नौकरी के आवेदन के साथ ये मार्कशीट लगाईं तो सत्यापन में उनके फर्जी होने का खुलासा हुआ। कॉलेज से संतोषजनक जवाब न मिलने पर छात्रों ने थाना सीबीगंज में तहरीर दी। पुलिस ने भी टालमटोल की तो छात्रों ने एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की। उन्होंने इंस्पेक्टर सीबीगंज को तलब किया, तब रिपोर्ट दर्ज हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की ओर से इसी के साथ प्रकरण की गहन जांच के लिए एसपी दक्षिणी मानुष पारीक के नेतृत्व में एसआईटी भी बना दी। एसआईटी जांच के बाद छात्रों के साथ धोखाधड़ी में शेर अली जाफरी और उसके बेटे फिरोज को गिरफ्तार कर लिया।

# अमेरिका में चीन की तारीफ, कांग्रेस को माफी नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


आचार्य विनोबा भावे की जयंती समारोह में संबोधित करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वक्तव्य पर बरसे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**अमृत विचार:** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में चीन पर दिए गए वक्तव्य पर तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह पुरानी आदत है। जब-जब वह विदेश जाते हैं तो देश के खिलाफ कुछ न कुछ बोलते हैं। जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। उपमुख्यमंत्री बुधवार को शाहजहांपुर में आयोजित आचार्य विनोबा भावे की 129वीं जयंती समारोह में शामिल होने आए थे।

यहां वनतारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान पत्रकारों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में चीन की तारीफ को लेकर सवाल किया। इसके जवाब में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी विदेश पहुंचने पर देश के खिलाफ बोलने लगते हैं। उन्हें देश में गढ़े जा रहे नित नए आयाम दिखाई नहीं देते हैं। क्योंकि उनका मकसद सत्ता पर काबिज होना है, और इसके लिए राहुल गांधी कुछ भी बिना प्रमाणिकता के बोलते रहते हैं।

उप मुख्यमंत्री ने बनतारा स्थित विनोवा सेवा आश्रम पहुंचने पर सबसे पहले एम्बुलेंस में उपकरण एवं व्यवस्थाओं को देखा। सीतापुर आई अस्पताल की ओर से लगाए गए नेत्र शिविर का अवलोकन किया। इसके बाद विनोबा भावे एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर उन्होंने विनोबा दर्शन का लोकार्पण व पुस्तकालय एवं वचनालय का निरीक्षण किया। इसके बाद जयंती समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संत विनोबा भावे के अंदर लोगों के दर्द की संवेदना थी। इसी संवेदना को महसूस करते हुए उन्होंने भू-दान आंदोलन चलाया। उनके इस मिशन को बनतारा स्थित विनोवा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भैया और विमला बहन आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं।

समारोह में मुख्य अतिथि रहे रामहरि कहा कि विनोबा भावे ने आजादी से पहले भारत की जैसी कल्पना एवं परिकल्पना की थी, उसको धरातल पर उतारने का कार्य किया। आचार्य भावे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रसिद्ध गांधीवादी नेता थे। उन्होंने गांधी जी के साथ मिलकर देश को सुधारने का कार्य किया। उन्होंने भूदान यज्ञ नाम के आंदोलन की शुरुआत की। इस आंदोलन में लोग अपनी जमीन देते थे, जिसे बाद में भूमिहीन लोगों को वितरित किया गया। विनोबा भावे के विचारों को अपनाकर जीवन में कई सकारात्मक बदलाव कर सकते हैं। सेवाभाव, निडरता और कर्म जैसी चीजों पर उनके विचार जीवन बदलने वाले हैं। जिसने ज्ञान को आचरण में उतार लिया, उसने ईश्वर को ही मूर्तिमान कर लिया। विनोबा एक अहिंसक और स्वतंत्रता के कार्यकर्ता, समाज सुधारक और आध्यात्मिक शिक्षक थे। समारोह के बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनतारा (चकभिठारा) का निरीक्षण किया। जहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत की। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

## सार-संक्षेप

### दुष्कर्म पीड़ित परिवार को दिया पांच लाख का चेक

**मिल्कीपुर, अयोध्या :** खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में दलित किशोरी के साथ गैर संप्रदाय के युवक द्वारा की गई दुष्कर्म की घटना के सात दिन बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान व तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार को शासन की ओर से पांच लाख रुपये के आर्थिक सहयोग का चेक प्रदान किया। विधायक अमित सिंह चौहान ने बताया कि नौ सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पीड़ित के परिवार की मुलाकात कराई गई थी। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान करने की बात कही थी। उसी के क्रम में यह चेक प्रदान किया गया है। उन्होंने यह भी कहा की पीड़िता के घर पर पशु शेड, बिजली, सड़क तथा कृषि पट्टा के साथ अन्य सभी मांगों को जिला प्रशासन द्वारा पूरा कर दिया जाएगा। इस मौके पर अमानीगंज के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, भाजपा नेता आशुतोष मिश्रा अनुपम, अजीत मौर्य, सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### भारतीय सीमा में उड़ता दिखा नेपाल का जहाज

**रूपईडीहा, बहराइच।** भारत नेपाल सीमा पर भारतीय गांव मनवरिया के ऊपर आसमान में नेपाली जहाज बुधवार सुबह उड़ता दिखा। इसके बाद वह नेपाल की ओर चला गया। भारत नेपाल सीमा पर देश की सुरक्षा के लिए एसएसबी के साथ अन्य सुरक्षा एजेंसियां मुस्तैद है। हवाई क्षेत्र में दूसरे देश का जहाज उड़ना गलत है। फिर भी बुधवार को रूपईडीहा थाना क्षेत्र के भारतीय गांव मनवरिया गांव के ऊपर आसमान में एक नेपाली हवाई जहाज उड़ता दिखा। हवाई जहाज की फोटो लोगों ने अपने मोबाइल में कैद किया। इस मामले में एसएसबी कमांडेंट गंगा सिंह उदावत से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसी कोई सूचना जवानों द्वारा नहीं दी गई है। जांच के दौरान भी रडार में कोई भी जहाज उड़ता नहीं दिखा है। अगर ऐसा होता तो इसकी रिपोर्ट डीआईजी और आईजी के साथ दिल्ली भेजी जाती।

### आक्रोशित भीड़ ने थाना घेर कर किया हंगामा

**लखनऊ :** चिनहट क्षेत्र में पथराव के दौरान घर में विराजे भगवान गणेश प्रतिमा खंडित होने और कलश टूटने की घटना से आक्रोशित लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी व कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर थाने का घेराव कर हंगामा किया। पुलिस अफसरों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत किया। मामले में एक मौलाना समेत दो को हिरासत में लिया गया है। जबकि पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना मंगलवार रात में क्षेत्र की गंगा विहार कॉलोनी की है। यहां रहने वाली किरन चौरसिया पत्नी प्रदीप चौरसिया ने 7 सितंबर को घर पर गणेश पंडाल लगवाया था। आरोप है कि अगले दिन आरती के समय समुदाय विशेष के युवकों ने पूजा में विघ्न डालने का प्रयास करते हुये नारेबाजी की। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। जबकि मंगलवार रात 8 बजे आरती के बाद 20 से 25 की संख्या में पहुंचे युवकों ने घर पर पथराव कर दिया था। किरन समेत परिवार के सदस्यों ने खुद को कमरे में बंद कर जान बचाई थी। घटना की सूचना पर पुलिस अफसरों ने दुकानें बंद करा दी थीं। इसके अलावा शांति व्यवस्था कायम रखने पूरे क्षेत्र में पुलिस फोर्स और पीएसी तैनात कर दी गई थी। इसी मामले को लेकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुये बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने चिनहट थाने का घेराव कर हंगामा शुरू कर दिया। अफसरों ने उचित कार्रवाई का आश्वसन देकर हंगामा कर रहे लोगों को शांत किया। पुलिस ने माइक से अनाउंसमेंट कर कहा कि भीड़ बढ़ती रही तो धारा 144 लगानी पड़ेगी। फिलहाल गणेश प्रतिमा का विसर्जन पुलिस की निगरानी में किया जाएगा। मामले में डीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि विशेष समुदाय के लोगों ने घटना को अंजाम दिया। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रिटायर्ड चिकित्साधिकारियों को सैद्धांतिक प्रोन्नति देने का आदेश

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने रिटायर्ड चिकित्साधिकारियों के प्रोन्नति से सम्बंधित याचिकाओं पर निर्णय सुनाते हुए, राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह याची चिकित्साधिकारियों को सैद्धांतिक प्रोन्नति (नोशनल प्रमोशन) देते हुए, उनके वेतन को दोबारा निर्धारित कर, वेतन बकाए का भुगतान करें। न्यायालय ने कहा है कि यह कार्यवाही तीन माह में पूर्ण कर ली जाए। साथ ही इसी क्रम में याचियों को पेंशन, रिटायरल ड्यूज व ग्रेच्युटी उपलब्ध कराई जाए। न्यायालय ने चेतावनी भी दी है कि यह कार्यवाही यदि तीन माह में नहीं पूर्ण की जाते है तो याचियों को छह प्रतिशत ब्याज की दर से भुगतान करना होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति इरशाद अली की एकल पीठ ने डॉ. विनोड चंद्र जैन व अन्य, डॉ. फरीद इकबाल जुबेरी व अन्य तथा डॉ. महेश कुमार गुप्ता व अन्य की ओर से वर्ष 2019 व 2020 में दाखिल याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। याचियों ने शीर्ष अदालत द्वारा डॉ. चंद्र प्रकाश मामले में 4 दिसम्बर 2002 को दिये गए फैसले के आलोक में नोशनल प्रमोशन दिये जाने की मांग की थी। याचियों में से ज्यादातर को सेवानिवृत्त हुए, 15 से 21 वर्ष हो चुके हैं। याचियों ने सरकार के वर्ष 2005 व 2018 के आदेशों को भी चुनौती दी थी जिनमें याचियों को नोशनल प्रमोशन देने से इंकार करते हुए, कहा गया था कि उन्हें सभी लाभ पूर्व में ही दिये जा चुके हैं। न्यायालय ने शीर्ष अदालत के डॉ. चंद्र प्रकाश मामले में दिये गए फैसले के आलोक में पारित अपने निर्णय में पाया कि याचियों को नोशनल प्रमोशन का अधिकार है।

# इस वर्ष गेहूं का 112.9 मिलियन टन उत्पादन

अयोध्या कार्यालय


कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में सम्मानित किए गए वैज्ञानिक।

**अमृत विचार :** देश में इस वर्ष गेहूं का 112.9 मिलियन टन रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। इसके लिए देशभर के गेहूं एवं जौ वैज्ञानिक, किसान एवं नीति निर्धारक बधाई के पात्र हैं। ट्रांसबाउंडरी फसल रोगों के भारत में प्रवेश के बढ़ते खतरों को ध्यान में रखकर काम करने की भी जरूरत है। ये बातें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ. टीआर शर्मा ने बुधवार को कहीं। वह आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधानकर्ताओं की 63वीं अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला को दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने भारत-सिम्मिट सहयोग से गेहूं के ब्लास्ट् रोग के विरूद्ध चल रहे सफल जननद्रव्य मूल्यांकन एवं भारत की अग्रिम पादप प्रजनन तैयारियों को सराहनीय करार दिया। डीडीजी ने कहा कि 2050 तक 140 मिलियन टन गेहूं की पैदावार के लिए तैयार रहने की जरूरत है। गेहूं में बायोटेक्नोलॉजी की नवीनतम तकनीकों का प्रयोग करते हुए नई प्रजातियों के लिए कार्य करने की आवश्यकता है जिसमें सीआईएमएमवाईटी अंतर्राष्ट्रीय संस्थान की भी सहभागिता ली जानी चाहिए। जौ के लिए आईसीएआरडीए अंतर्राष्ट्रीय संस्थान के साथ मिलकर नई प्रजातियों पर तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। कुलपति को विश्वविद्यालय में वाइल्ड गेहूं के गार्डन बनाने के लिए सुझाव दिया।

विशिष्ट अतिथि कृषि विश्वविद्यालय धारवाड़ के कुलपति डॉ. पीएल पाटिल ने कहा कि गेहूं एवं जौ का उत्पादन देश के साथ-साथ पूरे विश्व में बढ़ाना होगा। आने वाले समय में प्राकृतिक संसाधन एवं प्राकृतिक स्त्रोत घटते जा रहे हैं। इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कर्नाटक में गेहूं की उत्पादकता बढ़ाने के लिए गेहूं की प्रजाति डीडब्ल्यूआर 162 व डीडब्ल्यूआर 139 की सराहना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.बिजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विवि की विकसित प्रजाति नरेंद्र आंवला-7, नरेंद्र बेल-7 और 9 पूरे देश में प्रचलित है। उन्होंने गेहूं की शून्य जुताई अपनाने के लिए जोर दिया। जिससे कि धान की पराली को जलाने की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि हैप्पी सीडर, सुपर सीडर जैसी आधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं। जिनसे धान की पराली में गेहूं की बीजाई आसानी से की जा सकती है। उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि ऐसी तकनीकों को विकसित करें जो कि आर्थिक रूप से व्यवहारिक हो।

# अग्निवीर परीक्षा में सफल न होने पर खुद को गोली मारी

**पिसावां, सीतापुर:** अग्निवीर परीक्षा में सफल न होने पर एक युवक ने खुद को गोली मार ली। पेट में लगी गोली से घायल को लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। पिसावां थाना क्षेत्र के अकबरपुर निवासी परिजनों का कहना है कि युवक ने दो बार अग्निवीर परीक्षा दी थी, जिसमें वो सफल नहीं हो सका, कई दिनों से परेशान भी था।

पिसावां थानाक्षेत्र का अकबरपुर निवासी 20 वर्षीय सोमनाथ अपने घर पर था। पिता राजबहादुर के मुताबिक, फायर की तेज आवाज के बाद हड़कंप मच गया। कमरे में जाकर देखा तो सोमनाथ तड़प रहा था, उसके पेट में गोली लगी थी। अफरातफरी के बीच घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिसावां ले जाया गया।गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा। लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती सोमनाथ की हालत गंभीर है। परिजनों के मुताबिक, सोमनाथ दो बार अग्निवीर परीक्षा दे चुका है, दोनों में ही वो असफल रहा। इस कारण परेशान चल रहा था।

# डकैती के चार आरोपी और गिरफ्तार, सामान बरामद

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** चौक में सर्राफा व्यापारी से हुई डकैती के मामले में चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अयोध्या जिले की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और कोतवाली नगर सुलतानपुर की संयुक्त टीम ने बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने बताया कि अब तक कुल 45,700 रुपये नगद, 20 किग्रा सफेद धातु, करीब सवा दो किग्रा पीली धातु बरामद की जा चुकी है। वहीं, पीड़ित व्यापारी भी पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट है और बरामद माल अपना बता रहे हैं। वहीं, डकैती के आरोपी मंगेश यादव के एनकाउंटर पर मानवाधिकार ने जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है।

पुलिस लाइन में पीड़ित व्यापारी व व्यापारी नेताओं के साथ प्रेसवार्ता करते हुए एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने वारदात के मास्टरमाइंड विपिन सिंह की निशानदेही पर उसके भाई विवेक सिंह, अरविंद यादव, दुर्गेश सिंह और विनय शुक्ल को जिले में दुबेपुर मोड़ से गिरफ्तार किया। चारों आरोपियों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था। एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की बोलेरो में सवार चार लोग दुबेपुर की ओर जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया। दोपहर 2:37 बजे पुलिस को दुबेपुर मोड़ के पास एक बोलेरो आती दिखी। पुलिस ने उसमें सवार लोगों से पूछताछ की तो सभी सर्राफा लूट कांड के आरोपी निकले। आरोपियों ने लूट की वारदात स्वीकार कर ली। बताया कि लूट के बाद अपना हिस्सा लेकर शहर से भागने की फिराक में थे।

### आईटीआई लि. के कमरा नंबर 404 में रची गई साजिश

रायबरेली के इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्री लिमिटेड के कमरा नंबर 404 में डकैती की साजिश रची गई थी। मास्टरमाइंड विपिन सिंह ने अपने साथियों के साथ इसी कमरे में रुक कर लगभग एक महीने तक रेकी की और वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद विपिन अपने साथियों के साथ यहीं पर सोने-चांदी का बंटवारा किया, फिर सभी बदमाश अलग-अलग होकर फरार हो गए।

**मिली सफलता** क्वीनमेरी में पहली बार फिटल ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया गया, प्रसव के बाद शिशु स्वस्थ

# गर्भस्थ शिशु को दो बार खून चढ़ाकर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) के डॉक्टरों ने 7 माह के गर्भस्थ शिशु को पहले खून चढ़ाया फिर सीजेरियन के जरिये प्रसव कराया। 3 किलो के शिशु पूरी तरह से स्वस्थ है, जबकि खून चढ़ाने से पहले गर्भ में उसका हीमोग्लोबिन 7 रह गया था। क्वीनमेरी में पहली बार फिटल ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया गया है।

उन्नाव के आदर्श नगर निवासी गर्भवती प्रतिमा वर्मा का इलाज कानपुर में चल रहा था। 7 माह की गर्भावस्था के दौरान जांच में भ्रूण में खून की कमी पाई गई। डॉक्टरों ने गर्भवती को क्वीनमेरी रेफर कर दिया। क्वीनमेरी में डॉ. सीमा मेहरोत्रा ने मरीज की केस हिस्ट्री देखी।

इसमें पता चला प्रतिमा पहले दो बार गर्भवती हुई थी। इस बार लाल रक्त कोशिका एलोइम्युनाइजेशन की शिकार हुई। गर्भस्थ शिशु का हीमोग्लोबिन 12 से घटकर 7 बचा था। इस कारण हार्ट फेल होने और जान जाने का खतरा था। डॉक्टर ने गर्भस्थ शिशु को दो बार खून चढ़ाने चढ़ाया। गर्भवती प्रतिमा को प्रसव के लिए 19 अगस्त को भर्ती किया गया। 20 को ऑपरेशन से 3 किलो के शिशु का जन्म हुआ।

डॉ. सीमा ने बताया कि पहली बार गर्भस्थ शिशु को खून चढ़ाया गया है। चिकित्सा विज्ञान में इसे इंट्रायूट्राइन ट्रांसफ्यूजन कहते हैं। इसमें अल्ट्रासाउंड की मदद से सुई के जरिए गर्भाश्य में ही शिशु को रक्त चढ़ाया जाता है। विभागाध्यक्ष डॉ. अंजु अग्रवाल ने बताया कि क्वीनमेरी में भ्रूण चिकित्सा सुविधा शुरू की गई है। अब हमने आरएच-इसोइम्युनाइजेशन गर्भावस्था के इलाज में सफलता प्राप्त की है।

### माता-पिता का खून आरएच विपरीत होने पर बनती है ऐसी स्थिति

- डॉ. नम्रता ने बताया कि माता-पिता का खून आरएच विपरीत होने पर बनता है। नवजात की मां का ब्लड ग्रुप नेगेटिव और पिता का आरएच पॉजिटिव होने पर के कारण ऐसी स्थिति पैदा हुई। उन्होंने बताया कि विपरीत रक्त समूह के कारण भ्रूण आरएच पॉजिटिव हो सकता है। मां में एंटीबॉडी विकसित होते हैं। जो प्लासेंटा को पार करते हैं। भ्रूण के आरबीसी को नष्ट कर देते हैं। जिससे गर्भस्थ शिशु एनीमिया की चपेट में आ जाता है। ऐसी स्थिति में उसे सूजन आ जाती है और गर्भाशय में ही मृत्यु हो जाती है। डॉ. मंजुलता वर्मा ने बताया कि अमूमन 1200 गर्भवतियों में किसी एक को इसका गंभीर खतरा होता है, लेकिन ट्रांसफ्यूजन तकनीक से इसको रोका जा सकता।

### ऑपरेशन टीम

- डॉ. सीमा मेहरोत्रा, डॉ. नम्रता, डॉ. मंजूलता वर्मा, रेडियोलॉजी विभाग के डॉ. सौरभ, डॉ. सिद्धार्थ, बाल रोग विभाग के डॉ. हरकीरत कौर, डॉ श्रुति और डॉ. ख्याति मौजूद रहीं। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. तूलिका चंद्र ने ओ-नेगेटिव खून उपलब्ध कराया।

# अतीक के बेटे अली पर लगेगा गैंगस्टर

**प्रयागराज।** नैनी सेंट्रल जेल की हाई सिक्योरिटी में बंद अतीक अहमद के बेटे अली पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की तैयारी पुलिस कर रही है।

इतना ही नहीं पुलिस उसके साथ 10 अन्य पर गैंगेस्टर लगाएगी। पुलिस के मुताबिक करैली थाने की पुलिस ने गैंग चार्ट तैयार कर पुलिस कमिश्नर को रिपोर्ट भेज दिया है। अतीक अहमद के बेटे अली अहमद, मो. असाद कालिया, आरिफ उर्फ कछौली, संजय सिंह, इमरान उर्फ गुड्डू, सैफ उर्फ मामा, अमन, कुल्लू अतीक अहमद खलेरा भाई, अली अब्बा समेत 15 अन्य के खिलाफ 2021 पांच करोड़ की रंगदारी व जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। उक्त केस माफिया अतीक अहमद के ही रिश्तेदार जीशान उर्फ जानू निवासी चकिया ने दर्ज कराया था।

# ओएचई टूटी, 30 ट्रेनों का संचालन प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दुर्गियाना एक्स. के पैंटोग्राफ में फंसकर टूटी ओएचई
- उमरताली दलेलनगर स्टेशन के पास टूटी लाइन

**अमृत विचार:** लखनऊ-बरेली रेल मार्ग पर हरदोई में दलेलनगर स्टेशन के पास दुर्गियाना एक्सप्रेस के पैंटोग्राफ में फंसकर ओएचई लाइन टूट गई। इसकी वजह से अप और डाउन की 30 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। वंदे भारत एक्सप्रेस समेत 14 ट्रेनों को बदले हुए मार्ग से चलाना पड़ा। ट्रेनों को जहां-तहां रोक दिया गया, जिससे बरेली जंक्शन पर भी ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान हुए।

मुरादाबाद कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि बुधवार सुबह 4 बजे बालामऊ और उमरताली के बीच दलेलनगर स्टेशन के पास अप लाइन पर ओएचई फेल हो गई है। 12357 दुर्गियाना एक्सप्रेस के गार्ड ने जानकारी दी कि ट्रेन का पैंटोग्राफ ओएचई में उलझने से ओएचई और पैंटोग्राफ टूट गया है। अप लाइन पर करीब 1 किमी तक ओएचई टूट गई। इससे अप के साथ डाउन लाइन पर भी यातायात प्रभावित हो गया। करीब 3 घंटे बाद डाउन लाइन पर यातायात को बहाल किया गया। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि अप लाइन पर अधिक नुकसान होने के कारण दोपहर तक कार्य किया जा रहा था, जिसकी वजह से ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। सभी ट्रेनें लखनऊ-डालीगंज -सीतापुर -बरेली मार्ग और लखनऊ -उन्नाव -बालामऊ के रास्ते गुजारी गईं।

### इन ट्रेनों को किया गया निरस्त

- बुधवार शाम को 14236 बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस और 14308 बरेली-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस को लखनऊ से शार्ट ओरिजनेट किया गया। जिसकी वजह से बरेली जंक्शन पर इन ट्रेनों का संचालन निरस्त रहा। इसके अलावा 14235 वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस और 14307 प्रयागराज संगम-बरेली एक्सप्रेस लखनऊ तक चलाई गई, इसकी वजह से जंक्शन पर यात्रियों को परेशान होना पड़ा और उन्हें दूसरी ट्रेनों से अपने गन्तव्य को जाना पड़ा।

### वंदे भारत एक्सप्रेस समेत दो दर्जन ट्रेनें लेट

- ओएचई टूटने की वजह से कई ट्रेनें बुधवार को दो दर्जन से अधिक ट्रेनें लेट हो गईं। जंक्शन पर देरी से पहुंचीं। 15909 अवध असम एक्सप्रेस 7 घंटे, 13151 सियालदह एक्सप्रेस 4 घंटे, 22545 वंदे भारत एक्सप्रेस 3 घंटे, 15073 त्रिवेणी एक्सप्रेस 6 घंटे देरी से पहुंची।

# 17 आईपीएस अफसरों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन ने 17 आईपीएस अधिकारियों का फिर तबादला किया गया है। इसमें कई अधिकारियों को प्रोन्नति देते हुए उसी जिले में तैनात किया गया है। प्रताप गोपेंद्र यादव को सेनानायक 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज से पुलिस अधीक्षक पीटीएस मुरादाबाद भेजा गया है।

अवधेश सिंह को एसपी रेलवे गोरखपुर से एसपी भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ, आरती सिंह को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त कानपुर से उसी जिले में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। अंकिता शर्मा को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर से उसी जिले में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

**▸▸ संदीप कुमार मीना बने एसपी गोरखपुर रेलवे**

चंद्रकांत मीना को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त वाराणसी से पुलिस उपायुक्त वाराणसी बनाये गये हैं। साद मिया खान को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर से उसी जिले में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। सूरज कुमार राय को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आगरा से यहीं पर पुलिस उपायुक्त, सैय्यद अली अब्बास को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त से डीसीपी आगरा बनाया गया, मनीष कुमार सांडिल्य को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त वाराणसी से सेनानायक 4वीं पीएसी वाहिनी प्रयागराज, राहुल भाटी को अपर पुलिस अधीक्षक बरेली नगर से सेनानायक यूपीएसएसएफ लखनऊ, अनिल कुमार यादव को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर से पुलिस उपायुक्त लखनऊ, अभिषेक भारती को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रयागराज से उसी जिले में पुलिस उपायुक्त बनाया गया। संदीप कुमार मीना को एएसपी ग्रामीण मुरादाबाद से एसपी गोरखपुर रेलवे, संतोष कुमार मीना को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर से सेनानायक 2वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, लखन सिंह यादव को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर से पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर, ओमप्रकाश यादव को सेनानायक यूपीएसएसएफ लखनऊ से एसपी पीटीसी सीतापुर, दयाराम को सेनानायक 2वीं पीएसी सीतापुर से एसपी सीबीसीआईडी लखनऊ बनाया गया है।

# 28 निकायों और 15 बैंकिंग संस्थानों को मिला सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत उप्र. में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 28 नगरीय निकायों और 15 बैंकिंग इकाइयों को प्रेज़ पुरस्कार से सम्मानित किया। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत इन नगरीय निकायों और बैंकिंग संस्थाओं ने शहरी स्ट्रीट वेंडर्स और छोटे उद्यमियों को स्वावलंबी बनाने और उनके पुनरुत्थान के लिए ऋण उपलब्ध कराने के साथ-साथ व्यवसाय के अनुरूप शहरों में जगह का चिन्हांकन कराने में सराहनीय कार्य किया है।

नगर विकास मंत्री ने बुधवार को नगरीय निकाय निदेशालय में 'उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम' विषय पर आयोजित प्रेज पुरस्कार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी की विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए शहरी रेहड़ी पटरी व छोटे दुकानदारों की सहायता के लिए कदम उठाया था और यह योजना ऐसे लोगों के लिए अमृत समान रही। कोविड के दौरान रेहड़ी पटरी वाले तथा छोटे-छोटे व्यवसायियों का कार्य व्यवसाय ठप हो गया था, जिससे उनके सामने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया था।



नगर विकास मंत्री एके शर्मा व राज्यमंत्री राकेश राठौर के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते अपर नगर आयुक्त लखनऊ।

एके. शर्मा ने कार्यक्रम में आए सभी अधिकारियों, स्ट्रीट वेंडर, उद्यमियों, बेंकिंग सेक्टर के प्रतिनिधियों को योजना को और आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने निदेशालय परिसर में महिला शक्ति समूहों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगायी गयी विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने बताया कि देश में कुल 88.33 लाख ऋण (प्रथम, द्वितीय व तृतीय) वितरित किए गए हैं, जिसमें उप्र. द्वारा कुल 21.48 प्रतिशत (18.97 लाख) ऋण बांटे गए हैं। पूरे देश में सर्वाधिक ऋण वितरण उत्तर प्रदेश में किया गया है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री राकेश राठौर बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। इसके अलावा सचिव नगर विकास अजय कुमार शुक्ल, निदेशक सूडा अनिल कुमार पाठक, निदेशक नगरीय निकाय अनुज कुमार झा, बैंकिंग संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स ने प्रतिभाग किया। निकायों के अधिकारी वर्चुअल जुड़े रहे।

**▸▸ पीएम स्वनिधि योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगरीय निकायों और बैंकिंग सेक्टर को मिला पुरस्कार**

### इन संस्थाओं को मिला पुरस्कार

अलग-अलग श्रेणी व शहरी-ग्रामीण में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर लोन परफॉर्मेंस में लखनऊ नगर निगम, गोरखपुर, बरेली, झांसी, मुरादाबाद नगर निगम और बिलारीगंज तथा हाटा नगर पंचायत को पुरुस्कृत किया। इसी प्रकार राज्य स्तरीय लोन परफॉर्मेंस पर लखनऊ व गाजियाबाद नगर निगम को, गोरखपुर, झांसी नगर निगम तथा बरेली नगरपालिका परिषद को, जबकि नगर पालिका परिषद नवाबगंज, पडरौना, पिलखुवा, खतौली, बेला प्रतापगढ़, बलरामपुर, भरवारी तथा नगर पंचायत में हाटा, बिलारीगंज टाउन, अनपरा को पुरस्कृत किया। स्वानिधि से समृद्धि में उपलब्धि पर वाराणसी नगर निगम को, झांसी व शाहजहांपुर को, नगर पालिका परिषद सिकंदरा राव, नगर पंचायत सराय अकील व करारी को सम्मानित किया। स्ट्रीट वेंडर्स को लोन देने में जिन बैंकों का प्रदर्शन अच्छा रहा उसमें स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बड़ौदा यूपी बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, बैंक ऑफ़ इंडिया, बैंक आफ महाराष्ट्र, कनाडा बैंक, इंडियन बैंक, यूको बैंक को सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### रेरा ने स्थापित की खंड पीठ, सुनेगी शिकायत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने लखनऊ मुख्यालय में स्थायी खंड-पीठ स्थापित की है। जहां, परियोजनाओं संबंधित 10 या उससे अधिक शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी खंड-पीठ की अध्यक्षता करेंगे। अध्यक्ष ने बताया कि अगर किसी परियोजना में आवंटियों का संघ (एओए) निवासियों के संघ (आरडब्ल्यूए) और परियोजना के 10 या उससे अधिक आवंटियों द्वारा शिकायतें दायर की गईं तो उनकी सुनवाई नियमित रूप से अध्यक्ष द्वारा गठित खंड-पीठ करेगी। इसके अलावा यह निर्णय भी लिया गया कि प्रोमोटर्स द्वारा आवंटियों के विरुद्ध दायर की गई शिकायतें (क्रॉस-कम्प्लैन्ट/परस्पर शिकायत) की सुनवाई भी खंड-पीठ करेगी। रेरा मुख्यालय में स्थायी खंड-पीठ की स्थापना से शिकायतों के निर्णय में एकरूपता आएगी। साथ ही निस्तारण में तेजी आएगी।

# रेल लाइनों पर खतरा देख कर सक्रिय हुई पुलिस, बनेगी एसओपी

## आरपीएफ और रेलवे अधिकारियों के साथ डीजीपी ने की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रेल लाइनों पर मंडरा रहे खतरों को देख कर अब पुलिस विभाग भी सक्रिय हो गया है। बुधवार को डीजीपी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। जिसमें रेल लाइनों की सुरक्षा के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में अंबाला, दिल्ली और मुगलसराय के भी रेलवे अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में डीजीपी प्रशांत कुमार, एडीजी रेलवे प्रकाश डी, एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश, एडीजी



अपराध एसके भगत की उपस्थिति में प्रदेश के सभी जोनल एडीजी, एडीजी आरपीएफ बड़ौदा हाउस व प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त दिल्ली के अलावा दिल्ली, अंबाला व मुगलसराय के एडीआरएम भी शामिल हुए।

डीजीपी ने कहा कि रेल लाइनों को अवरुद्ध करने की घटनाओं को देखते हुए लाइनों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। इसके अलावा लाइनों की सुरक्षा के लिए वाल-फेसिंग कराए जाने, वल्नरेबुल क्षेत्र को चिन्हित करने, संयुक्त पेट्रोलिंग कराने, मंडल स्तर पर समन्वय बैठक करने, रेल ट्रैक के आसपास हुए अवैध निर्माण को हटवाने व एसओपी तैयार करने को लेकर निर्देश दिए गए।

**▸▸ रेल लाइनों के पास रहने वालों का होगा वेरिफिकेशन**

उन्होंने कहा कि रेल लाइनों की समुचित सुरक्षा के लिए उच्च तकनीकी का उपयोग, ट्रेन इंजन व कोचेज में सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाए। डीजीपी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क उत्तर प्रदेश का है। विगत में रेल लाइनों के अवरुद्ध करने संबंधी घटनाओं में समन्वय रखते हुए घटनाओं को रोकने के लिए सभी स्टेक होल्डर्स को सम्मिलित कर एसओपी बनाकर कार्रवाई की जाएगी। आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से रेल लाइनों की पेट्रोलिंग कराई जाए और किसी प्रकार के प्राप्त इनपुट को शेयर किया जाए। ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वालों पर सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में रेलवे लाइनों पर जो भी आपराधिक घटनाएं हुई हैं उनका विश्लेषण कर लिया जाए। रेलवे लाइनों के आसपास रहने वाले लोगों का वेरिफिकेशन कराया जाए।

### सेवानिवृत्त आईएएस मुकुल सिंहल बने सहकारी समिति निर्वाचन आयोग के आयुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस मुकुल सिंहल को उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग का मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया है। मुकुल सिंहल अप्रैल 2022 में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति व कार्मिक रहते हुए सेवानिवृत्त हुए थे। सरकार ने अब उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है।

सहकारी समिति निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे पीके मोहंती का कार्यकाल लगभग 7 महीने पहले समाप्त हो गया था। तभी से यह पद रिक्त चल रहा था। मुकुल सिंहल को नई जिम्मेदारी सौंपने संबंधी आदेश नियुक्ति व कार्मिक विभाग की ओर से बुधवार की शाम को किया गया। 1986 बैच के आईएएस अधिकारी रहे मुकुल सिंहल की आखिरी तैनाती राजस्व परिषद के अध्यक्ष के तौर पर थी। अपने पूरे कार्यकाल में उन्होंने 61 बार सरकारी नौकरी में अलग-अलग पोस्टिंग ली थी। उनकी पहली फील्ड पोस्टिंग 1989 में सहायक कलेक्टर पौड़ी गढ़वाल थी।

# देश को गृह युद्ध की ओर धकेलने की कोशिश कर रहे राहुल गांधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संयुक्त राज्य अमेरिका में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के दिए गए बयानों और उनकी हाल की गतिविधियों पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि राहुल गांधी का लक्ष्य देश को गृह युद्ध की तरफ धकेलना है। इस आरोप के साथ योगी ने बुधवार को लिखा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की ओर अग्रसर हैं। इनका एकमात्र लक्ष्य भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को छिन्न-भिन्न करके देश को गृह युद्ध की ओर धकेलना है।

**देश से आरक्षण को समाप्त करने का कुचक्र रच रहे कांग्रेस के युवराज**



**▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस सांसद के बयानों और उनकी हाल की गतिविधियों पर दी प्रतिक्रिया**

योगी आदित्यनाथ ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में एनडीए सरकार शोषित, पीड़ित और वंचित के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज रोपने का प्रयास निंदनीय है। उन्हें इसके लिए देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए।



बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक करते उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह।

# वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाएगा उद्यान विभाग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने उद्यान विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभाने का दावा किया है। इस क्रम में उन्होंने कहा है कि, किसानों को आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ने के विशेष प्रयास किए जाएं। इसके तहत, नवीनतम तकनीकी उपकरण और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, ताकि फसलों की गुणवत्ता में सुधार हो और किसानों की आय बढ़ सके।

उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने वर्ष 2024-25 के लिए उद्यान विभाग द्वारा संचालित सभी औद्यानिक विकास योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि विभाग के संसाधनों और क्षमताओं का पूरा उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही किसानों के साथ संवाद रखा जाए और उनकी फीडबैक के आधार पर योजनाओं में सुधार किया जाए।

### लंपी बचाव को 1.60 करोड़ गोवंशों को लगेगी वैक्सीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में गोवंशों को लंपी स्किन डिजीज से बचाने के लिए 15 सितंबर से विशेष अभियान चलेगा। पशुपालन विभाग 1.60 करोड़ गोवंशों का टीकाकरण करेगा। इसके लिए जिलों को वैक्सीन उपलब्ध करा दी है। संयुक्त निदेशक पशुपालन निदेशालय एमआई खान ने बताया कि प्रदेश में गोवंशों को लंपी स्किन डिजीज से बचाने के लिए 15 सितंबर से अक्टूबर तक विशेष टीकाकरण अभियान चलेगा। इस दौरान घर-घर 1.60 करोड़ गोवंशों को निशुल्क गोट पॉक्स वैक्सीन लगाई जाएगी। जो जिलों को लगभग उपलब्ध करा दी है। इस बीमारी में गोवंशों के शरीर में गांठे पड़ जाती है और मृत्यु हो जाती है। इसका वायरस एक से दूसरे गोवंश में तेजी से फैलता है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी लखनऊ सुरेश कुमार ने बताया कि जिले में 27 टीमें गठित की गई हैं। जो 1,75,500 गोवंशों का टीकाकरण करेंगी।

# मनरेगा में फंसीं नगर में शामिल 503 ग्राम पंचायतें

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** वर्ष 2020 में त्रिस्तरीय पंचायत के दौरान परिसीमन से नगर पंचायत व नगर निगम में शामिल हुईं 503 ग्राम पंचायतें मनरेगा में फंसी हैं। जो ग्राम पंचायतों के अभिलेखों से तो हट गईं, लेकिन मनरेगा की वेबसाइट में केंद्र तक दर्ज हैं।

वेबसाइट से नाम हटाने के लिए जिलों ने 100 फीसद कार्य व भुगतान करने के प्रमाण पत्र नहीं दिए हैं। इससे श्रमिकों व कार्यों का बकाया होने की आशंका है। जिनका भुगतान किए बिना नाम नहीं हटाए जा सकते हैं। इस वजह से प्रमाण पत्र नहीं दिए गए। इससे केंद्र व राज्य के लिए असमंजस की स्थित बनी हुई है। क्योंकि समीक्षा, बैठक, भुगतान व अन्य कार्य वेबसाइट से नाम लेकर किए जाते हैं। यह नहीं पता चलता कि कौन सी ग्राम पंचायत नगर में है। इस पर ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने नाराजगी जताते हुए जिलों से नाम हटाने के साथ कार्य, भुगतान व परिसंपत्तियों की जियो टैगिंग का प्रमाण पत्र मांगा है।

**▸▸ मनरेगा की वेबसाइट से नहीं हटाए गए नाम, असमंजस में विभाग**

**▸▸ जिलों ने नहीं दिए नाम हटाने के लिए कार्य व भुगतान संबंधी प्रमाण पत्र**

**लोकल गवर्नमेंट डायरेक्ट्री में अंतर, 10 जिलों में संख्या ज्यादा :** मनरेगा की वेबसाइट पर 58,194 ग्राम पंचायत प्रदर्शित हैं। जबकि लोकल गवर्नमेंट डायरेक्ट्री यानी एलजीडी में 57,691 ग्राम पंचायतें प्रदर्शित हैं। नगर में शामिल 503 ग्राम पंचायतें 67 जिलों की हैं। इसमें सबसे ज्यादा मथुरा, अयोध्या, गोंडा, कौशांबी, प्रतापगढ़, मऊ, आजमगढ़, कुशीनगर, फर्रुखाबाद व जौनपुर की ग्राम पंचायतें मनरेगा की साइट पर दर्ज हैं। जो जिलों पर 15 दिवसीय अभियान चलाकर हटाई जाएंगी।

### मनरेगा की साइट पर इन जिलों की ज्यादा ग्राम पंचायत

कौशांबी 48, प्रतापगढ़ 45, मऊ 33, आजमगढ़ 28, मथुरा 24, अयोध्या 22, गोंडा 22, कुशीनगर 21 व फर्रुखाबाद में 20 ग्राम पंचायतें

## वर्ग पहेली-189

**बाएं से दाएं**

1. शुभकारक, मंगलकारक।
4. मनोभावों की प्रधानता वाला गीत।
5. जलाशयों के किनारे पाया जाने वाला खजूर की जाति का एक खूबसूरत पेड़।
7. उसी आकार या रूप का, उसी तरह का।

**ऊपर से नीचे**

1. तोता।
2. कृष्ण, वासुदेव।
3. किसी राज्य या देश के उन बालिग व्यक्तियों की सूची जिन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त हो, (वोटर्स लिस्ट)।
4. फ़सल का वह भाग जो मज़दूर को खलिहान की राशि में से मिलता है।
6. 1. हाथ की हथेली 2. मात्रिक छंदों में चार मात्राओं के गण का एक रूप 3. छप्पय छंद का एक भेद।



### वर्ग पहेली -188 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ | ह | 2 म | | 3 अ | |
| | | ह | | नु | |
| | | ल् | | 4 कं | 5 दु |
| 6 अ | भि | ले | ख | पा | ल |
| व | | दा | | | ख |
| दा | | री | | | ना |
| 7 ह | ठी | | 8 ध | नु | |

## सुडोकू -102

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 7 | 5 | | 2 |
| | | 3 | | | 5 | | 4 | |
| | | 6 | | 9 | | 7 | | 1 |
| | 4 | 2 | | 8 | | | 5 | |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| | 9 | | | 1 | | 2 | 8 | |
| 5 | | 9 | | 4 | | 3 | | |
| | 3 | | 2 | | | 8 | | |
| 1 | | 7 | 6 | | | 4 | | |

### सुडोकू - 101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 5 | 7 | 6 | 1 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 23.32 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष:** आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। बच्चों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।

**वृष:** आज आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। योग और प्राणायाम के लिए समय अवश्य निकालें। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है। रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। मन में निराशा का भाव न पनपनें दें।

**मिथुन:** आज नया कार्य शुरू कर सकते हैं, लेकिन अत्यधिक अधीरता ठीक नहीं है। विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को थोड़ा सावधान रहना चाहिए। प्रकृति के निकट रहने का प्रयास करें। ऑनलाइन व्यापार से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कर्क:** आज अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन अवश्य लें। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है।

**सिंह:** आज कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। मित्रों के साथ लंबी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**कन्या:** आज कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। व्यापार में परेशानी हो सकती है। अहम् की भावना के कारण नुकसान हो सकता है। दांपत्य संबंधों में आत्मीयता बढ़ेगी। गलत कार्यों की तरफ आपका रूझान हो सकता है।

**तुला:** आज दोपहर के बाद कोई शुभ समाचार मिल सकता है। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ होगा। रचनात्मक कार्यों में आपका नाम होगा। आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। बड़े भाई-बहनों को लेकर प्रसन्नता रहेगी। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें।

**वृश्चिक:** आज नए घर या जमीन में निवेश कर सकते हैं। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। संतान के प्रति गौरवान्वित महसूस करेंगे। रिश्तों में प्रेम भावना का विकास होगा।

**धनु:** आज पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। काल्पनिक विचारों में खोए रहेंगे। काम रुक-रुक कर होंगे, लेकिन आपको सफलता मिलेगी। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

**मकर:** आज अनावश्यक विचारों से आपको बचना चाहिए। मान-अपमान का भय रहेगा। बहुत से काम एक साथ करने का प्रयास न करें। अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। भोजन और बाकी दिनचर्या अनुशासित रखें।

**कुंभ:** आज अपने मन की बातें उनसे साझा कर सकते हैं। अपनी मनः स्थिति में शांत रखें। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें।

**मीन:** आज यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मूल 21.53 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
आग ही आग — सुबह : 09.00
विक्की डोनर — रात : 09.00

&pictures
केसरी — सुबह : 10.55
मदारी — रात : 08.00

SONY PIX
लाइट्स आउट — सुबह : 11.11
वेनम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
शिवम — सुबह : 11.01
मंगलावरम — रात : 08.00

colors CINEPLEX
गब्बर इज बैक — दोपहर : 12.51
खुदा गवाह — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पड़ोसी- यार तेरे घर से रोज हंसी की आवाज आती है। इस खुशहाल जिंदगी का राज क्या है?
पप्पू- वो क्या है न कि मेरी बीवी रोज मुझे जूतों से मारती है, लग जाए तो वो हंसती है और न लगे तो मैं हंसता हूं। बस ऐसे ही हंसी-खुशी जिंदगी गुजर रही है।
पड़ोसी बेहोश।

साइंस की टीचर क्लास में पढ़ा रही थी, टीचर ने पप्पू से कहा - तू बता जिंदा रहने के लिए क्या-क्या चीजें जरुरी हैं?
पप्पू - नहीं पता मैडम
टीचर - अरे जो आता है वही बता
पप्पू - जिंदा रहने के लिए तेरी कसम एक मुलाकात जरूरी है सनम...

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूं दड़ा 2625-2650 आर.आर.21 2725-2750 गेहूंफारम 2850-2900 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300 -7400 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12200-12300 चनादाल 8900-9000 मटरदाल 4550-4650 मसूरमलका 7150-7200 मसूरदाल 7350-7400 उड़ददाल 9000- 13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500-1600 मैदा 1600-1630 सूजी 1620-1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500-1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5500-5600 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दाना षिवपुरी 9500- 11200 बटाली 8800-11000 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 13900-14000 अलसी 10500-10600 अण्डी 12800-13000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1655-1653 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5100-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1660-1653 मयूर 1660-1653 मंगलौर लड्डू 4900-4950 देशीभेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4100-4160 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55000-55200 |

# देश को ग्रीन हाइड्रोजन का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध : मोदी

### अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे संस्करण का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोले- भारत स्वच्छ, हरित ग्रह के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो संदेश से ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया और जलवायु परिवर्तन से निपटने और ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में भारत को अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक स्वच्छ, हरित ग्रह के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

हम जी20 देशों में से पहले थे, जिन्होंने हरित ऊर्जा पर पेरिस समझौते को समय से पहले पूरा किया। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन ऐसी ही एक सफलता है, जिसमें रिफाइनरियों, उर्वरकों, इस्पात और भारी शुल्क वाले परिवहन जैसे कठिन-से-विद्युतीकरण क्षेत्रों को डीकार्बोनाइज करने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत को हरित हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। 2023 में शुरू राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन इस महत्वाकांक्षा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नवाचार को बढ़ावा देगा, बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा, उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करेगा और हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करेगा। उन्होंने अक्षय ऊर्जा विकास में भारत के नेतृत्व पर जोर देते हुए कहा कि पिछले दशक में भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और इसी अवधि में 3000 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद वेंकटेश जोशी ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन पर कहा कि इसमें न केवल आठ लाख करोड़ के निवेश और छह लाख नौकरियां पैदा करने की क्षमता है, बल्कि आयातित प्राकृतिक गैस और अमोनिया पर निर्भरता को भी काफी कम करेगा।

# कंपनी की डेट समझें और करें शेयर का मूल्यांकन

किसी कंपनी की वित्तीय स्थिति को समझने के लिए उसकी उधारी (डेट) का विश्लेषण जरूरी है। उधारी, जिसे लायबिलिटीज भी कहते है, जो कंपनी के लिए उधार को दर्शाती है। इसके मुख्य प्रकार वर्तमान लायबिलिटीज (जिनका भुगतान एक वर्ष में ) और दीर्घकालिक लायबिलिटीज (जिनका भुगतान एक वर्ष से अधिक समय में ) होते हैं। उधारी के प्रबंधन को समझने के लिए, डेब्ट-टू-इक्विटी अनुपात, डेब्ट-टू-एसेट अनुपात, और इंटरेस्ट कवरेज अनुपात जैसे वित्तीय मानकों का विश्लेषण किया जाता है। ये मानक कंपनी की उधारी की मात्रा, ब्याज भुगतान की क्षमता और वित्तीय स्थिरता की स्थिति को स्पष्ट करते हैं। आईये इसके बारे में जानते हैं....

**बैलेंस शीट :** इसमें कंपनी की वित्तीय स्थिति की जानकारी होती है, जिसमें उधारी (लायबिलिटीज) भी होती है।

**आय विवरण :** इसमें कंपनी की आमदनी और खर्चे होते है। यह उधारी के भुगतान पर होने वाले ब्याज का विवरण देता है।

**वार्षिक रिपोर्ट :** कंपनियां वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय विवरण और स्थिति की जानकारी देती हैं। इसमें उधारी भी शामिल होती है।

**सेबी फाइलिंग्स :** कंपनी सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध है तो सेबी या अन्य नियामक संस्थाओं के साथ उसकी फाइलिंग्स में उधारी के विवरण मिल सकते हैं।

**अन्य घोषणाएं :** कभी कंपनियां वित्तीय स्थिति का प्रेस रिलीज जारी करती हैं।

**क्रेडिट रिपोर्ट्स :** क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां (क्रिसिल, आईसीआरए) कंपनियों की उधारी की जानकारी देती हैं। ये कंपनी की स्थिति को समझने में मदद करती हैं।

### उधारी की मात्रा का आकलन

**डेब्ट-टू-इक्विटी अनुपात :** यह बताता है कि कंपनी की उधारी उसके शेयरधारकों की पूंजी की तुलना में कितनी है। सामान्यत:, कम अनुपात अधिक अच्छा है।

**डेब्ट-टू-एसेट अनुपात :** यह बताता है कि कंपनी की कुल संपत्तियों के मुकाबले कितनी उधारी है।

**ब्याज भुगतान :** यह बताता है कि कंपनी अपने ब्याज भुगतान को कितना आसानी से वहन कर सकती है। यह कंपनी की वित्तीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

**नकदी प्रवाह :** कंपनी के नकदी प्रवाह की निगरानी करें। यदि कंपनी के पास पर्याप्त नकदी प्रवाह नहीं है, तो वह उधारी का भुगतान करने में कठिनाई महसूस कर सकती है।

**कंपनी की वेबसाइट और निवेशक संबंध :** कंपनियां अपनी वेबसाइट पर निवेशक संबंध के पेज पर वार्षिक रिपोर्ट, वित्तीय विवरण, और अन्य दस्तावेज़ अपलोड करती हैं।

**संरचना :** क्या कंपनी के उधार की संरचना दीर्घकालिक है या तात्कालिक है और क्या इसमें उच्च ब्याज दर वाले ऋण हैं।

**योजनाएं :** कंपनी की मौजूदा वित्तीय योजनाओं और भविष्य की रणनीतियों की समीक्षा करें। यह समझने में मदद करेगा कि कंपनी अपनी उधारी को नियंत्रित करने के लिए क्या कर रही है।



# वाहन उद्योग ग्राहक, बिक्री के बाद की सेवाओं पर ध्यान दे : गडकरी

नई दिल्ली,एजेंसी



- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने फाडा के कार्यक्रम में कहा- वाहन डीलर का आत्मनिर्भर भारत के मिशन में महत्वपूर्ण योगदान

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग क्रांति के मुहाने पर है और इसे ग्राहक सेवा, बिक्री के बाद की सेवाओं और गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है। गडकरी ने वाहन डीलरों के निकाय फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के कार्यक्रम में अपने वीडियो संदेश में कहा कि वाहन डीलर सरकार के आत्मनिर्भर भारत के मिशन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गडकरी ने कहा कि वाहन उद्योग क्रांति के मुहाने पर है और जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, यह महत्वपूर्ण है कि यह क्षेत्र ग्राहक सेवा, बिक्री के बाद की सेवाओं और गुणवत्ता जैसे क्षेत्रों में नवाचार जारी रखे। उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को आगे बढ़ाने में फाडा और उसके सदस्यों की भूमिका को बहुत महत्व देती है। उन्होंने वाहन खुदरा क्षेत्र को सरकार के हरसंभव समर्थन का आश्वासन दिया।

## निर्यात और आयात से जुड़ी हर जानकारी देगा व्यापार पोर्टल

- मंच सीमा शुल्क, नियमों समेत सभी सूचनाएं देगा पोर्टल : गोयल

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को निर्यात-आयात से जुड़ी सभी जानकारी देने के लिए व्यापार पोर्टल शुरू किया। ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत निर्यात-आयात बैंक, टीसीएस, वित्तीय सेवा विभाग और विदेश मंत्रालय के सहयोग से तैयार किया गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह मंच सीमा शुल्क, नियमों समेत सभी प्रकार की सूचनाएं एक ही जगह पर उपलब्ध कराएगा।

विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष सारंगी ने कहा कि यह निर्यातकों को महत्वपूर्ण व्यापार-संबंधी जानकारी रेगा। उन्हें विदेश में भारतीय दूतावास, वाणिज्य विभाग, निर्यात संवर्धन परिषद जैसी प्रमुख सरकारी संस्थाओं और विशेषज्ञों से जोड़ेगा।

# 6जी सेवा पेटेंट में देश की नजर 10% पर : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंध सम्मेलन को दूरसंचार मंत्री ने किया संबोधित

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि सबसे तेज 5जी सेवा लाने के बाद भारत छठी पीढ़ी की मोबाइल सेवाओं में दुनियाभर में हुए पेटेंट का 10वां हिस्सा हासिल करने का लक्ष्य बना रहा है। वह एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंध सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

सिंधिया ने कहा कि जहां हमारे पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी नेटवर्क है, 22 महीनों में 4.5 लाख 4जी टावर का निर्माण किया गया है, बीएसएनएल के लिए खुद की 4जी तकनीक का निर्माण किया गया है, हम भारत 6जी अलायंस को स्थापित कर 6जी की ओर भी बढ़ रहे हैं। हमारा लक्ष्य आने वाले दिनों में इस भारत 6जी अलायंस से 6जी में भारत के लिए 10 प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट सुनिश्चित करना है। मंत्री ने कहा कि वैश्विक आर्थिक और सामाजिक उथल-पुथल के बीच भारत आशा और स्थिरता की किरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने अस्तित्व में पहली बार अपना स्वयं का 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा विकसित किया है, जिसे अगले वर्ष तक स्थापित दिया जाएगा। सिंधिया ने कहा कि न केवल प्रौद्योगिकी को लागू करना महत्वपूर्ण है, बल्कि स्वदेशी प्रौद्योगिकी को डिजाइन और विकसित करना भी महत्वपूर्ण है। हमने अपने लिए तीन लक्ष्य तय किए हैं। पहला लक्ष्य परिपूर्णता सुनिश्चित करना है हमारे देश के हर हिस्से को डिजिटल प्रौद्योगिकी से जुड़ना चाहिए। हर व्यक्ति को डिजिटल क्रांति के माध्यम से हर अवसर का लाभ उठाने में सक्षम होना चाहिए। सिंधिया ने कहा कि देश में साढ़े चार लाख टावर लगाए हैं। 20,000 और टावर लगाए जाने है और इस पहल के लिए 44,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।



## एक नजर

### चार दोषियों की मृत्युदंड की सजा कारावास में बदली

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने 2013 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में चार दोषियों की मृत्युदंड की सजा को बुधवार को 30 वर्ष के कारावास में बदल दिया। गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली के दौरान गांधी मैदान में विस्फोट हुए थे। न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार और जितेंद्र कुमार की खंडपीठ ने एनआईए की विशेष अदालत द्वारा दो अन्य दोषियों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा। 2021 में अदालत ने कुल नौ लोगों को दोषी ठहराया था, जिनमें से चार को मृत्युदंड, दो को आजीवन कारावास और दो को 10 साल की कैद और एक को सात साल की जेल की सजा और एक अन्य को सात साल की जेल की सजा सुनाई थी जबकि एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था।

### फर्जी खबर प्रसारित करने में एक पर मामला दर्ज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एक व्यक्ति पर भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया पर फर्जी खबर प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। बंगाल पुलिस ने बुधवार को एक्स पर कहा कि सोशल मीडिया पर अविश्वास पैदा करने तथा सार्वजनिक शांति भंग करने के इरादे से प्रधान न्यायाधीश को बदनाम करने तथा उच्चतम न्यायालय की गरिमा पर प्रहार करने के लिए फर्जी खबर प्रसारित की गयी। कृष्णगंज पुलिस थाने में फूलबाड़ी के सुजीत हलदार के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है।

### हौद खोदने के दौरान मिट्टी में दबने से तीन की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सीकर जिले के दांतारामगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार को एक हौद खोदने के दौरान मिट्टी ढह जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक जाकिर अख्तर ने बताया कि राजनपुरा गांव में मकान में हौद की खुदाई के दौरान मिट्टी ढह गई, जिसमें दबने से किशन सिंह (40), उनके दो भतीजे राहुल (16) और विक्की उर्फ विकास (15) की दम घुटने से मौत हो गई।

### छह किलो हेरोइन मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**जालंधर।** जालंधर ग्रामीण पुलिस ने छह किलो हेरोइन मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी हरकमलप्रीत सिंह खख ने बुधवार को बताया कि आरोपी की पहचान मनवीर सिंह निवासी थत्थे गांव सरहाली, तरनतारन जिले के रूप में हुई है। वह सदर नकोदर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के संबंध में वांछित था।

# शिमला मस्जिद विवाद में तोड़े अवरोधक, पुलिस से झड़प

### लोगों ने प्रदर्शन के दौरान किया पथराव, पुलिस ने भीड़ हटाने को पानी की बौछारें मारी और किया लाठीचार्ज

- विरोध के लिए निषेधाज्ञा का किया उल्लंघन, प्रशासन की चेतावनियों की अनदेखी कर शुरू किया मार्च

शिमला, एजेंसी

शिमला के संजौली क्षेत्र में मस्जिद के अवैध हिस्से को ध्वस्त करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों की बुधवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के लगाए अवरोधकों को तोड़ दिया और पथराव किया, पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं और लाठीचार्ज किया।

प्रदर्शनकारी सब्जी मंडी ढल्ली में एकत्र हुए और निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए तथा प्रशासन की चेतावनियों की अनदेखी कर संजौली की ओर मार्च शुरू कर दिया। उन्होंने ढल्ली सुरंग के पास लगाए अवरोधक तोड़ दिए। हिंदू समूहों के आह्वान पर एकत्र लोगों ने संजौली में प्रवेश किया और मस्जिद के पास लगे दूसरे अवरोधक को तोड़ दिया तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया और पानी की बौछारें छोड़ीं। पुलिस ने हिंदू जागरण मंच के सचिव कमल गौतम सहित कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया तथा मस्जिद के पास फिर से अवरोधक लगाए, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने जाने से इनकार करते हुए नारेबाजी की। झड़प से संजौली, ढल्ली और आसपास के इलाकों के बच्चे स्कूलों में फंसे रहे। झड़प और पथराव से दो पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि प्रदर्शनकारियों का दावा है कि पुलिस कार्रवाई में कुछ लोगों को चोटें आई हैं। शिमला एसपी संजीव गांधी, डीजीपी अतुल वर्मा के साथ मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं। गांधी ने कहा कि हम बातचीत से स्थिति शांत करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कोई नेता नहीं है और भीड़ सुनने को तैयार नहीं है।




शिमला के संजौली इलाके में मस्जिद में अवैध ढांचे को गिराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा अवरोधक को हटाते लोग।

### मस्जिद के संबंध में कानूनी कार्रवाई करेगी सरकार

संजौली की मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर बढ़ते तनाव और विवादित ढांचा गिराने की मांग को लेकर हिंदू संगठनों के बंद के आह्वान के बीच इलाकों में पुलिस बल तैनात है। शिमला जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लगाया है। हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शांति रखने की अपील की और कहा कि राज्य सरकार मस्जिद के संबंध में कानूनी कार्रवाई करेगी। यह केवल एक ढांचे का मामला नहीं है, बल्कि ऐसे 4,000-5,000 से अधिक अधिक ढांचे हैं। 14 वर्ष से यह मामला नगर निगम आयुक्त की अदालत में लंबित रहा है और सुनवाई तेज करने के प्रयास किए जाएंगे।

# बेबुनियाद बयानों से राहुल ने देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई : राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत-चीन सीमा मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष के दावों को भी रक्षामंत्री ने किया खारिज

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका में दिए बयानों के लिए बुधवार को राहुल गांधी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि नेता प्रतिपक्ष विदेश दौरों पर भ्रामक, बेबुनियाद और तथ्यहीन बयान देकर देश की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं।

सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में भारत-चीन सीमा मुद्दे पर राहुल गांधी के दावों को भी खारिज करते हुए कहा कि जिस तरह के दावे उन्होंने अमेरिका में किए हैं, वे भ्रामक और तथ्यों से परे हैं। राजनाथ ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भारत में सिख समाज को गुरुद्वारों में पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं है, उन्हें उनके पंथ के अनुरूप व्यवहार करने से रोका जा रहा है। यह बेबुनियाद है। भारत की संस्कृति की रक्षा करने में सिख समाज की जो बड़ी भूमिका रही है, उसे पूरा देश मानता है और उनका सम्मान करता है। उनके बारे में इस तरह की मनगढ़न्त बातें करना, विपक्ष के नेता को शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि इसी तरह भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर भी जिस तरह के दावे उन्होंने किए हैं, वे भ्रामक हैं। लगता है कि मुहब्बत की दुकान चलाते- चलाते राहुल झूठ की दुकान खोल बैठे हैं।

## गुजरात में झंडा लगाने पर सांप्रदायिक झड़प में दो घायल, 17 हिरासत में

- दोनों पक्षों से किए पथराव से कुछ वाहन भी हुए क्षतिग्रस्त

**भरूच (गुजरात)।** गुजरात में भरूच जिले के इलाके में धार्मिक झंडा लगाने को लेकर दो समुदायों में हिंसक झड़प हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गोकुल नगर इलाके में मंगलवार रात हुई इस घटना में 17 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दंगाइयों को तितर-बितर किया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। भरूच के पुलिस अधीक्षक मयूर चावड़ा ने कहा कि दोनों पक्षों के लोग एकत्र हो गए और एक-दूसरे पर पथराव करने लगे, जिससे दो व्यक्ति घायल हो गए और कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए। चावड़ा ने बताया कि एक समुदाय के लोगों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और हिंसा में शामिल दूसरे समुदाय के 17 लोगों को हिरासत में लिया है।

# सजा निर्धारित करना दोषी का अधिकार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

### मृत्युदंड का अनुरोध

- पत्नी की हत्या में 30 साल से जेल में बंद व्यक्ति ने मौत को बताया बेहतर

पत्नी की हत्या में 30 साल से जेल में बंद व्यक्ति के जीवन पर्यन्त आजीवन कारावास को मृत्युदंड से कहीं अधिक बदतर बताने पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि आप चाहते हैं कि आपकी सजा फांसी में बदल दिया जाए।

स्वामी श्रद्धानंद उर्फ मुरली मनोहर मिश्रा (84) ने रिहाई का अनुरोध करते हुए कहा कि वह बिना किसी पैरोल या छूट के कारावास में है और जेल में रहने के दौरान उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल मामला दर्ज नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने रिहाई की याचिका रद कर दी। हालांकि पीठ 2008 के फैसले की समीक्षा के लिए अलग याचिका पर सुनवाई को सहमत है, जिसमें निर्देश दिया गया था कि उसे उसके शेष जीवन तक जेल से रिहा नहीं किया जाएगा।

## आप ने की चौथी सूची में 21 नामों की घोषणा

**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आप ने 21 उम्मीदवारों की सूची बुधवार को जारी की, जिसमें जुलाना से कविता दलाल को कांग्रेस की विनेश फोगट और भाजपा के योगेश बैरागी के खिलाफ मैदान में उतारा गया है। पार्टी द्वारा जारी उम्मीदवारों की यह चौथी सूची है। आप ने अंबाला छावनी सीट से राज कौर गिल को मैदान में उतारा है, जबकि करनाल से सुनील बिंदल मैदान में हैं। निशांत आनंद गुरुग्राम से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ बातचीत विफल होने के बाद आप ने 20 उम्मीदवारों की पहली सूची सोमवार को जारी कर दी।

# एनएमसी से निष्पक्ष काम करने की अपेक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाईकोर्ट को चुनौती देने वाली याचिकाएं रद कर याचिकाकर्ताओं पर 10 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) सरकार का एक अंग है और उससे निष्पक्ष तथा तर्कसंगत तरीके से काम करने की अपेक्षा की जाती है। साथ ही, शीर्ष अदालत ने केरल हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाएं रद कर दी और याचिकाकर्ताओं पर 10 लाख का जुर्माना भी लगाया।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ मेडिकल कॉलेज को शिक्षण वर्ष 2023-24 के लिए सीट की संख्या 150 से बढ़ाकर 250 करने की दी गई मंजूरी वापस लेने संबंधी मामले में एनएमसी और अन्य की याचिकाओं पर विचार कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि किसी पक्ष को मंजूरी के लिए एक अदालत से दूसरी अदालत का चक्कर लगवाना, खासतौर पर जब संस्थान 18 वर्षों से संचालित है, केवल उस संस्थान को परेशान करने का प्रयास है। पीठ ने नौ सितंबर को पारित आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया लगता है कि एनएमसी का रवैया आदर्श याचिकाकर्ता का नहीं है। एनएमसी सरकार का अंग है और उससे निष्पक्ष कार्य करने की अपेक्षा की जाती है। पीठ ने कहा कि विशेष अनुमति याचिकाएं कानून का दुरुपयोग हैं और इसलिए इन्हें रद किया जाता है तथा 10 लाख का जुर्माना भी लगाया जाता है, जिसका भुगतान चार सप्ताह में किया जाना चाहिए।

# मणिपुर में छात्रों और पुलिस में झड़प के बाद स्थिति तनावपूर्ण

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में एक दिन पहले राजभवन की ओर कूच करने का प्रयास कर रहे छात्रों और सुरक्षाबलों में झड़प होने के बाद बुधवार को स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में रही। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कर्फ्यू आज सुबह भी जारी रहा, जबकि अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिसकर्मी इंफाल में गश्त कर रहे हैं।

### प्रदर्शन के बाद विवि की परीक्षाएं स्थगित

**इंफाल।** छात्रों की सुरक्षा बलों से झड़प के एक दिन बाद राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य बुधवार को गुवाहाटी रवाना हो गए। मणिपुर विश्वविद्यालय ने भी अगले आदेश तक सभी स्नातकोत्तर (पीजी) और स्नातक स्तर (यूजी) की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे असम के राज्यपाल आचार्य सुबह 10 बजे गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए।

## मंत्रियों के फोन टैप के आरोपों पर मांगी रिपोर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वाम मोर्चे के विधायक पीवी अनवर के उन आरोपों के संबंध में मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन से रिपोर्ट मांगी है कि पुलिस ने मंत्रियों के फोन टैप कराए थे और कुछ पुलिस अधिकारी अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। सूत्र ने खुलासा किया कि राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सरकार की कार्रवाई पर जानकारी मांगी है। राजभवन पुलिस द्वारा मंत्रियों के फोन टैप कराने पर उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशों का उल्लंघन मानता है।

# बातचीत को फिर बुलाए गए डॉक्टर

कोलकाता, एजेंसी

प. बंगाल सरकार ने महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी की घटना से उत्पन्न गतिरोध पर बातचीत के लिए बुधवार को फिर कनिष्ठ चिकित्सकों को आमंत्रित किया। सरकार ने उन्हें राज्य सचिवालय नबान्न में होने वाली बैठक में शामिल होने को कहा है। चिकित्सकों ने जवाबी पत्र भेजकर मांग की कि बैठक के दौरान मुख्यमंत्री मौजूद रहें और बैठक में 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को शामिल होने की अनुमति दी जाए। इससे पहले दिन में तीन बजकर 49 मिनट पर चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को ई-मेल भेजकर गतिरोध पर चर्चा के लिए समय मांगा था। जिसके जवाब में सरकार ने उन्हें बातचीत के लिए आमंत्रित करते हुए 12-15 प्रतिनिधियों के इसमें शामिल होने को कहा गया था।

### कोर्ट की अवज्ञा पर तृणमूल नेता ने डॉक्टरों राष्ट्र-विरोधी कहा

**कोलकाता।** टीएमसी नेता ने मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की अवहेलना करने पर कनिष्ठ चिकित्सकों की निंदा की और उन्हें राष्ट्र-विरोधी करार दिया। उत्तर 24 परगना के बदुरिया के तृणमूल कांग्रेस नेता चंदन मुखोपाध्याय को पार्टी कार्यक्रम की कथित वीडियो में यह टिप्पणियां करते हुए सुना गया है। इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की जा सकती है।

## महिला आरोपी को अदालत ने जमानत देने से किया इनकार

### संसद सुरक्षा का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा के उल्लंघन में गिरफ्तार एकमात्र महिला आरोपी नीलम आजाद को जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने कहा कि यह मानने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि आजाद के खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सत्य हैं। इसलिए, इस अदालत को नहीं लगता कि यह नीलम को नियमित जमानत देने का उपयुक्त मामला है और मौजूदा जमानत याचिका रद की जाती है। न्यायाधीश ने कहा कि आजाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, ललित झा और महेश कुमावत को आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा संसद को निशाना बनाने की धमकी के बारे में पहले से जानकारी थी।



# रोहित, कोहली और पंत होंगे बड़े खिलाड़ी : लियोन

मुंबई, एजेंसी



• भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से शुरू होगी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला

अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन का कहना है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला में रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत का प्रदर्शन देखने लायक होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया में शुरू हो रही है जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है।

लियोन ने यह भी चेतावनी दी है कि मेहमान टीम के पास इन बड़े खिलाड़ियों के अलावा एक शानदार लाइन-अप है जिससे मेजबान टीम के लिए चीजें काफी चुनौतीपूर्ण होंगी। उन्होंने कहा रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत शायद तीन बहुत बड़े खिलाड़ी होंगे। लेकिन फिर भी आपके पास यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रविंद्र जडेजा हैं। मुझे नहीं पता कि और अन्य पांच खिलाड़ी कौन होंगे, हालांकि लियोन को भरोसा है कि अगर ऑस्ट्रेलियाई टीम लंबे समय तक गेंदबाजी इकाई के रूप में प्रदर्शन करती है तो यह उनके लिए फायदेमंद होगा, लेकिन उनके पास एक बेहतरीन लाइन-अप है इसलिए यह एक बड़ी चुनौती होगी। जैसा कि मैंने कहा कि अगर हम एक गेंदबाजी ग्रुप के तौर पर लंबे समय तक अच्छे रहे तो उम्मीद है कि हम उनके डिफेंस को चुनौती दे सकते हैं।

2014-15 में घरेलू मैदान पर अपनी आखिरी श्रृंखला में जीत के बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रृंखला जीतने में विफल रही है। तब से भारतीयों ने लगातार चार मौकों पर श्रृंखला जीती है जिसमें से दो बार उन्होंने घरेलू मैदान और दो बार प्रतिद्वंद्वी के मैदान पर जीत दर्ज की है जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली एकमात्र एशियाई टीम भी बन गई और टीम ने कई मौकों पर खिताब जीता। कुल मिलाकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की बात करें तो भारत सबसे सफल टीम है जो 10 बार इसे जीत चुकी है और उसने एक बार खिताब भी बरकरार रखा है।



# भारत में एसजी गेंद का सामना करना मुश्किल होगा : लिटन

ढाका। लिटन दास पाकिस्तान में हुई टेस्ट श्रृंखला में मिली ऐतिहासिक 2-0 की जीत के दौरान बांग्लादेश के स्टार खिलाड़ी रहे और उनका मानना है कि भारत में लाल रंग की एसजी टेस्ट गेंद का सामना करना टीम के लिए पूरी तरह से अलग होगा जो काफी मुश्किल परीक्षा होगी।

लिटन ने दो टेस्ट में 56 और 138 रन की पारी खेली। वह 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के दौरान कप्तान नजमुल हुसैन शांतो, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन और युवा शादमान इस्लाम के साथ एक बार फिर बांग्लादेश के बल्लेबाजी लाइन के अहम खिलाड़ी होंगे। पाकिस्तान में टेस्ट मैच कूकाबुरा गेंद से खेले गए थे जो श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका द्वारा घरेलू मैदानों पर इस्तेमाल की जाती है। लिटन ने कहा भारत में गेंद अलग होगी। एसजी गेंद के खिलाफ खेलना थोड़ा मुश्किल होता है। हम टेस्ट में सुधार कर रहे हैं, इसलिए हमें इस प्रारूप में थोड़ा और निरंतर होना चाहिए।

## खेल डायरी

### अमेरिका, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, कनाडा और बेल्जियम ने डेविस कप फाइनल्स में पहले दौर के मुकाबले जीते

**वालेंशिया (स्पेन)।** जर्मनी ने दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बिना भी स्लोवाकिया को 3-0 से हराया जबकि 2023 के उपविजेता आस्ट्रेलिया ने फ्रांस को डेविस कप फाइनल्स के पहले मुकाबले में मात दी। चारों ग्रुप के मुकाबले चार अलग अलग शहरों में शुरू हुए। अंतिम आठ चरण के मुकाबले नवंबर में स्पेन के मालागा में खेले जाएंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वालीफाई करेंगी। ग्रुप सी में जर्मनी ने स्लोवाकिया को हराया। चीन के जुहाइ में इस ग्रुप के एक अन्य मैच में 32 बार के विजेता अमेरिका ने चिली को 2-0 से हरा दिया। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप बी में फ्रांस को 2-1 से मात दी। ग्रुप डी में कनाडा ने अर्जेंटीना को 2-1 से हराया जबकि ग्रुप ए में बेल्जियम ने नीदरलैंड को इसी अंतर से मात दी।

### युनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी टीमों ने प्रमुख खिलाड़ियों को किया रिटेन, कई भारतीय भी

**फ्लोरिडा।** युनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) के तीसरे सत्र के शुरू होने से पहले टीमों ने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन कर लिया है। नवंबर में फ्लोरिडा के ब्रावर्ड काउंटी स्टेडियम में खेली जाने वाली लीग से पहले पांचों फ्रेंचाइजी एनजे टाइटंस, न्यूयार्क काउबायज, मैरीलैंड मैवरिक्स, कैरोलिना ईगल्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स ने अपनी कोर टीम को बनाए रखने के लिए रणनीतिक फैसले लिए हैं। एनजे टाइटंस ने आलराउंडर हरमीत सिंह, विस्फोटक बल्लेबाज एंड्रीस गौस और अमेरिका के पूर्व कप्तान सौरभ नेत्रावल्कर समेत छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। आक्रामक खेल के लिए प्रसिद्ध न्यूयार्क काउबायज ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जलाध दुआ, मुख्तार अहमद और तजिंदर सिंह ढिल्लों शामिल हैं। वहीं, मैरीलैंड मैवरिक्स ने अनुभवी आलराउंडर ड्वेन स्मिथ, अमेरिकी खिलाड़ी नास्थुश केनजिगे, उभरते सितारे साईतेजा मुक्कामल्ला और नील ब्रूम को रिटेन किया है।

### आईसीसी के अलार्डिस ने कहा- भारत में वनडे विश्व कप कराने से 1.39 अरब डॉलर का हुआ आर्थिक लाभ

**दुबई।** आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2023 में हुए एकदिवसीय विश्व कप से 1.39 अरब डॉलर का आर्थिक प्रभाव पैदा हुआ जिसमें सबसे अधिक लाभ पर्यटन क्षेत्र को हुआ। नीलसन द्वारा आईसीसी के लिए किए गए आर्थिक प्रभाव आकलन में दावा किया गया है कि पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में आयोजित यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अब तक का सबसे बड़ा एकदिवसीय विश्व कप था। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ अलार्डिस ने कहा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने क्रिकेट की महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन किया है जिससे भारत को 1.39 अरब डॉलर (11,637 करोड़ रुपये) का आर्थिक लाभ हुआ है। आईसीसी के बयान में कहा गया है, मेजबान शहरों में पर्यटन क्षेत्र में 86 करोड़ 14 लाख डॉलर का राजस्व सृजन हुआ जिसमें आवास, यात्रा, परिवहन और खाद्य एवं पेय पदार्थ शामिल हैं मैचों के लिए बड़ी संख्या में घरेलू और विदेशी पर्यटक पहुंचे।

### दक्षिण अमेरिका विश्व कप क्वालीफायर में कोलंबिया ने अर्जेंटीना को 2-1 से हराया, खली मेस्सी की कमी

**बोगोटा (कोलंबिया)।** जेम्स रौड्रिगेज के पेनल्टी पर किये गए गोल की मदद से कोलंबिया ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर मुकाबले में अर्जेंटीना को 2-1 से हराया। अर्जेंटीना को लियोनेल मेस्सी की कमी खली जो चोट के कारण कोपा अमेरिका फाइनल के बाद से नहीं खेल रहे हैं। कोलंबिया के लिए येरसोन मोस्केरा ने 25वें मिनट में पहला गोल किया लेकिन निको गोंजालेस ने 48वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। रौड्रिगेज ने 60वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके कोलंबिया को जीत दिलाई। विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना ने जुलाई में कोलंबिया को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका खिताब जीता था। अन्य मुकाबलों में बोलिविया ने चिली को 2-1 से हराया जबकि इक्वाडोर ने पेरू को एक गोल से मात दी। वेनेजुएला और उरूग्वे का मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर से शीर्ष छह टीमें 2026 विश्व कप में सीधे जगह बनाएंगी।

# भारत ने लगाई जीत की हैट्रिक

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : राजकुमार की हैट्रिक से मलेशिया को 8-1 से दी शिकस्त

• सेमीफाइनल में पहुंची टीम, आज कोरिया से होगा सामना
• 14 को पाकिस्तान से होगा भिड़ेंगे भारतीय धुरंधर

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी



मलेशिया के खिलाफ गोल दागने के बाद जश्न मनाते भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

युवा स्ट्राइकर राजकुमार पाल की हैट्रिक के दम पर गत विजेता भारत ने मलेशिया को 8-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत के साथ बुधवार को यहां हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। राजकुमार (तीसरा, 25वां और 33वां मिनट) के अलावा अराइजीत सिंह हुंडल (छठा और 39वां मिनट), जुगराज सिंह (सातवां मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (22वां मिनट) और उत्तम सिंह (40वां मिनट) ने गोल दागे। मलेशिया के लिये अखिमुल्लाह अनवर (34वां मिनट) ने एकमात्र गोल किया। भारत तीन मैच जीतकर नौ अंक के साथ शीर्ष पर है।

छह टीमों का टूर्नामेंट राउंड रॉबिन आधार पर खेला जा रहा है जिसमें शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। भारत ने इससे पहले मेजबान चीन को 3-0 से और जापान को 5-1 से हराया था। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का सामना गुरुवार को कोरिया से और शनिवार को पाकिस्तान से होगा। भारत और मलेशिया के बीच 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम हाफटाइम तक 1-3 से पीछे थी जिसके बाद वापसी करके 4-3 से जीत दर्ज करके खिताब जीता। भारतीय स्ट्राइकरों ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पांच फील्ड गोल किए जबकि जुगराज, हरमनप्रीत और उत्तम ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। भारत ने आक्रामक शुरूआत करके पहले ही क्वार्टर में लगातार हमले बोले।

राजकुमार ने तीसरे ही मिनट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अकेले दम पर गेंद को गोल के भीतर डाला। तीन मिनट बाद अराइजीत ने भारत की बढ़त दुगुनी कर दी। एक मिनट बाद जुगराज ने पेनल्टी कॉर्नर भुनाकर भारत को पहले ही क्वार्टर में 3-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में मलेशिया ने आक्रामक शुरूआत की और पेनल्टी कॉर्नर भी बनाया लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को 22वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से एक पर हरमनप्रीत ने गोल किया। कुछ मिनट बाद राजकुमार ने अराइजीत और उत्तम के शानदार मूव पर अपना दूसरा गोल किया। दूसरे हाफ के तीसरे ही मिनट में राजकुमार ने सीनियर स्तर पर अपनी पहली हैट्रिक पूरी करते हुए विवेक सागर प्रसाद के पास पर तीसरा गोल किया। मलेशिया के लिए इस बीच अनवर ने एक गोल दागा। भारत के लिए अराइजीत ने नीलाकांता के पास पर गोल किया जबकि उत्तम ने पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड के जरिए गोल दागा। इससे पहले एक अन्य मैच में पाकिस्तान ने जापान को 2-1 से हराया।

# शुक्रिया श्रीजेश : प्रधानमंत्री ने लिखा श्रीजेश को पत्र

**नई दिल्ली।** हॉकी को अलविदा कह चुके महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला पत्र सोशल मीडिया पर साझा किया है जिसमें प्रधानमंत्री ने खेल में उनके योगदान की सराहना करते हुए विश्वास जताया है कि वह नये राष्ट्रीय जूनियर कोच के रूप में भी उतने ही प्रभावी होंगे।



तोक्यो ओलंपिक के बाद पेरिस में कांस्य जीतने के बाद श्रीजेश ने हॉकी से विदा ली। भारतीय हॉकी की दीवार कहे जाने वाले श्रीजेश एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत भी जीत चुके हैं। हॉकी इंडिया ने उन्हें जूनियर टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में लिखा मुझे विश्वास है कि नई भूमिका में भी आपका काम उतना ही प्रभावी और प्रेरणास्पद होगा। उन्होंने 16 अगस्त को लिखे पत्र में कहा आपने खेल से विदा लेने का फैसला किया है और मैं भारतीय हॉकी में आपके अपार योगदान की ह्रदय से सराहना करता हूं। श्रीजेश ने प्रधानमंत्री मोदी का पत्र साझा करते हुए एक्स पर लिखा मेरे संन्यास पर नरेंद्र मोदी सर का पत्र मिला। हॉकी मेरा जीवन है और मैं खेल की सेवा करता रहूंगा। भारत को हॉकी की महाशक्ति बनाने के लिए काम करता रहूंगा जिसकी शुरूआत 2020 और 2024 ओलंपिक पदकों से हो गई है । मुझ पर विश्वास जताने के लिये धन्यवाद प्रधानमंत्री सर।

# तीसरे दिन बारिश ने धोया टेस्ट

• गीली आउटफील्ड के चलते अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड के बीच मुश्किल ही होगा ये टेस्ट मैच

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी



ग्रेटर नोएडा के मैदान पर लगातार तीसरे दिन बिछे रहे कवर। ● एजेंसी

अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र क्रिकेट टेस्ट पर बारिश की गाज लगातार गिर रही है और तीसरे दिन का खेल भी बुधवार को भारी बारिश के कारण रद होने से मैच के पूरी तरह धुलने के आसार है। पहले दो दिन भी गीली आउटफील्ड के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी । मौसम को देखते हुए मैच अधिकारियों ने बुधवार का खेल रद्द करने में देर नहीं लगाई। अभी तक मैच का टॉस भी नहीं हो सकता है।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच तीसरे दिन का खेल भारी बारिश के कारण रद हो गया है। आसमान साफ होने पर मैच कल होगा और 98 ओवर फेंके जाएंगे। बीसीसीआई मैच को शुरू कराने के लिये हर संभव मदद कर रहा है। मंगलवार की शाम अरूण जेटली स्टेडियम से अतिरिक्त कवर मंगवाये गए लेकिन जिन जगहों को ढका नहीं जा सका, वहां पानी जमा हो गया। न्यूजीलैंड टीम ने मंगलवार को अभ्यास किया लेकिन बुधवार को टीमें मैदान पर नहीं आई। अफगानिस्तान टीम के कोच जोनाथन ट्रॉट को छोड़कर कोई खिलाड़ी नहीं आया।

अगले दो दिन और बारिश की आशंका है और लगता नहीं कि मैच आगे हो सकेगा। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अभी तक सात ही मैच ऐसे हुए हैं जो एक भी गेंद फेंके बिना रद किये गए हों। अफगानिस्तान इस मैच की मेजबान है जिसे शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिलता।

### 18 वर्ष से कम उम्र वाले मुफ्त में लेंगे टी-20 विश्व कप का मजा

**दुबई।** तीन अक्टूबर से शुरु होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप लिए आईसीसी ने किफायती मूल्य वाले टिकटों की घोषणा की। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने तीन से 20 अक्टूबर तक चलने वाले टूर्नामेंट में पांच दिरहम से शुरु होने वाले टिकटों और 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) बोर्ड के सदस्य जैद अब्बास के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम आयोजन की विरासत पर ईसीबी और दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के साथ भी काम करेंगे। हम 500 से अधिक लड़कियों को खेल में शामिल होने और क्रिकेट का पहला मजेदार अनुभव देने का मौका देने के लिए क्रियो फेस्टिवल आयोजित करेंगे।

# महिला टी-20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की संभावनाएं प्रबल

वेलिंगटन, एजेंसी

• न्यूजीलैंड के सहायक कोच मैकमिलन ने कहा- बेट्स और डिवाइन के लिए सुनहरा मौका

न्यूजीलैंड के सहायक कोच क्रेग मैकमिलन का मानना है कि अगले महीने यूएई में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में उनकी टीम की संभावनाएं प्रबल हैं। न्यूजीलैंड ने टी-20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। टीम में युवा जोश और अनुभव का संगम है।

बेट्स और डिवाइन न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में कितना अच्छा प्रदर्शन करते हैं, यह कीवी टीम की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह जोड़ी टूर्नामेंट की शुरुआत से ही टूर्नामेंट के हर संस्करण में शामिल रही है। यह जोड़ी दो बार न्यूजीलैंड (2009,2010) के साथ प्रतियोगिता में उपविजेता रही और अन्य दो मौकों (2012,2016) में सेमीफाइनल तक पहुंची। मैकमिलन ने कहा जब वे (डिवाइन और बेट्स) रिटायर हो जाएंगे, तो वे न्यूजीलैंड के लिए खेलने वाले दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बन जाएंगे। मुझे हमारे पास मौजूद अनुभवी खिलाड़ियों से सीखने वाले युवाओं के साथ संतुलन पसंद है, लेकिन हमें जो चाहिए वह है कि हर कोई अपनी क्षमता के अनुसार अपना काम करे और अगर ऐसा होता है, तो आप कभी नहीं जान सकते कि विश्व कप के समय क्या हो सकता है।

## बॉलीवुड हलचल



# सिद्धांत की फिल्म युध्रा का एक्शन-पैक्ड ट्रेलर लॉन्च

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म युध्रा का एक्शन-पैक्ड ट्रेलर 2 लॉन्च किया। एक्सेल एंटरटेनमेंट अपनी अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म युध्रा के साथ एक अनोखा एक्शन अनुभव लेकर आ रहा है। हाई-एनर्जी वाले ट्रेलर और कैची गानों के बाद, सिद्धांत चतुर्वेदी और राघव जुयाल की फिल्म युध्रा का एक्शन-पैक्ड ट्रेलर 2 लॉन्च कर दिया है। सिद्धांत ने मुंबई के गेयटी गैलेक्सी में हजारों फैंस और मीडिया के सामने एक्शन से भरपूर ट्रेलर 2 को लॉन्च किया है। यह एक जोशीला और रोमांचक पल था, जिसमें सिद्धांत चतुर्वेदी की मौजूदगी ने फैंस को दीवाना बना दिया। एक्शन और एक्साइटमेंट से भरपूर, युध्रा का ट्रेलर 2 सिद्धांत चतुर्वेदी द्वारा निभाए गए निडर और तेज युध्रा और राघव जुयाल द्वारा निभाए गए खतरनाक विलेन शफीक के बीच एक खतरनाक लड़ाई दिखाता है। एक बड़े शो डाउन और दमदार डायलॉग्स के साथ, ट्रेलर यह साफ करता है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिद्धवानी और फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस, युध्रा 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इसमें गजराज राव, राम कपूर, राज अर्जुन और राघव जुयाल जैसे टैलेंटेड सपोर्टिंग कास्ट हैं।

# संजय दत्त ने किया एलान, मीना कुमारी और कमाल अमरोही के जीवन पर बनेगी फिल्म

मुंबई। बॉलीवुड की ट्रेजडी क्वीन मीना कुमारी और उनके पति फिल्मकार कमाल अमरोही के जीवन पर फिल्म बनाई जाएगी। मीना कुमारी और कमाल अमरोही के जीवन पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका निर्माण कमाल अमरोही के पोते बिलाल अमरोही कर रहे हैं। संजय दत्त ने कमाल और मीना नाम की इस अपकमिंग फिल्म का एलान किया है। कमाल और मीना फिल्म के मोशन वीडियो को संजय दत्त ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। वीडियो में मीना कुमारी और कमाल अमरोही की प्रेम कहानी से संबंधित किस्सों को दिखाया जा रहा है। बैकग्राउंड में फिल्म पाकीजा का चलते-चलते सॉन्ग भी सुनाई देगा। अंत में कमाल और मीना टाइटल सामने आता है। इसके कैप्शन में संजय ने लिखा है- डियर साची और बिलाल, नए वेंचर के लिए आपको शुभकामनाएं। ये सफल हो, संजय मामू का प्यार आप पर हमेशा रहेगा। ये फिल्म जरूर देखें।



# देवरा में जान्हवी ने सर्वश्रेष्ठ काम किया : करण

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर का कहना है कि फिल्म देवरा में जान्हवी कपूर ने अपना सर्वश्रेष्ठ काम किया है। करण जौहर, ने फिल्म देवरा के नार्थ इंडिया के वितरण के अधिकार हासिल किए हैं। करण जौहर ने हाल ही में देवरा ट्रेलर लॉन्च में जूनियर एनटीआर, जान्हवी कपूर और सैफ अली खान की उनके अभिनय की प्रशंसा की। फिल्म देवरा में जान्हवी कपूर के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, करण जौहर ने कहा और मैं अपनी बेटी (जान्हवी) के बारे में क्या कहूँ जो सचमुच सोने में चमक रही है, हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही है। मुझे अभी भी वह पल याद है जब तारक और मैंने जान्हवी को देवरा में कास्ट करने के बारे में बात की थी और मेरे लिए, जब उसने वास्तव में प्रदर्शन करना शुरू किया तो मैं एक गौरवान्वित पिता की तरह महसूस कर रहा था। और तारक के साथ कदम मिलाना कोई आसान काम नहीं है, उसने वास्तव में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। करण जौहर ने जूनियर एनटीआर के साथ अपनी दोस्ती, सैफ अली खान के प्रति अपनी प्रशंसा और जान्हवी कपूर के प्रदर्शन पर अपने गर्व को उजागर किया। करण जौहर ने रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अभिनीत ब्रह्मास्त्र की सफलता का श्रेय जूनियर एनटीआर को दिया। जब ब्रह्मास्त्र को दक्षिण में रिलीज मिल रही थी। फिल्म आरआरआर के निर्देशक एसएस राजामौली के प्रचार में मदद की थी।मुझे याद है जब उन्होंने हैदराबाद में सभी के सामने ब्रह्मास्त्र प्रस्तुत किया था। यह हमारे लिए एक बड़ा क्षण था, इतने बड़े मेगास्टार ने एक और फिल्म के बारे में बात करने के लिए अपनी सीमा से बाहर जाकर काम किया। इससे दक्षिण भारत में फिल्म के व्यवसाय में मदद मिली, और उन्होंने वास्तव में ब्रह्मास्त्र के बॉक्स ऑफिस पर प्रभाव डाला।



### देवरा पार्ट 1 से तेलगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं सैफ अली खान

मुंबई। बॉलीवुड के छोटे नवाब सैफ अली खान फिल्म देवरा पार्ट 1 से तेलगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। देवरा पार्ट 1 से सैफ अली खान तेलगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। देवरा- पार्ट 1 में सैफ अली खान एक खूंखार विलेन की भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म में वह जूनियर एनटीआर से टक्कर लेते दिखाई देंगे। इस फिल्म में सैफ भैरा के नेगेटिव किरदार में नजर आएंगे। सैफ अली खान ने बताया, ईमानदारी से कहूं तो, जैसा कि मैंने कहा, मैं बहुत एक्साइटेड था कि मुझे साउथ में इतने बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिला है।साउथ इंडस्ट्री ने हमें कई फिल्में दी हैं और मुझे लगता है कि फ्यूचर में और भी ब्लॉकबस्टर फिल्में हमें मिलेंगी। निर्देशक कोराताला शिवा ने ओमकारा जैसी फिल्मों में उनके पिछली परफॉर्मेंस के आधार पर मुझे यह भूमिका ऑफर की। ओमकारा के लिए मैं विशाल जी का शुक्रगुजार हूँ। देवरा के लिए मैं बहुत रोमांचित था, यह बहुत बड़ी फिल्म है। भैरा एक एंटी-हीरो, एक सीधा-सादा विलेन है। इसे निभाना वाकई बहुत बढ़िया था। भैरा के किरदार में आपको यंग वर्जन, ओल्ड वर्जन देखने को मिलेंगे। जूनियर एनटीआर एक बेहतरीन कलाकार, बहुत मिलनसार इंसान हैं। पहले दिन हमने खूब हंसी-मजाक किया और जब मैं शॉट का इंतजार कर रहा था, तब वह मेरी वैन में आए और उन्होंने मुझे बहुत अच्छा महसूस कराया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान पहुंचे बगदाद

**बगदाद।** ईरान के सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने बुधवार को राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली विदेश यात्रा शुरू की और उन्हें उम्मीद है कि इससे तेहरान के बगदाद के साथ संबंधों को मजबूती मिलेगी क्योंकि क्षेत्रीय तनाव दोनों देशों को पश्चिम एशिया में बढ़ती अशांति की ओर धकेल रहा है। ईरान के लिए इराक के साथ उसके संबंध आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक कारणों से महत्वपूर्ण बने हुए हैं। यह बात विशेष रूप से तब से सच हो गई है जब 2003 में अमेरिका के नेतृत्व में इराक पर हमला हुआ, जिसके बाद तानाशाह सद्दाम हुसैन को सत्ता से हटा दिया गया। सद्दाम ने 1980 के दशक में ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था जो वर्षों तक चला।

### न्यूजीलैंड ने दी मंकी पॉक्स वैक्सीन को मंजूरी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की सरकार ने मंकी पॉक्स के दो नए पुष्ट मामलों पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए इसके वैक्सीन के उपयोग को मंजूरी प्रदान कर दी है। न्यूजीलैंड के चिकित्सा सुरक्षा प्राधिकरण 'मेडसेफ' ने मंकी पॉक्स वैक्सीन जिनियोस को अनंतिम मंजूरी प्रदान की है। स्वास्थ्य मंत्री शेन रेती ने बुधवार को बताया कि औषधि अधिनियम में एक विशिष्ट प्रावधान के अंतर्गत, सबसे ज्यादा जोखिम वाले लोगों में मंकी पॉक्स को रोकने के लिए 2023 से न्यूजीलैंड में जिनियोस का उपयोग किया जा रहा है। शोधकर्ताओं ने बताया कि न्यूजीलैंड ने मंकी पॉक्स के दो नए मामलों की पुष्टि हुई है, जिनके अगस्त में क्वीन्सटाउन विंटर प्राइड कार्यक्रम से जुड़े होने का अनुमान है।

### एशिया दौरे के तहत सिंगापुर पहुंचे पोप फ्रांसिस

**सिंगापुर।** रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस अपने एशिया दौरे के आखिरी चरण में बुधवार को सिंगापुर पहुंचे। 87-वर्षीय पोप तिमोर-लेस्ते के दिली हवाई अड्डे से स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 11 :20 बजे 'चार्टर्ड' विमान से रवाना हुए और अपराह्न 2 :50 बजे यहां पहुंचे। पोप फ्रांसिस का एशिया दौरा दो सितंबर से शुरू हुआ। वह पापुआ न्यू गिनी और इंडोनेशिया भी गए और यह उनकी अब तक की सबसे लंबी यात्रा है। सिंगापुर में 1986 के बाद से यहां किसी पोप की यह पहली यात्रा है, उस समय दिवंगत पोप जॉन पॉल द्वितीय ने यहां पांच घंटे का प्रवास किया था।

### नेतन्याहू की गिरफ्तारी वारंट जारी करने की मांग

**तेहरान।** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के एक अभियोक्ता करीम खान ने प्री-ट्रायल चैंबर से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया है। अभियोक्ता ने दलील दी कि गिरफ्तारी वारंट यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि वे जांच या अदालती कार्यवाही में बाधा न डालें या कथित अपराधों और/या अन्य इटली से संविधि अपराधों को जारी रखने से न रोकें। करीम खान ने सोमवार को आईसीसी अपील की। करीम ने मई में कहा था कि अदालत से युद्ध अपराध करने के आरोप में नेतन्याहू और गैलेंट के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की मांग की जा रही है।

### इजराइली हमले में पांच फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्लाह।** वेस्ट बैंक के शहर टुबास में इजराइली हवाई हमले में पांच फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी चिकित्सा और सुरक्षा सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इजराइली सैन्य बलों ने वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए बड़े पैमाने पर छापे मारे, जिन पर सशस्त्र फिलिस्तीनी गुटों के सदस्य होने का आरोप है। हमले में पांच फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। टुबास के गवर्नर अहमद अल-असद ने कहा कि इजराइली सेना ने टुबास और पड़ोसी शहर तमून में बड़ी संख्या में सैनिकों को भेजकर फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई जारी रहने की चेतावनी दी है।

### भारतीय मूल की लेखिका ने जीता साहित्य पुरस्कार

**सिंगापुर।** सिंगापुर की 'नानयांग टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी' में भारतीय मूल की एक व्याख्याता ने अंग्रेजी भाषा में लिखी अपनी लघुकथा 'नाइन यार्ड साड़ीज' के लिए सिंगापुर साहित्य पुरस्कार जीता है। प्रशांति राम (32) की यह पहली रचना 2023 के अंत में प्रकाशित हुई थी। कहानी का ताना बाना सिंगापुर, सिडनी, न्यूयॉर्क और कनेक्टिकट में फैले तमिल ब्राह्मण परिवार की पीढ़ियों के इर्द गिर्द बुना गया है। प्रशांति ने अपनी रचना को पुरस्कृत किए जाने पर कहा कि मुझे बिल्कुल यकीन नहीं हो रहा है। मैं बहुत आभारी हूं कि निर्णय लेने वालों ने 'नाइन यार्ड साड़ीज' में खूबियां देखी खासकर तब जब मैंने ये किताब अपने दिवंगत पिता की देखभाल करते हुए लिखी थी।

# मलाइका के पिता अनिल अरोड़ा ने की आत्महत्या

**मुंबई, एजेंसी**



- बांद्रा इलाके में एक इमारत की छठी मंजिल से कूदकर दी जान
- मलाइका व बहन अमृता अरोड़ा ने इस संबंध में जवाब नहीं दिया

अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा ने बुधवार सुबह मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित एक इमारत की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना पूर्वाह्न करीब नौ बजे की है। अधिकारी ने बताया कि बांद्रा पुलिस की एक टीम ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के पीछे की वजह अभी पता नहीं चली है। अधिकारी के अनुसार उन्होंने प्रक्रिया के तहत उस इमारत के परिसर की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जहां अनिल अरोड़ा का शव मिला था।

पुलिस ने वारदात की जानकारी जुटाने के लिए इमारत के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। अस्पताल में अरोड़ा का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। इस बीच एक सूत्र ने कहा कि यह सच है कि मलाइका के पिता की आज सुबह मृत्यु हो गई, उन्होंने आत्महत्या नहीं की है, यह एक हादसा था। सब सदमे में हैं क्योंकि उन्हें कोई बीमारी नहीं थी या ऐसी कोई बात नहीं थी। मलाइका और उनकी बहन अमृता अरोड़ा ने इस घटना के संबंध में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया।

# आधार कार्ड रखें सेफ, लॉक करके रखें पर्सनल डिटेल्स




आधार कार्ड में मौजूद आपके बायोमैट्रिक डेटा का गलत इस्तेमाल हो सकता है। साइबर अपराधी आपकी आधार डिटेल्स चुरा सकते हैं। ऐसे में आपको आधार कार्ड लॉक करने के बारे में जरूर सोचना चाहिए। बहुत कम आधार कार्ड होल्डर को जानकारी है कि वे अपना आधार कार्ड लॉक कर सकते हैं जिससे कोई उनकी व्यक्तिगत जानकारी चुरा न सके। जी हां, यूआईडीएआई की ओर से आधार कार्ड को लॉक-अनलॉक करने की सुविधा दी जाती है जिसका उपयोग कर आप साइबर अपराधियों से बच सकते हैं। एक बार यदि आप अपने आधार कार्ड को डिजिटली लॉक कर लेते हैं तो आपके बायोमैट्रिक डेटा का गलत इस्तेमाल संभव नहीं हो सकेगा। आइए जानते हैं इसे करने का तरीका।

### ऑनलाइन कैसे लॉक करें आधार कार्ड

सबसे पहले यूआईडीएआई की अधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। सबसे ऊपर माई आधार ऑप्शन पर क्लिक करने की जरूरत होगी। सारे ऑप्शन में लॉक/अनलॉक बायोमेट्रिक्स ऑप्शन पर क्लिक करें। अब लॉक/अनलॉक ऑप्शन पर क्लिक करें।

सारी जानकारियों को पढ़ कर नेक्स्ट पर क्लिक करें। वर्जुअल आईडी, नाम, पिनकोड और कैप्चा एंटर कर सेंड पर क्लिक करें। आधार कार्ड पर पंजीकृत फोन नंबर पर आए हुए ओटीपी को एंटर करें। एंटर दबाते हैं स्क्रीन पर आधार कार्ड बायोमेट्रिक लॉक होने की सूचना जाएगी।

### वर्चुअल आईडी कैसे करें जनरेट

लॉक/अनलॉक आधार के लिए आधार कार्ड धारक के पास 16 डिजिट की वर्चुअल आईडी होना जरूरी है। इसी आईडी को आधार धारक 1947 पर एसएमएस भेज कर जनरेट कर सकते हैं। इसके लिए 1947 पर अपने आधार नंबर के चार आखिरी डिजिट को आरवीआईडी में फॉर्मेट में भेजें। जिसके बाद आपके फोन पर आपका वर्चुअल आईडी नंबर आ जाता है।

### क्या होती है वर्चुअल आईडी

आधार कार्ड का इस्तेमाल बहुत से कामों में होता है। लेकिन क्या आप जानते बिना आधार नंबर के भी आधार कार्ड वाला किया जा सकता है। जी हां इसके लिए आपको वर्चुअल आईडी की जरूरत होगी।आधार कार्ड में वर्चुअल आईडी एक 16 डिजिट का नंबर होता है। इस वर्चुअल आईडी को आधार नंबर की जगह ऑथेंटिकेशन और ई-केवाईसी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

### कैसे कर सकते हैं इस्तेमाल

- आधार नंबर की जगह वर्चुअल आईडी इस्तेमाल की जा सकती है।
- वर्चुअल आईडी से आधार नंबर का पता नहीं लगाया जा सकता है।
- आधार कार्ड में वर्चुअल आईडी एक 16 डिजिट का नंबर होता है।

### इनमें आएगी काम

- बैंक खाता खुलवाना
- सरकारी सेवाओं के लिए आवेदन करना
- ई-केवाईसी प्रॉसेस
- आधार पीवीसी कार्ड या ई-आधार डाउनलोड करना
- सरकार द्वारा मिल रही सब्सिडी का लाभ उठाना
- पासपोर्ट के लिए तुरंत आवेदन करना
- वर्चुअल आईडी के प्रयोग से नई बीमा पॉलिसी खरीदना

# हैरिस ने कई मुद्दों पर दी ट्रंप को चुनौती

## प्रेसिडेंशियल डिबेट में दोनों प्रत्याशियों में हुई गर्मा-गर्म बहस, रखा अपना-अपना पक्ष

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का मंगलवार को पहली बार आमना-सामना हुआ और हैरिस ने अमेरिकी विदेश नीति, अर्थव्यवस्था, सीमा सुरक्षा और गर्भपात जैसे विषयों पर ट्रंप को चुनौती दी। ट्रंप के साथ इस बहस के दौरान हैरिस पूर्व में 'प्रेसिडेंशियल डिबेट' में राष्ट्रपति जो बाइडन के निराशाजनक प्रदर्शन को ढकने का भरपूर प्रयास करती दिखीं। पूर्व राष्ट्रपति ने जब मौजूदा प्रशासन की निंदा की तो उपराष्ट्रपति हैरिस ने उनसे कहा कि आप जो बाइडन के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। आप मेरे खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। बहस की शुरुआत मंगलवार को दोनों नेताओं ने हाथ मिलाकर की, लेकिन बाद में यह तीखे आक्रामक प्रहार में बदल गई।

पेन्सिलवेनिया में 90 मिनट चली इस बहस के दौरान हैरिस (59) ने टिप्पणी की, मुझे लगता है कि आपने आज रात देश के लिए दो बिल्कुल अलग-अलग दृष्टिकोण सुने। एक जो भविष्य पर केंद्रित है और दूसरा जो अतीत पर केंद्रित है तथा हमें पीछे की ओर ले जाने वाला है, लेकिन हम पीछे नहीं जा रहे हैं।



- कमला हैरिस ने अमेरिकी विदेश नीति, अर्थव्यवस्था, गर्भपात जैसे विषय बहस के दौरान उठाए
- पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मौजूदा प्रशासन के प्रदर्शन को बताया निराशाजनक

### कार्यकाल में क्यों नहीं पूरे किए वादे: ट्रंप

ट्रंप (78) ने हैरिस से पूछा कि आखिर अभी वह जो वादें कर रही हैं उसे उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन और अपने नेतृत्व वाले प्रशासन में इन साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में क्यों नहीं किया। पूर्व राष्ट्रपति ने बहस के समापन में अपनी टिप्पणी में कहा कि सीमा विवाद सुलझाने, रोजगार पैदा करने और जिन भी चीजों पर हमने बात की, इसके लिए आपके पास साढ़े तीन साल थे। तब ऐसा क्यों नहीं किया?

### ट्रंप गर्भपात पर प्रतिबंध विधेयक लाएंगे : हैरिस

कमला हैरिस ने कहा कि अगर ट्रंप फिर से राष्ट्रपति बनते हैं तो वह राष्ट्रीय गर्भपात प्रतिबंध विधेयक पर हस्ताक्षर करेंगे। उन्होंने दावा किया कि एक राष्ट्रीय गर्भपात निगरानी तंत्र होगा, जो आपकी गर्भावस्था, आपके गर्भपात की निगरानी करेगा। ट्रंप ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि गर्भपात की नीति राज्यों द्वारा तय की जानी चाहिए। कहा कि हैरिस झूठ बोल रही हैं। मैं ऐसे विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करने वाला हूं।

### डिबेट में हैरिस का प्रदर्शन रहा बेहतर

अमेरिका के कई कमेंटेटर ने कहा कि बहस के दौरान हैरिस ने बेहतर प्रदर्शन किया। फॉक्स न्यूज ने भी कहा कि ट्रंप-हैरिस मुकाबले में वह एक स्पष्ट विजेता बनकर उभरीं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि चुनाव अभी खत्म हो गया है।

### ...मिट जाएगा इजराइल का अस्तित्व : ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप ने कमला हैरिस पर इजराइल से नफरत करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर वह राष्ट्रपति बन गईं तो यहूदी राष्ट्र का दो साल के भीतर अस्तित्व मिट जाएगा। ट्रंप ने मंगलवार को पेंसिल्वेनिया में हैरिस के साथ बहस के दौरान कहा कि अगर वह राष्ट्रपति होते तो इजराइल-हमास युद्ध कभी शुरू नहीं होता। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कांग्रेस में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भाषण देने आए थे, तब भी वह (हैरिस) उनसे नहीं मिलीं।

# भारत में पिछले 10 वर्षों में लोकतंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया गया

**वाशिंगटन, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में लोकतंत्र को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया गया, लेकिन अब लोकतंत्र फिर से पटरी पर लौट रहा है। गांधी ने मंगलवार को यहां 'नेशनल प्रेस क्लब' में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। गांधी ने कहा कि मैं आपको यह बता सकता हूं कि पिछले वर्षों में भारतीय लोकतंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया गया, अब वह फिर से पटरी पर लौटने की कोशिश कर रहा है लेकिन उसे नुकसान पहुंचाया गया था। गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में हमारी सरकार हमसे छीन ली गई। मैंने देखा है कि कैसे हमारे विधायकों को खरीद लिया गया और उन्हें फंसा दिया गया और वे अचानक भाजपा के विधायक बन गए। तो इस प्रकार भारतीय लोकतंत्र खतरे में रहा है, इसे बुरी तरह से कमजोर किया गया। मुझे भरोसा है कि यह फिर से मजबूत होगा।

उन्होंने प्रश्नात्मक लहजे में कहा कि अगर आप चुनाव के नतीजों को देखें तो क्या यह आपको भारत में लोकतंत्र के लिहाज से अधिक आशान्वित करता है?' उन्होंने कहा कि मेरा मतलब है कि उम्मीद तो है लेकिन इतना भर कहना काफी नहीं है कि भारतीय मतदाता अपने विचार बदलते रहते हैं और ज्ञानवान हैं। भारतीय मतदाता एक पूरी ढांचागत प्रक्रिया के तहत सूचना प्राप्त करता है। तो अगर हमारे पास समान अवसर नहीं हों तो मतदाता भले ही समझदार और अपना विचार बदलते रहने वाले हों, इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा।



- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पत्रकार वार्ता में की टिप्पणी

### विदेश नीति पर सरकार के साथ होने का संकेत

राहुल गांधी ने संकेत दिया कि कांग्रेस विदेश नीति से जुड़े प्रमुख मुद्दों जैसे कि अमेरिका के साथ संबंध, आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं, बांग्लादेश और इजराइल में चरमपंथी तत्वों को लेकर चिंताओं पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा के साथ है।

### राहुल-इल्हान मुलाकात पर भाजपा ने घेरा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अमेरिकी सांसद इल्हान उमर और अन्य से राहुल गांधी की मुलाकात को लेकर बुधवार को कांग्रेस नेता की आलोचना की तथा आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भारत-विरोधी रुख के लिए पहचाने जाने वाले लोगों से विदेशों में मुलाकात कर खतरनाक और शरारतपूर्ण गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में कहा कि गांधी पहले बचकानी गतिविधियों में लिप्त रहते थे, लेकिन अब वह खतरनाक और शरारतपूर्ण गतिविधियों में लिप्त हैं। कहा कि भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि एक नेता प्रतिपक्ष ने घोषित भारत-विरोधी सांसद से मुलाकात की और अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

## रामदेवरा मंदिर को बम से उड़ाने की दी गई धमकी

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर के रामदेवरा कस्बे में स्थित रामदेव मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मंगलवार रात पोखरण रेलवे स्टेशन की टिकट खिड़की पर एक व्यक्ति द्वारा पर्ची छोड़कर रामदेवरा मंदिर को वहां चढ़ाए जा रहे कपड़े के घोड़े में बम रखकर उड़ाने की धमकी दी गई है।

इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। पूरे रामदेवरा मेला को पुलिस एवं गुप्तचर एजेसियों ने अपने घेरे में लेते हुए निगरानी बढ़ा दी हैं। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि मंगलवार रात जिले के पोखरण रेलवे स्टेशन की टिकट खिड़की पर किसी ने एक पर्ची छोड़ी जिसमें रामदेवरा मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

# ज्यादातर अमीर भारतीय अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए भेजते हैं विदेश

**मुंबई, एजेंसी**

- एक अध्ययन रिपोर्ट में दी गई इस आकलन की जानकारी
- मार्च में 1,456 भारतीयों के बीच किया गया था यह सर्वेक्षण

तीन-चौथाई से अधिक अमीर भारतीयों ने अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए विदेश भेजा है या भविष्य में ऐसा करने की योजना बना रहे हैं। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है। मार्च में 1,456 भारतीयों के बीच यह सर्वेक्षण किया गया था। इन लोगों के पास 84 लाख रुपये (एक लाख डॉलर) से लेकर लगभग 17 करोड़ रुपये (20 लाख डॉलर) के बीच निवेश-योग्य अधिशेष था। अध्ययन में पाया गया कि अच्छी आर्थिक हैसियत वाले भारतीयों में अपने बच्चों को विदेशों में पढ़ाने की तीव्र इच्छा है। अध्ययन में शामिल 78 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अपने बच्चों को विदेश में शिक्षा दिलाने के इच्छुक हैं।

विदेशी ऋणदाता एचएसबीसी की तरफ से कराए गए ''वैश्विक जीवन गुणवत्ता, 2024'' सर्वेक्षण के मुताबिक, भारतीयों के लिए शीर्ष विदेशी गंतव्य अमेरिका है और उसके बाद ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर का स्थान आता है। अध्ययन में कहा गया है कि बच्चों के लिए विदेश में पढ़ाने की चाहत इतनी अधिक है कि माता-पिता उसे पूरा करने के लिए वित्तीय तनाव भी झेलने को तैयार हैं। हालांकि शिक्षा में निवेश के लिए उन्हें सेवानिवृत्ति के लिए की गई बचत की बलि भी देनी पड़ सकती है। विदेश में पढ़ाई करने की अनुमानित या वास्तविक वार्षिक लागत 62,364 डॉलर है। इसमें माता-पिता की सेवानिवृत्ति बचत का 64 प्रतिशत तक खर्च हो सकता है।

अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चों के माता-पिता विदेश में पढ़ाने के लिए अपनी सामान्य बचत में से पैसा निकालते हैं, ऋण लेते हैं और संपत्ति भी बेच देते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि विदेशी शिक्षा को अहमियत देने के पीछे प्राथमिक कारण विदेशी शिक्षा की गुणवत्ता है जबकि किसी क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करने की संभावना दूसरे स्थान पर है। सर्वेक्षण के मुताबिक, जब कोई युवा पढ़ाई के लिए विदेश जाता है तो माता-पिता की सबसे बड़ी चिंता वित्त जुटाने की होती है।

## बांग्लादेश के पूर्व पुलिस प्रमुख को हिरासत में भेजा

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने पूर्व पुलिस महानिरीक्षक एकेएम शाहिदुल हक को हाल ही में छात्र आंदोलन के दौरान व्यवसायी अब्दुल वदूद की हत्या से संबंधित एक मामले में न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ढाका के मजिस्ट्रेट अली हैदर ने जांच अधिकारी उप-निरीक्षक बैजिद बोस्तामी द्वारा सात दिन की रिमांड के बाद शाहिदुल की हिरासत का अनुरोध करने के बाद आदेश जारी किया। शाहिदुल को कानून प्रवर्तन द्वारा तीन सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। 19 जुलाई को न्यू मार्केट पुलिस स्टेशन के तहत नीलखेत इलाके में एक छात्र विरोधी प्रदर्शन के दौरान पुलिस गोलीबारी में अब्दुल वदूद की मौत हो गई।

# तमिलनाडु में निवेश बढ़ाने को फोर्ड अफसरों से वार्ता

**चेन्नई, एजेंसी**

- राज्य को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे : स्टालिन

तमिलनाडु में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका की यात्रा पर गए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को राज्य के साथ साझेदारी नवीनीकृत करने के लिए प्रमुख कार कंपनी फोर्ड के अधिकारियों के साथ बातचीत की। स्टालिन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि फोर्ड मोटर्स की टीम के साथ बहुत दिलचस्प बातचीत हुई। इसका उद्देश्य तमिलनाडु के साथ फोर्ड की तीन दशक की साझेदारी को नवीनीकृत करने की व्यवहार्यता के रास्ते तलाशना था। एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि तमिलनाडु विभिन्न आर्थिक संकेतकों में भारत में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरकर सामने आया है। इस प्रगति को बनाए रखने, बड़े पैमाने पर निवेश को आकर्षित करने, ज्यादा रोजगार उत्पन्न करने विशेषकर युवाओं और महिलाओं के लिए और उनके जीवन की गुणवत्ता को ऊपर उठाने के लिए, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तमिलनाडु सरकार 2030 तक राज्य को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है।

स्टालिन औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं। स्टालिन ने विश्व की विभिन्न अग्रणी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को तमिलनाडु में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।

# अडाणी समूह से समझौते के खिलाफ केन्या में प्रदर्शन

**नैरोबी, एजेंसी**

- प्रदर्शन के कारण विमानों का परिचालन थमा रहा
- समझौते के तहत समूह 30 वर्षों तक हवाई अड्डे का संचालन करेगा

केन्या सरकार और भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले अडाणी समूह के बीच हुए एक समझौते के विरोध में बुधवार को देश के मुख्य हवाई अड्डे पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण विमानों का परिचालन थमा रहा और सैकड़ों यात्री हवाई अड्डे पर फंसे रहे। सरकार ने कहा है कि अडाणी समूह के साथ निर्माण और संचालन समझौते के तहत जोमो केन्याटा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नवीनीकरण किया जाएगा और एक अतिरिक्त रनवे एवं टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा। समझौते के तहत समूह 30 वर्षों तक हवाई अड्डे का संचालन करेगा। 'केन्या एयरपोर्ट वर्कर्स यूनियन' ने हड़ताल की घोषणा की और आरोप लगाया कि इस समझौते से लोगों के रोजगार जाएंगे और जिनकी नौकरियां बची रहेंगी उन पर सेवा की बेहद खराब नियम एवं शर्तें लगाई जाएंगी। नैरोबी में सेवा देने वाली विमानन कंपनी 'केन्या एयरवेज' ने घोषणा की कि हवाई अड्डे पर जारी हड़ताल के कारण विमानों के परिचालन में देरी होगी और संभवतः परिचालन रद करना पड़ेगा।

पिछले सप्ताह हवाई अड्डा कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी, लेकिन सरकार के साथ वार्ता लंबित रहने के कारण उन्होंने हड़ताल वापस ले ली थी।

## गाजा में इजराइली हेलिकॉप्टर क्रैश, दो लोगों की मौत

**यरूशलेम।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा क्षेत्र में इजराइली सेना के एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो सैनिकों की मौत हो गई।

इजराइली सेना ने बुधवार को बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब इजराइली वायु सेना का ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर एक घायल सैनिक को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहा था।

घटना में सात अन्य सैनिक घायल हो गए और बाद में उन्हें चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाया गया। बयान के मुताबिक प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि दुर्घटना दुश्मन की कार्रवाई के कारण नहीं हुई। घटना के कारणों की आगे की जांच वायु सेना कमांडर तोमर बार की एक समिति द्वारा की जा रही है।

# अब शायद ही देख सकेंगे सुपरनोवा की घटना

**संवाददाता, नैनीताल**

## बेटेलज्यूज तारे के सुपरनोवा को लेकर नए शोध में खुलासा

**अमृत विचार** : लाल सुपरजायंट तारा बेटेलज्यूज को अब हम शायद सुपरनोवा की घटना होते नहीं देख सकेंगे। एक नए शोध ने इसका खुलासा किया है। बेटेलज्यूज का एक साथी तारा भी है, जो बेटेलज्यूज को प्रभावित करता है। इसके सुपरनोवा बनने को लेकर वैज्ञानिकों की बरसों से पैनी नजर इस बनी रहती है।

बेटेलज्यूज तारामंडल ओरायन चमकीला तारा है, जो हमारे करीब का भी है। जिसे आसानी से देखा जा सकता है। हाल के वर्षों में इसकी चमक धीमी होती देखी गयी है। जिस कारण वैज्ञानिकों का मानना है कि यह जल्दी समाप्त हो जाएगा और एक विस्फोट के साथ सुपरनोवा बन जाएगा। खास बात यह है कि माना जाता रहा है कि इस तारे के सुपरनोवा की घटना को हम अपनी आंखों से देख सकेंगे। यह एक दिलचस्प घटना होगी। जिसे शायद हम जीवनकाल में देख सकेंगे। यह भी माना जा रहा था कि इस घटना में होने वाले विस्फोट को हम कई हफ्ते देख सकते हैं। चंद्रमा के आकार के बराबर रोशनी आसमान में देखी जा सकती थी। मगर नए शोध ने पुराने शोधों पर पानी फेर दिया है। जिसमें बताया गया है कि बेटेलज्यूज एक तारा न होकर दो तारों का समूह है। इससे जुड़ा एक छोटा तारा है, जिसका द्रव्यमान हमारे सूर्य का 1.7 गुना हो सकता है। यह तारा 427 प्रकाश-वर्ष पृथ्वी से दूर है और हमारा नजदीकी तारा है। इसका रंग स्पष्ट रूप से लाल है और हल्की रोशनी के साथ चमकता है। नए शोध में खगोलविदों ने

बेटेलज्यूज मंद होते और चमकते 2170 रातों को अध्ययन किया। तब पता चला कि यह तारे बाइनरी सिस्टम में हैं। छोटा तारा इसकी चमक को प्रभावित करता है। जिस कारण बेटेलज्यूज कभी बेहद चमकता नजर आता है तो कभी उसकी चमक फीकी पड़ जाती है।



### इस शोध में शामिल थे तीन खगोलविद

इस शोध ने पुराने अध्ययनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह आसमान में होने वाली एक दुर्लभ घटना हो सकती थी, ब्रह्मांड के तारों के कई राज उजागर कर सकती थी। जिस कारण वैज्ञानिकों के बेटेलज्यूज आकर्षण के घेरे में था। स शोध में खगोलशास्त्री जेरेड एगोल्डबर्ग, मेरिडिथ जॉयस व लास्ज़लो मोल्नार शामिल हुए। जिन्होंने दावा किया कि बेटेलज्यूज अकेला तारा नहीं है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में इसका खुलासा किया गया है।